
जेएनयू में दो छात्र संगठनों के बीच टकराव के बाद हिंसा, कई घायल -12


सकारात्मक धारणा के बीच शेयर बाजार में आई तेजी सेंसेक्स 480अंक बढ़ा -12


प्रधानमंत्री मोदी बोले- एआई समिट में दुनिया ने देश की क्षमता को सराहा -13


खराब फॉर्म से जूझ रहे एक बल्लेबाज को बाहर कर सकती है भारतीय टीम -14

आज का मौसम

29.0° अधिकतम तापमान

13.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06.38 सूर्यास्त 06.06

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन शुक्ल पक्ष सप्तमी 07:02 उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2082

मंगलवार, 24 फरवरी 2026, वर्ष 36, अंक 20, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये

# योगी के सिंगापुर दौरे की सफल शुरुआत पहले दिन ही 19,877 करोड़ के एमओयू

## मुख्यमंत्री ने विदेशी धरती पर किया उत्तर प्रदेश में निवेश का ऐतिहासिक आगाज

- बड़े पैमाने पर रोजगार और तकनीकी क्षमता विस्तार का मार्ग प्रशस्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सिंगापुर दौरे के पहले ही दिन प्रदेश को बड़े निवेश का भरोसा मिला है। विभिन्न वैश्विक निवेश समूहों के साथ कुल 19,877 करोड़ रुपये के निवेश पर सहमति बनी। ये समझौते प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति देने, डिजिटल और हरित अवसंरचना को मजबूत करने समेत बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन की दिशा में महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं। निवेश के साथ कौशल विकास को लेकर वैश्विक सहयोग और तकनीकी शिक्षा पर खास फोकस रहा।

प्रदेश को वैश्विक निवेश मानचित्र पर और मजबूती से स्थापित करने के लक्ष्य के साथ मुख्यमंत्री योगी के सिंगापुर दौरे का पहला दिन सोमवार बेहद सफल रहा। मुख्यमंत्री ने निवेशकों को भरोसा दिलाया कि उत्तर प्रदेश सरकार पारदर्शी नीतियों, त्वरित निर्णय प्रक्रिया और निवेशक-अनुकूल माहौल के साथ दीर्घकालिक साझेदारी के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने सिंगापुर की शीर्ष संप्रभु व निजी निवेश संस्थाओं, बैंकिंग समूहों और कौशल विकास संस्थानों के साथ एक के बाद एक महत्वपूर्ण बैठकें कीं। इन बैठकों में अवसंरचना, लॉजिस्टिक्स, डेटा सेंटर, ग्रीन एनर्जी, शहरी विकास और कौशल प्रशिक्षण जैसे भविष्य उन्मुख क्षेत्रों में दीर्घकालिक साझेदारी पर गहन चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने निवेशकों के समक्ष प्रदेश की नीतिगत स्थिरता, मजबूत कानून-व्यवस्था, विश्वस्तरीय एक्सप्रेसवे नेटवर्क, डिफेंस कॉरिडोर, डेटा सेंटर नीति और तेजी से विकसित हो रहे लॉजिस्टिक्स हब को रेखांकित किया। उन्होंने दोहराया कि राज्य सरकार 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' के तहत पारदर्शी, त्वरित और निवेशक-अनुकूल वातावरण देने के लिए प्रतिबद्ध है। योगी ने यह भी बताया कि उत्तर प्रदेश आज निवेश के लिए सबसे भरोसेमंद गंतव्य बन चुका है। हमारी नीतिगत स्थिरता, बेहतर कनेक्टिविटी और पारदर्शी व्यवस्था पर वैश्विक निवेशकों का विश्वास बढ़ा है। ये एमओयू प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार, कौशल और तकनीक के नए अवसर खोलेंगे।



सिंगापुर में एमओयू साइन किए जाने के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी। ● अमृत विचार

### प्रमुख प्रभाव

- 20 हजार से अधिक रोजगार के प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष अवसर
- उप्र को नेशनल डेटा सेंटर हब के रूप में मजबूती
- ग्रीन एनर्जी और क्लाइमेट-फ्रेंडली निवेश को बढ़ावा
- डिजिटल इकोनॉमी और शहरी विकास को नई गति
- युवाओं के लिए कौशल, तकनीक व रोजगार के अवसर

### कौन कंपनी करेगी कितना निवेश

**यूनिवर्सल सक्सेस ग्रुप- 6,650 करोड़**
ग्रुप हाउसिंग, लॉजिस्टिक्स पार्क, डेटा सेंटर परियोजनाएं

**गोल्डन स्टेट कैपिटल (जीएससी)- आठ हजार करोड़**
100 मेगावाट क्षमता का डेटा सेंटर

**पीआईडीजी: 2,500 करोड़**
रिन्यूएबल एनर्जी, ग्रीन हाइड्रोजन, एग्री-पीवी परियोजनाएं

**एवीपीएन- 2,727 करोड़**
नवीकरणीय ऊर्जा, एग्री-पीवी सेक्टर

### कौशल विकास को सहयोग

- आईटीई एजुकेशन सर्विसेज (आईटीईईएस) के साथ समझौता
- तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा (टीवीईटी) को मिलेगा वैश्विक समर्थन
- प्रशिक्षण अवसंरचना, क्षमता निर्माण, गुणवत्ता आश्वासन और अंतर्राष्ट्रीय प्रमाणन पर सहयोग
- उद्योगों की जरूरत के अनुसार इंडस्ट्री-रेडी मैनपावर तैयार करने पर फोकस

## न्यूज ब्रीफ

### पूर्व रेल मंत्री मुकुल रॉय का लंबी बीमारी के बाद निधन



**कोलकाता।** पूर्व रेल मंत्री मुकुल रॉय का रविवार देर रात यहां एक निजी अस्पताल में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 71 वर्ष के थे। वह कई बीमारियों से जूझ रहे थे और पिछले दो वर्षों में कई बार अस्पताल में भर्ती रहे थे। परिवार के सदस्यों ने बताया कि उन्हें मनोभ्रंश भी हो गया था और हाल ही में वह कोमा में चले गए थे। पूर्व केंद्रीय मंत्री और पश्चिम बंगाल से दो बार राज्यसभा सदस्य रहे रॉय चार दशक लंबे राजनीतिक करियर में कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और भाजपा का हिस्सा बने। उनके राजनीतिक करियर की शुरुआत युवा कांग्रेस से हुई, जिसके बाद उन्होंने ममता बनर्जी के साथ हाथ मिलाया और 1998 में कांग्रेस से अलग होकर तृणमूल कांग्रेस का गठन किया।

### निष्क्रिय पीएफ खातों में फंसे 30.52 करोड़ रुपये जल्द लौटाने की तैयारी

**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के सात लाख से अधिक निष्क्रिय खातों में फंसे 30 .52 करोड़ रुपये जल्द ही संबंधित खाताधारकों या उनके कानूनी वारिसों को लौटाए जाएंगे। एक आधिकारिक सूत्र ने बताया कि श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की हाल में हुई एक समीक्षा बैठक में 7 .11 लाख निष्क्रिय खातों के निपटान का निर्णय लिया गया। इनमें से हरेक खाते में 1,000 रुपये या उससे भी कम राशि शेष है। ईपीएफओ का वह खाता निष्क्रिय माना जाता है, जिसमें 36 महीने से अधिक समय तक कर्मचारी या नियोक्ता की ओर से कोई अंशदान जमा नहीं हुआ हो।

### लोकसभा अध्यक्ष ने 64 देशों के संसदीय मैत्री समूहों का किया गठन

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को 64 देशों के साथ संसदीय मैत्री समूहों का गठन किया, जिनमें सत्तापक्ष के साथ विपक्ष के कई प्रमुख नेताओं को शामिल किया गया है। बिरला ने यह कदम उस वक्त उठाया जब विपक्ष द्वारा उन्हें पद से हटाने का प्रस्ताव लाने का नोटिस दिया गया है। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि यह गठन वैश्विक लोकतांत्रिक संबंधों को सुदृढ़ करने की दिशा में अहम कदम है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद प्रधानमंत्री मोदी की बहुदलीय पहल को आगे बढ़ाते हुए संसदीय मैत्री समूहों को औपचारिक स्वरूप दिया।

### वित्त मंत्री की चेतावनी- गैरकानूनी ढंग से बीमा प्रोडक्ट बेचने से बचे बैंक

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बैंकों को बीमा सहित वित्तीय उत्पादों की गलत तरीके से बिक्री पर कड़ा रुख अपनाते हुए सोमवार को कहा कि यह बीएनएस के तहत अपराध है। आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल को बजट के बाद संबोधित करने के उपरांत सीतारमण ने कहा, बैंकों को अपने मुख्य कारोबार पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा, मैंने हमेशा से इस बात पर आपत्ति जताई है कि आप उस बीमा को बेचने में अधिक समय लगा रहे हैं जिसकी आवश्यकता ही नहीं है और यह मामला आरबीआई और इरेडा के बीच फंसा रहा।

(विस्तृत करोबार पेज पर)

# पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर डबल डेकर बस पलटी, छह की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ।



एक्सप्रेस-वे से बस को हटाती क्रेन।

- 41 से अधिक घायल, 15 की हालत नाजुक, ट्रामा सेंटर में भर्ती
- लुधियाना से दरभंगा जा रही थी बस, सोमवार शाम हुआ हादसा

**अमृत विचार:** गोसाईंगंज स्थित पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर सोमवार शाम को बेकाबू डबल डेकर बस पलट गई। हादसे में छह यात्रियों की मौत हो गई। वहीं, 41 लोग घायल हो गए, जिसमें 15 की हालत नाजुक है। जिनको ट्रामा सेंटर में इलाज के लिए भर्ती कराया। मामूली रुप से घायलों को पीजीआई एपेक्स ट्रामा-2, सिविल अस्पताल समेत कई अस्पतालों में भेजा गया है। हादसा स्थल पर पुलिस टीम, आरटीओ व प्रशासन की टीम जांच में जुट गई है।

लुधियाना से दरभंगा के लिए डबल डेकर स्लीपर बस रविवार शाम करीब 4:30 बजे निकली थी। यात्रियों के मुताबिक बस लखनऊ होते हुए दरभंगा जा रही थी। बस में 100 से अधिक यात्री सवार थे। गोसाईंगंज इलाके में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर टोल प्लाजा से करीब दो किलोमीटर आगे बस तेज रफ्तार में लहराने लगी। इससे पहले यात्री कुछ कर पाते, बस सड़क किनारे लगी लोहे की रेलिंग से टकराकर पलट गई। आसपास के इलाके में रहने वाले लोग मदद के लिए पहुंचे।

### खिड़की के शीशे तोड़ निकाले गए यात्री

हादसे के बाद यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। स्थानीय ग्रामीण बस का शीशा तोड़कर यात्रियों को बाहर निकालने में जुट गए। पुलिस की मदद से घायलों को अस्पताल भेजा गया। प्रत्यक्षदर्शी अंश के मुताबिक बस पलटने के बाद चीख-पुकार मच गई। वहीं कुछ यात्री बस की खिड़की से लटके दिखाई दे रहे थे। हादसे के बाद चालक व परिचालक मौके से भाग निकले। दक्षिणी जोन के डीसीपी निपुण अग्रवाल ने बताया कि हादसे में छह लोगों की मौत हो गई है। मृतकों की पहचान कराई जा रही है।

# निजी विश्वविद्यालयों को प्रोत्साहन स्टांप शुल्क में सरकार ने दी छूट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ




- राज्य सरकार ने जारी की अधिसूचना, भूमि रजिस्ट्री पर 20 से 50 प्रतिशत तक छूट
- निजी विश्वविद्यालयों, बहुविषयक उच्च शिक्षण व अनुसंधान केंद्रों की स्थापना आसान

**अमृत विचार** : प्रदेश सरकार ने राज्य में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में निजी निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अधिसूचना जारी कर स्टांप शुल्क में बड़ी राहत लागू कर दी है। उप्र उच्च शिक्षा प्रोत्साहन नीति-2024 के तहत निजी विश्वविद्यालयों और बहुविषयक उच्च शिक्षण एवं अनुसंधान संस्थानों को भूमि रजिस्ट्री पर आंशिक स्टांप शुल्क पर छूट मिलेगी। यह आदेश सोमवार को राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से प्रभावी होगा।

स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना में बताया गया है कि संशोधित भारतीय स्टांप अधिनियम, 1899 की धारा-9 के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए राज्यपाल ने नीति के विभिन्न प्रावधानों के अंतर्गत चिन्हित परियोजनाओं को यह राहत दी है। यह छूट विशेष रूप से उन जिलों में लागू होगी, जहां अब तक कोई बहुविषयक विश्वविद्यालय या अनुसंधान संस्थान स्थापित नहीं है।

### एनईपी-2020 के अनुरूप संस्थानों को प्राथमिकता

सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह प्रोत्साहन उन नए विश्वविद्यालयों को मिलेगा, जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप बहुविषयक शिक्षा और अनुसंधान को बढ़ावा देंगे। इससे प्रदेश में उच्च शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण संस्थानों की संख्या बढ़ाने में मदद मिलेगी।

### भूमि लागत के अनुसार छूट की व्यवस्था

अधिसूचना के मुताबिक, एक करोड़ से 50 करोड़ रुपये की भूमि लागत पर अधिकतम 50 प्रतिशत, 50 करोड़ से 150 करोड़ की भूमि लागत पर 30 प्रतिशत और 150 करोड़ से अधिक की भूमि लागत पर 20 प्रतिशत तक स्टांप शुल्क में छूट दी जाएगी। छूट की गणना पंजीकृत दस्तावेजों में अंकित वास्तविक भूमि मूल्य के आधार पर की जाएगी। सरकार का मानना है कि इस निर्णय से राज्य में निजी निवेश को बढ़ावा मिलेगा, नए विश्वविद्यालयों की स्थापना को गति मिलेगी और युवाओं को उत्तर प्रदेश में ही उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा के बेहतर अवसर उपलब्ध हो सकेंगे।

# भूमि अधिग्रहण : 2018 से पूर्व के केस अब नहीं खुलेंगे

नई दिल्ली, एजेंसी



- ब्याज सहित मुआवजा देने के मामले में सुप्रीम कोर्ट की बड़ी टिप्पणी

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मौखिक टिप्पणी की कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण अधिनियम के तहत जिन किसानों की जमीन अधिगृहीत की गई थी, उन्हें ब्याज सहित मुआवजा देने के लिए 2018 से पहले के भूमि अधिग्रहण मामलों को फिर से नहीं खोला जा सकता।

यह टिप्पणी सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की विशेष पीठ ने एनएचएआई की उस याचिका पर खुली अदालत में सुनवाई शुरू करते समय की जिसमें एनएचएआई ने न्यायालय के 2019 के फैसले की समीक्षा का अनुरोध किया है। शीर्ष अदालत ने 2019 में कहा था कि एनएचएआई अधिनियम के तहत जिन किसानों की जमीन अधिगृहीत की गई, उन्हें ब्याज सहित मुआवजा देने का फैसला पूर्वव्यापी रूप से लागू होगा।

एनएचएआई की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि 2019 के फैसले से भारी वित्तीय बोझ (लगभग 32,000 करोड़ रुपये) पड़ेगा और यह केवल भावी प्रभाव से लागू होना चाहिए। पीठ ने पहले इसे खारिज करते हुए कहा था कि ऐसे लाभ से वंचित करना संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) का उल्लंघन करता है। मेहता ने कहा, शायद आपके लिए सबसे महत्वपूर्ण बात यह थी कि यह 100 करोड़ रुपये की रकम थी। एक अन्य फैसले में शीर्ष अदालत ने कहा है कि निपटाए गए किसी भी मामले को दोबारा नहीं खोला जाएगा। सीजेआई ने कहा, 'कट-ऑफ' (अंतिम) तिथि 2008 की प्रतीत होती है, बशर्ते दावे तब लंबित रहे हों। 2018 से पहले के मामले फिर से नहीं खोले जा सकते। जो मामले 2008 में लंबित थे, वे आगे भी जारी रहेंगे।

# यौन शोषण के मुकदमे में फंसे अविमुक्तेश्वरानंद बोले गिरफ्तारी का विरोध नहीं करूंगा



**वाराणसी।** शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने सोमवार को कहा कि यौन शोषण के मुकदमे में अगर पुलिस उन्हें गिरफ्तार करती है तो वह उसका विरोध नहीं करेंगे। कहा कि जनता, स्वयं का हृदय और ईश्वर तीनों ही 'अदालतों' से उन्हें क्लीन चिट मिल चुकी है इसलिए उन्हें कोई भय नहीं है। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती, उनके शिष्य तथा दो-तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ अदालत के आदेश पर शनिवार देर रात किशोरवय लड़कों के यौन शोषण के आरोप में प्रयागराज के झूंसी थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था।

# नेपाल में नदी में बस गिरी, 17 की मौत

- पोखरा से काठमांडू जा रही थी बस, 28 घायल

**काठमांडू।** नेपाल के धाडिंग जिले में गजुरी के पास रविवार देर रात एक यात्री बस के त्रिशूली नदी में गिर जाने से कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई। सशस्त्र पुलिस बल के प्रवक्ता बिष्णु प्रसाद भट्ट के अनुसार, पोखरा से काठमांडू आ रही बस रविवार देर रात डेढ़ बजे काठमांडू से 90 किलोमीटर पश्चिम में पृथ्वी राजमार्ग पर त्रिशूली नदी में जा गिरी, जिससे कई यात्री हताहत हो गए।

भट्ट ने बताया कि दुर्घटनास्थल से 17 शव बरामद किए गए हैं और बस से 28 घायल यात्रियों को निकाला गया। उन्होंने बताया कि घायल यात्रियों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। बचाव कार्य में नेपाल सेना, सशस्त्र पुलिस बल और नेपाल पुलिस के कर्मियों को लगाया गया है। हादसे में मारे गए लोगों में एक पुरुष यात्री न्यूजीलैंड का था। घटना में घायल लोगों में जापान और नीदरलैंड की एक-एक महिला शामिल है। पुलिस ने कहा कि हादसे का सटीक कारण अभी पता नहीं चल पाया है लेकिन संभवतः अत्यधिक तेज गति से वाहन चलाए जाने के कारण यह हादसा हुआ।



हादसे के बाद चूर-चूर हुई बस।

# ईरान में फिर बढ़ा तनाव, भारत ने अपने नागरिकों से कहा- तुरंत छोड़ दें देश

नई दिल्ली, एजेंसी



- अमेरिकी हमले की गहराई आशंका, तेहरान में नए सिरे से विरोध प्रदर्शन शुरू

ईरान में बढ़ते तनाव और अमेरिकी हमले की आशंका के बीच भारत ने सोमवार को ईरान में रह रहे अपने सभी नागरिकों को सलाह दी है वे तुरंत वहां से देश को छोड़कर बाहर निकल जाएं। तेहरान में नए सिरे से विरोध प्रदर्शन शुरू होने पर भारतीय दूतावास ने नया परामर्श जारी किया है।

ईरान के कई विश्वविद्यालयों में छात्रों ने सरकार विरोधी प्रदर्शन किए, जो पिछले महीने तेहरान द्वारा प्रदर्शनकारियों पर की गई क्रूर कार्रवाई के बाद इस तरह का पहला आंदोलन था। जनवरी में आधिकारिक अनुमानों के अनुसार, छात्रों सहित 10,000 से अधिक भारतीय ईरान में रह रहे थे। दूतावास ने कहा, भारत सरकार द्वारा पांच जनवरी को जारी की गई सलाह के क्रम में और ईरान में उत्पन्न हो रही स्थिति को देखते हुए, ईरान में मौजूद भारतीय नागरिकों (छात्रों, तीर्थयात्रियों, व्यापारियों और पर्यटकों) को सलाह दी जाती है कि वे उपलब्ध परिवहन साधनों, जिनमें वाणिज्यिक उड़ानें भी शामिल हैं, के माध्यम से ईरान छोड़ दें। दूतावास ने यह भी दोहराया कि सभी भारतीय नागरिकों और भारतीय मूल के व्यक्तियों (पीआईओ) को उचित सावधानी बरतनी चाहिए, विरोध प्रदर्शनों या रैलियों वाले क्षेत्रों से बचना चाहिए और भारतीय दूतावास के संपर्क में रहना चाहिए। परामर्श में कहा गया, ईरान में मौजूद सभी भारतीय नागरिकों से अनुरोध है कि वे अपने पासपोर्ट और पहचान पत्र सहित अपने यात्रा और आव्रजन संबंधी दस्तावेज हमेशा अपने पास रखें।

(संबंधित देश-विदेश पर)

दिल्ली हाईकोर्ट की दो टूक

गृहिणी का श्रम कमाने वाले जीवनसाथी को प्रभावी ढंग से कार्य करने में बनाता है सक्षम

# घर पर बैठी पत्नी खाली नहीं... गृहकार्य की अनदेखी नाइंसाफी

नई दिल्ली, एजेंसी




दिल्ली हाईकोर्ट ने घर पर खाली बैठी पत्नी की धारणा को खारिज करते हुए कहा है कि एक गृहिणी का श्रम कमाने वाले जीवनसाथी को प्रभावी ढंग से कार्य करने में सक्षम बनाता है, और भरण-पोषण की राशि तय करते समय उसके योगदान को नजरअंदाज करना अन्यायपूर्ण है।

न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता ने टिप्पणी की कि पत्नी के रोजगार में नहीं होने को खाली बैठे होने या जानबूझकर निर्भरता के समकक्ष नहीं माना जा सकता है। भरण-पोषण का निर्धारण करते समय, कानून को न केवल वित्तीय आय को बल्कि विवाह के के अस्तित्व में रहने के दौरान घर और घरेलू संबंधों में उसके योगदान के आर्थिक मूल्य को भी मान्यता देनी चाहिए।

हाईकोर्ट ने 16 फरवरी को पारित आदेश में कहा, रोजगार में न होने को खाली बैठा होना कह देना आसान है, लेकिन एक घर को चलाने और संभालने में लगने वाले श्रम को मान्यता देना कहीं अधिक कठिन है। पीठ ने कहा, एक गृहिणी खाली नहीं बैठती, वह ऐसा श्रम करती है जिससे कमाने वाला पति प्रभावी ढंग से कार्य कर सके। भरण-पोषण के दावों का निर्णय करते समय इस योगदान की उपेक्षा करना अवास्तविक और अन्यायपूर्ण होगा।

### मजिस्ट्रेट अदालत ने अंतरिम गुजारा भत्ता देने से किया था इंकार

मजिस्ट्रेट अदालत ने महिला को अंतरिम गुजारा भत्ता देने से यह कहते हुए इनकार कर दिया था कि वह शारीरिक रूप से स्वस्थ और शिक्षित है, लेकिन उसने नौकरी न करने का विकल्प चुना है। अपीलीय अदालत ने भी पत्नी को कोई राहत नहीं दी। मामले के पक्षकारों का विवाह 2012 में हुआ था और आरोप है कि पति ने 2020 में पत्नी और उनके नाबालिग बेटे को छोड़ दिया था। पति ने उच्च न्यायालय में दलील दी थी कि पत्नी निष्क्रिय नहीं बैठ सकती और भरण-पोषण की मांग नहीं कर सकती, जबकि वह कमाने में सक्षम है और वह अपने नाबालिग बच्चे की शिक्षा का खर्च वहन कर रहा है।

### हाईकोर्ट ने कहा- केवल कमाने की क्षमता भरण-पोषण से इनकार करने का आधार नहीं

हाईकोर्ट ने कहा कि कमाने की क्षमता और वास्तविक कमाई अलग-अलग अवधारणाएं हैं, और स्थापित कानून के अनुसार, केवल कमाने की क्षमता भरण-पोषण से इनकार करने का आधार नहीं है। जो महिलाएं काम कर सकती हैं उन्हें प्रोत्साहित किया जाना चाहिए, लेकिन केवल इस आधार पर भरण-पोषण से इनकार करना कि वह कमाने में सक्षम है और उसे अपने पति पर निर्भर नहीं रहना चाहिए, एक त्रुटिपूर्ण दृष्टिकोण है।

# किसानों को दिन में नियमित मिल सकेगी बिजली

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश के किसानों को सिंचाई के लिए दिन में नियमित बिजली उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार ने अहम पहल की है। योजना के अनुसार कार्य पूर्ण होने पर लगभग 3.67 लाख कृषि उपभोक्ताओं को दिन के समय निर्बाध बिजली आपूर्ति मिल सकेगी। प्रधानमंत्री कुसुम योजना के तहत अब तक 1708.1 मेगावाट क्षमता के 581 पावर परचेज एग्रीमेंट (पीपीए) को मंजूरी दी जा चुकी है।

- पीएम-कुसुम योजना के तहत 1708 मेगावाट क्षमता के 581 प्रस्तावों को मिली हरी झंडी

राज्य सरकार के प्रवक्ता के मुताबिक, इस योजना में केंद्र सरकार अधिकतम 1.05 करोड़ रुपये प्रति मेगावाट और राज्य सरकार 50 लाख रुपये प्रति मेगावाट की सहायता दे रही है। कुल मिलाकर प्रति मेगावाट 1.55 करोड़ रुपये तक अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है। कौशांबी और बिजनौर में लगभग 3.3 मेगावाट की पायलट परियोजनाएं स्थापित की गई हैं। प्रधानमंत्री कुसुम सी-2 के तहत कृषि फीडरों के सोलराइजेशन से डिस्कॉम को भी वित्तीय राहत मिलने की उम्मीद है। स्थानीय स्तर पर सौर ऊर्जा उत्पादन बढ़ने से सब्सिडी भार कम होगा और महंगी बिजली खरीद की आवश्यकता घटेगी।

# गोधन समागम में प्रदेश के 112 सर्वाधिक दुग्ध उत्पादक सम्मानित

## गोकुल और नंदबाबा पुरस्कार से नवाजे गए दुग्ध उत्पादक, महिला सहभागिता भी बनी मिसाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: प्रदेश में दुग्ध उत्पादन, गौ-संवर्धन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के उद्देश्य से इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में सोमवार को आयोजित गोधन समागम–2026 राज्य स्तरीय सम्मान और नीति संकल्प का सशक्त मंच बना। कार्यक्रम में पशुधन, दुग्ध विकास एवं राजनैतिक पेंशन विभाग के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने वर्ष 2024-25 के दौरान सर्वाधिक दुग्ध आपूर्ति और उत्पादन करने वाले कुल 112 दुग्ध उत्पादकों को सम्मानित किया।

इस अवसर पर 63 दुग्ध उत्पादकों को गोकुल पुरस्कार और 49 दुग्ध उत्पादकों को नंदबाबा पुरस्कार प्रदान किए गए। सभी पुरस्कृत दुग्ध उत्पादकों को प्रतीक चिन्ह, प्रमाण-पत्र और पुरस्कार राशि देकर प्रोत्साहित किया गया। साथ ही निराश्रित गोवंश संरक्षण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले हरदोई, अलीगढ़, अमरोहा, जालौन और रायबरेली जनपदों के जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) और मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी (सीवीओ) को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

- पुरस्कृत दुग्ध उत्पादकों को प्रतीक चिन्ह, प्रमाण-पत्र और पुरस्कार राशि देकर किया गया प्रोत्साहित



लखनऊ में आयोजित गोधन समागम में सर्वश्रेष्ठ दुग्ध उत्पादकों को सम्मानित करते मंत्री धर्मपाल सिंह।

कार्यक्रम में गोकुल पुरस्कार के अंतर्गत वरुण सिंह (वेलवा मोती समिति, लखीमपुर खीरी) को 1,81,272 लीटर दुग्ध आपूर्ति के लिए राज्य स्तरीय प्रथम पुरस्कार और वीरेंद्र सिंह (दुग्ध समिति ठेरई, आगरा) को 1,10,693.50 लीटर दुग्ध आपूर्ति के लिए द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया। इन्हें क्रमशः 2 लाख और 1.50 लाख की पुरस्कार राशि दी गई। नंदबाबा पुरस्कार के तहत अरुण कुमार (दुग्ध समिति हमीरपुर, रामपुर) को 19,066 लीटर दुग्ध आपूर्ति के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार और 51 हजार की राशि दी गई। मंत्री ने बताया कि पुरस्कृत 112 दुग्ध उत्पादकों में 25 महिलाएं शामिल हैं, जो दुग्ध उत्पादन क्षेत्र में महिला सहभागिता का सशक्त उदाहरण है। नंद बाबा दुग्ध मिशन के अंतर्गत 1000 करोड़ की लागत से प्रदेश को दुग्ध उत्पादन में अग्रणी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके तहत अब तक 10,000 पशुपालक लाभान्वित हुए हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### गर्मियों में ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट न हो



बैठक करते मंत्री स्वतंत्र देव सिंह।

अमृत विचार, लखनऊ : गर्मियों में ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट न हो, इसके लिए राज्य सरकार ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसके लिए जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक इंजीनियर रोजाना कम से कम 10 ग्राम प्रधानों से संवाद कर जलापूर्ति की स्थिति की जानकारी ले और किसी भी शिकायत का तत्काल समाधान सुनिश्चित करे। जलशक्ति मंत्री सोमवार को जल निगम (ग्रामीण) मुख्यालय में जल जीवन मिशन एवं राज्य ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित परियोजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गर्मी के मौसम में किसी भी गांव में पेयजल की समस्या नहीं आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जहां पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़कें खोदी गई हैं, वहां गुणवत्ता के साथ मरम्मत कार्य समय से पूरा हो। कमी पाए जाने पर संबंधित कार्यदायी संस्थाओं के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### नीट पीजी काउंसिलिंग की मेरिट सूची जारी

अमृत विचार, लखनऊ : नीट पीजी की स्ट्रे राउंड काउंसिलिंग के माध्यम से सरकारी व निजी मेडिकल कॉलेजों में रिक्त एमडी–एमएस सीटों और डीएनबी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 1500 अभ्यर्थियों की मेरिट सूची जारी कर दी गई है। इनमें एमडी–एमएस कोर्स के लिए 1409 तथा डीएनबी के लिए 91 अभ्यर्थियों को मेरिट सूची में स्थान मिला है। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक ने बताया कि सूची के अनुसार चयनित अभ्यर्थियों को कल मंगलवार से मेडिकल कॉलेजों में रिक्त सीटों के लिए अपनी कॉलेज प्राथमिकताओं का विकल्प देना होगा । मालूम हो कि स्ट्रे राउंड उन सीटों के लिए आयोजित किया जाता है जो पूर्व की तीन काउंसिलिंग के बाद भी सीटें खाली रह जाती हैं।

### होली पर एसएचजी उत्पादों को बढ़ावा

अमृत विचार, लखनऊ : उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देश पर उप्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (यूपीआरएलएम) ने होली के अवसर पर स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों की बिक्री बढ़ाने के लिए राज्यव्यापी अभियान शुरू किया है। अभियान के तहत गुलाल–अबीर, पापड़, चिप्स, मिठाइयां, अगरबत्ती और हस्तशिल्प सहित विभिन्न स्थानीय उत्पादों के लिए सभी जिलों में विकास भवन, कलेक्ट्रेट और तहसीलों में बिक्री काउंटर लगाए जा रहे हैं।

# न कर्फ्यू, न दंगा, अब यूपी में सब चंगा

## सिंगापुर में भारतीय समुदाय के लोगों से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया संवाद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



सिंगापुर में बसे भारतीय समुदाय के लोगों के साथ संवाद कार्यक्रम के दौरान संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नए भारत और नए उत्तर प्रदेश की स्पष्ट और आत्मविश्वास से भरी तस्वीर प्रस्तुत की। कहा कि अब उत्तर प्रदेश में न कर्फ्यू है, न दंगा, अब उत्तर प्रदेश में सब चंगा है। मुख्यमंत्री ने निवेश, पर्यटन और औद्योगिक साझेदारी के लिए सभी को उत्तर प्रदेश आने का आमंत्रण देते हुए कहा कि आने वाला समय प्रदेश के लिए और अधिक संभावनाओं से भरा है।

सिंगापुर में वैश्विक निवेशकों से सोमवार सुबह से चली बैठकों के बाद मुख्यमंत्री वहां बसे भारतीय समुदाय को संबोधित कर रहे थे। लोगों को आगामी होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि देश का सर्वाधिक आबादी वाला राज्य उत्तर प्रदेश आज जिस परिवर्तन का साक्षी है, वह बीते नौ वर्षों की प्रतिबद्धता, सुशासन और दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम है। उन्होंने स्मरण कराया कि कभी दंगे, असुरक्षा और अराजकता जिसकी पहचान बन गए थे, वही प्रदेश आज कानून-व्यवस्था, निवेश और विकास का मॉडल बनकर उभरा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को जमीनी धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू करते हुए उत्तर प्रदेश ने 'विरासत और विकास' का संतुलित और प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया है।

उन्होंने कहा कि राम मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक मर्यादा और आत्मगौरव का प्रतीक है। काशी विश्वनाथ धाम का पुनर्विकास हमारी शाश्वत परंपरा को आधुनिक स्वरूप में स्थापित करता है।

- रखा नए यूपी का विजन, प्रस्तुत की विरासत और विकास के संगम की पूरी तस्वीर

योगी ने कहा कि शीघ्र ही भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित होगा।


इस अवसर पर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता ''नंदी'', अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त और एसीएस वित्त दीपक कुमार, सिंगापुर में भारत के उच्चायुक्त डॉ. शिल्पक एन अंबुले और ग्लोबल इंडियन स्कूल के संस्थापक अतुल समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### 9 वर्ष में तीन गुनी हुई यूपी की अर्थव्यवस्था

मुख्यमंत्री ने कहा कि इसी सोच और रणनीतिक क्रियान्वयन का परिणाम है कि उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था बीते नौ वर्षों में तीन गुना हुई है तथा प्रति व्यक्ति आय में भी लगभग तीन गुना वृद्धि दर्ज की गई है। प्रदेश में 34 से अधिक सेक्टोरल नीतियां लागू हैं। 75,000 एकड़ का लैंड बैंक उपलब्ध है। क्लस्टर आधारित औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए गए हैं। निर्बाध विद्युत आपूर्ति और सुदृढ़ कानून–व्यवस्था निवेश के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान कर रही हैं। आज भारत में बनने वाले मोबाइल फोन का लगभग 55 प्रतिशत तथा इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट्स का करीब 60 प्रतिशत उत्पादन उत्तर प्रदेश में हो रहा है। अब प्रदेश का प्रत्येक नागरिक शांतिपूर्वक विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहा है।

### सिंगापुर में गूंजा नारा- योगी हैं तो यूपी है

अमृत विचार, लखनऊ: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सिंगापुर में सोमवार को अपने बीच पाकर प्रवासी भारतीय समुदाय उत्साह से भर उठा। कार्यक्रम स्थल पर लगातार तालियों की गूंज और ''योगी हैं तो यूपी है'' के नारों ने वातावरण को ऊर्जा और भावनाओं से भर दिया। कार्यक्रम में उस समय माहौल भावुक हो गया, जब सिंगापुर में रह रहीं भारतीय मूल की स्वाति ने मुख्यमंत्री को 'भैया' कहकर संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी में महिलाओं को सुरक्षा का भरोसा मिला है। स्वाति ने कहा कि मैं उत्तर प्रदेश की महिलाओं की ओर से आपको भैया कहती हूं। कार्यक्रम के दौरान एक बच्ची मुख्यमंत्री का हाथ से बनाया स्केच लेकर मंच तक पहुंची। मुख्यमंत्री ने मुस्कराते हुए उस स्केच पर अपना ऑटोग्राफ दिया। वहीं, एक महिला ने मुख्यमंत्री की कलाई पर रक्षा सूत्र (राखी) बांधकर स्नेह और सम्मान व्यक्त किया। इन पलों ने पूरे आयोजन को पारिवारिक और भावनात्मक स्वरूप दे दिया। इस अवसर पर ग्लोबल इंडियन इंटरनेशनल स्कूल के संस्थापक ने मुख्यमंत्री की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनमें उन्हें सिंगापुर के संस्थापक और प्रथम प्रधानमंत्री ली क्वान यू की प्रतिछाया दिखाई देती है।



कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी को हाथ से बनाया स्केच भेंट करती बच्ची।

# आतंकियों की गिरफ्तारी के बाद प्रदेश में अलर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रमुख संस्थानों के साथ ही भीड़भाड़, मिश्रित आबादी वाले इलाकों में सुरक्षा एजेंसियां सतर्क
- पाकिस्तान व बांग्लादेश की जाने वाली संदिग्ध कॉल पर भी बढ़ी निगरानी

अमृत विचार: दिल्ली में आतंकी संगठन लश्कर के संदिग्ध आतंकियों की गिरफ्तारी के बाद प्रदेश भर में भी अलर्ट जारी कर दिया गया है। इसके तहत प्रदेश के प्रमुख संस्थानों के साथ ही भीड़भाड़ और मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों पर विशेष नजर रखने को कहा गया है, वहीं पाकिस्तान और बांग्लादेश को की जाने वाले संदिग्ध काल पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं।

दिल्ली में बीते दिन गिरफ्तार लश्कर के संदिग्ध आतंकियों ने कबूल किया है कि आईएसआई के इशारे पर चार महानगरों को निशाना बनाने की योजना थी। क्योंकि उत्तर प्रदेश से दिल्ली सटा हुआ है। इसके चलते पश्चिमी यूपी के साथ प्रदेश भर को अलर्ट कर दिया गया है। होली का पर्व निकट है, वहीं रमजान चल रहे हैं। ऐसे में आशंका व्यक्त की जा रही है कि असामाजिक तत्व दोनों पक्षों में वैमनस्य फैलाने के लिए गलत हरकतें कर सकते हैं। इसके चलते घनी और मिश्रित आबादी वाले इलाकों पर विशेष तौर पर नजर रखने को कहा गया है। घनी आबादी वाले इलाकों में जो भी संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे, उसकी सूचना निकट की पुलिस चौकी या थाने पर देने की अपेक्षा की गई है। इसके साथ ही ट्रेनों और बसों के साथ ही होटल और ढाबों पर भी चौकसी बरतने का निर्देश दिए गए हैं।

### बार-बार विदेश यात्रा करने वाले रडार पर

पिछले कुछ दिनों में लगातार विदेश यात्रा करने वाले लोगों को भी खुफिया टीमों ने रडार पर ले लिया है। उनमें भी वह लोगों पर अधिक फोकस है, जिन्होंने पाकिस्तान और बांग्लादेश की यात्रा की हैं। इसके साथ ही संदिग्ध लोगों के खातों में अचानक धन आया है, उन्हें भी जांच के दायरे में लिया गया है।

# होली पर मदिरा से रहें दूर : आबकारी मंत्री

अमृत विचार, लखनऊ : होली के पर्व को लेकर प्रदेश सरकार ने लोगों से संयम और सुरक्षा बरतने की अपील की है। आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने प्रदेशवासियों से कहा है कि होली रंगों, खुशियों और आपसी भाईचारे का त्योहार है, इसे मदिरापान से फीका न करें। आबकारी मंत्री ने कहा कि मदिरा त्योहार के दौरान झगड़े और अप्रिय घटनाओं का कारण भी बन सकती है। ऐसे में सभी लोग अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा को प्राथमिकता दें तथा नशे से दूर रहकर होली मनाएं।

# सुरक्षा में लगा दी निलंबित सिपाही की ड्यूटी, कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: भारत आए क्रोएशिया के प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेनकोविक की सुरक्षा में भारी चूक सामने आई है। निलंबित चल रहे सिपाही की ड्यूटी वीआईपी के दौरे में लगा दी गई। इसका खुलासा हुआ तो इंस्पेक्टर को निलंबित कर दिया गया। साथ ही विभागीय जांच के भी आदेश दिए गए हैं।

भारत दौरे पर आए क्रोएशिया के प्रधानमंत्री 21 फरवरी को वह आगरा ताज महल के दीदार करने गए। उनकी सुरक्षा व्यवस्था में आगरा के शाहगंज में तैनात रहे निलंबित सिपाही सनी मलिक की ड्यूटी भी लगा दी गई। इसकी जानकारी आला अफसरों को लगी तो खलबली मच गई। इस लापरवाही पर शाहगंज थाने के प्रभारी इंसपेक्टर वीरेश गिरि को निलंबित कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक, सिपाही सनी मलिक शाहगंज थाने में तैनात था। आरोप है कि 7 फरवरी को सनी मलिक ने एक फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी के इशारे पर बुलडोजर स्वामी को हिरासत में लिया था। बाद में 25 हजार रुपये लेकर उसे छोड़ दिया। इस मामले में जांच के बाद 19 फरवरी को सिपाही सनी मलिक को निलंबित कर दिया था।

- आगरा शाहगंज के इंस्पेक्टर को किया गया निलंबित

# वह पति से बात करती थी इसलिए मार डाला

संवाददाता प्रतापगढ़

अमृत विचार : पति से बात करने से आक्रोशित पत्नी ने महिला की गला दबाकर हत्या कर दी थी। उसने भतीजे की मदद से साड़ी से गला कसकर उसकी जान ले ली। दिल दहला देने वाले इस वारदात को अंजाम देने वाली कातिल ने अपना अपराध कबूला। पुलिस के समक्ष उसने सच उगला। घटना के तीसरे दिन सोमवार को पुलिस ने आरोपी महिला और उसके भतीजे को गिरफ्तार किया।

देल्हूपुर थाना के सहेरुआ गांव में रहने वाली 35 वर्षीय पूजा गुप्ता के पति का चार वर्ष पूर्व मुंबई में निधन हो गया था। पूजा घर पर ही रहती थी। बताया जाता है कि उसके घर शनिवार दोपहर महिला व युवक आए थे। उनके जाने के बाद पूजा का सात वर्षीय पुत्र रौनक घर में गया तो मां मृत पड़ी थी। वह चीखा तो उसके चाचा गोविंद गुप्ता पहुंचे। कुछ देर बाद पुलिस आई। रविवार को पूजा की सास शांति देवी ने अज्ञात आरोपितों पर हत्या का केस दर्ज कराया था। एसपी दीपक भूकर ने घटना के खुलासे के लिए देल्हूपुर थाना, स्वाट टीम, सर्विलांस टीम को लगाया था। जांच में पता चला कि इस हत्याकांड को मंजू गुप्ता पत्नी अजय गुप्ता निवासी दुन्दा का पुरवा, जेठवारा ने अपने भतीजे सोनू गुप्ता पुत्र प्रेमचंद्र गुप्ता चमरूपुर शुक्लान लीलापुर के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। गिरफ्तारी के बाद मंजू ने पुलिस को बताया कि पति की मौत के बाद पूजा मेरे पति यानी अजय के संपर्क में थी। उससे बात करती थी। कई बार मना किया लेकिन यह सिलसिला खत्म नहीं हुआ। इसी को लेकर वह भतीजे के साथ पूजा को समझाने गई थी। वहां बात बढ़ने पर पूजा की ही साड़ी से उसका गला कसकर मार डाला था। एएसपी पूर्वी शैलेंद्र लाल ने प्रेसवार्ता में मामले का खुलासा किया। इस दौरान सीओ रानीगंज विनय प्रभाकर साहनी, स्वाट टीम एवं देल्हूपुर पुलिस रही।

- पुलिस की गिरफ्त में आये आरोपी चाची-भतीजा



प्रेसवार्ता करते एएसपी पूर्वी शैलेंद्र लाल, सीओ विनय प्रभाकर साहनी।

### सीएम योगी के नाम से विश्वविद्यालय की स्थापना का है उद्देश्य




गिरजा शंकर को सम्मानित करते अतिथि।

प्रतापगढ़ अमृत विचार : रिटायर्ड पुलिस उपाधीक्षक एवं डेरवा महाविद्यालय के संस्थापक गिरजा शंकर शुक्ल ने कहा कि डेरवा में सीएम योगी आदित्य नाथ के नाम से विश्वविद्यालय की स्थापना करना उनका उद्देश्य है। इसके लिए जल्द ही वे मुख्यमंत्री से मिलेंगे। वे रविवार की शाम डेरवा महाविद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में बोल रहे थे। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश ने सभी रिटायर्ड पुलिस उपाधीक्षक जो 80 वर्ष पर कर चुके हैं, उनको दो फरवरी को लखनऊ में सम्मानित किया था। इसमें गिरजा शंकर शुक्ल भी रहे। उस समय वे जिले से बाहर होने के कारण वहां नहीं जा सके। उनका सम्मानपत्र पीपीएस रिटायर्ड आफीसर्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा उनके घर भेजा गया। महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता एवं अध्यक्ष बार एसोसिएशन कुंडा हनुमान प्रसाद पांडेय ने गिरजा शंकर शुक्ल को सम्मानित किया। इस अवसर पर रिटायर्ड सूबेदार मेजर जमुना शंकर मिश्र, शशि भूषण मिश्र, राजेश प्रताप सिंह, विजय कुमार पांडेय, शैलेंद्र कुमार पांडेय, डा. एएन गुप्ता, डा. असलम रहीमी, राम कृष्ण शुक्ल, बलवंत सिंह आदि रहे।

### डीएम ने महिला को दिया 20 हजार का चेक

प्रतापगढ़, अमृत विचार : जिलाधिकारी के सामने 20 फरवरी को आर्थिक मदद की मांग करने वाली विकास खंड संडवा चंद्रिका की मीरा देवी पत्नी पूर्णवासी को सोमवार को डीएम शिव सहाय अवस्थी ने 20 हजार रुपये आर्थिक सहायता का चेक दिया। यह धनराशि जिला राइफल क्लब के खाते से दी गई है। इसके अलावा डीएम ने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही मीरा देवी को अंत्योदय राशन कार्ड जारी कर दिया जाएगा और प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू करा दी गई है। इस दौरान एडीएम आदित्य प्रजापति मौजूद रहे।



महिला को चेक देते डीएम शिव सहाय।

### साथी की हत्या से वकीलों में नाराजगी, सौंपा ज्ञापन

प्रतापगढ़ अमृत विचार : जूनियर बार एसोसिएशन पुरात सहित अन्य अधिवक्ताओं ने सोमवार को लखनऊ में हाईकोर्ट के वकील की हत्या पर नाराजगी जताते हुए नारेबाजी की। मांगों का ज्ञापन डीएम को देने के बाद सोमवार को न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया। जूनियर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, महामंत्री विवेक त्रिपाठी, प्रकाशन मंत्री अजीत ओझा, जिला बार के अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह, महामंत्री रवींद्र सिंह, वकील परिषद के अध्यक्ष इंदुभाल मिश्र, मंत्री आशीष पांडेय सहित अन्य अधिवक्ताओं ने कचहरी और दीवानी परिसर में नारेबाजी कर विरोध प्रकट किया। हाईकोर्ट के वकील सुभाष मिश्र की हत्या के मामले में जांच के बाद आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। डीएम को संबोधित मांगों का ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा गया।

निजीकरण | राज्य विद्युत उत्पादन निगम ने टेंडर किया जारी, 3 मार्च को होगी प्रीबिड मीटिंग

# छह जल विद्युत परियोजनाएं लीज पर देने की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: प्रदेश की छह लघु जल विद्युत परियोजनाओं को 42 साल के लिए लीज पर प्राइवेट कंपनियों के हाथों सौंपने की तैयारी है। इसके लिए विभाग ने टेंडर भी जारी कर दिए हैं। साथ ही तीन मार्च को प्रीबिड मीटिंग भी कराने की योजना है। उधर ऑल इंडिया पावर इंजीनियरिंग फेडरेशन (एआईपीईएफ) के अध्यक्ष शैलेन्द्र दुबे विद्युत परियोजनाओं को प्राइवेट कंपनियों को देने के विरोध में उतर आए हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप कर टेंडर तत्काल निरस्त कराने और परियोजनाओं का संचालन सरकारी स्तर पर ही कराने की मांग की है।

- ऑल इंडिया पावर इंजीनियरिंग फेडरेशन ने की मुख्यमंत्री से दखल देने की मांग

शैलेन्द्र दुबे के मुताबिक, राज्य विद्युत उत्पादन निगम द्वारा बीते 18 फरवरी को जारी टेंडर के माध्यम से विद्युत परियोजनाओं को देने का प्रस्ताव है। टेंडर की शर्तों के तहत निजी कंपनियों को मात्र 1.5 करोड़ रुपये प्रति मेगावाट की अग्रिम प्रीमियम राशि देकर परियोजनाओं का संचालन और नियंत्रण मिल जाएगा। इन परियोजनाओं में भोला (2.7 मेगावाट), सलावा (3 मेगावाट), निर्गजनी (5 मेगावाट), चित्तौड़ा (3 मेगावाट), पालड़ा (0.6 मेगावाट) और सुमेरा (1.5 मेगावाट) जल विद्युत गृह शामिल हैं। ये सभी परियोजनाएं अपर गंगा नहर पर स्थापित हैं, जोकि लगभग 90 से 97 वर्ष पुरानी बताई जा रही हैं।



एआईपीईएफ अध्यक्ष का कहना है कि अपर गंगा नहर में वर्ष भर जल उपलब्ध रहने से इन परियोजनाओं से लगातार बिजली उत्पादन संभव है। कम धन खर्च कर इन परियोजनाओं के आधुनिकीकरण का कार्य किया जा सकता है। आरोप यह भी है कि परियोजनाओं उत्पादन क्षमता 15.5 मेगावाट है, जबकि उसके स्थान पर 6.3 मेगावाट बताई गई है। इस तरह कम मूल्यांकन कर परिसंपत्तियां निजी हाथों में सौंपी जा रही हैं।

# सूची से सपा समर्थकों के नाम हटाने का आरोप

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश के विभिन्न जिलों में मतदाता सूची से नाम काटे जाने की शिकायतों को लेकर समाजवादी पार्टी ने राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। प्रदेश अध्यक्ष श्याल लाल पाल ने ज्ञापन के माध्यम से आरोप लगाए हैं कि फॉर्म-7 जमा कर सपा समर्थक मतदाताओं, विशेषकर मुस्लिम एवं पीडीए वर्ग के नाम हटाने की कार्रवाई तेजी से हो रही है।

ज्ञापन में फर्रूखाबाद, गोरखपुर, गाजियाबाद, बहराइच, देवरिया, आजमगढ़, कन्नौज और भदोही जिलों में बड़े पैमाने पर फॉर्म-7 जमा कर समाजवादी पार्टी समर्थक मतदाताओं, विशेषकर मुस्लिम एवं पीडीए वर्ग के नाम हटाने का आरोप लगाया गया है। फर्रूखाबाद सदर के कई बूथों पर दर्जनों फॉर्म-7 मिलने और कथित फर्जी हस्ताक्षरों की बात कही गई। गोरखपुर ग्रामीण में बूथ संख्या-339 के 498 मतदाताओं को 10 किमी दूर स्थानांतरित किए जाने पर आपत्ति जताई गई है, जबकि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अधिकतम दूरी दो किमी होनी चाहिए। बहराइच, देवरिया और आजमगढ़ में भी बड़ी संख्या में फॉर्म-7 जमा कर दबाव बनाने का आरोप है।

न्यूज ब्रीफ

## आवारा कुत्तों के हमले में चार लोग हुए घायल एक की हालत गंभीर

**सूरतगंज, बाराबंकी :** तीन बच्चों सहित एक व्यक्ति को आवारा कुत्तों के झुंड ने हमला बोलकर घायल कर दिया। बालिका को सर्जरी के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। थाना मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र के ईश्वरीसिंह मरौचा गांव में आवारा कुत्तों के झुंड ने हमला बोलकर चार वर्षीय सौम्या, छह साल के आदर्श, दस वर्षीय बिट्टू व 50 वर्षीय राजेंद्र कुमार को घायल कर दिया है। चेहरे पर हमले में गंभीर रूप से घायल सौम्या को जिला अस्पताल सर्जरी के लिए भेजा गया है। कुत्तों को पकड़ने के कोई इंतजाम प्रशासन नहीं कर रहा है। सौम्या के पिता मनीष शुक्ला ने बताया बच्चे घर के सामने खेल रहे थे तभी कुत्तों ने हमला बोल दिया।

## साइबर सेल ने खाते में वापस कराए ठगे गए 77 हजार रुपये

**बाराबंकी, अमृत विचार :** अज्ञात व्यक्ति द्वारा आवेदक को टेलीग्राम ग्रुप में जोड़कर पैसा दुगुना कराने के नाम पर 77 हजार रुपये की धोखाधड़ी कर ली गई। शिकायत मिलने पर साइबर सेल ने त्वरित प्रयास कर खाते में रुपये वापस कराए। आवेदक मोहित मिश्रा पुत्र शिवगोविंद मिश्रा निवासी ओमनगर नई बस्ती थाना कोतवाली नगर द्वारा व्हाट्सएप पर संपर्क कर टेलीग्राम ग्रुप में जोड़कर पैसा दुगुना कराने के नाम पर धोखाधड़ी कर लेने के सम्बन्ध में शिकायती पत्र दिया गया। संदर्भित प्रकरण में साइबर क्राइम सेल द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए संबंधित बैंक, मर्चेंट से समन्वय स्थापित कर 77,400 रुपये पीड़ित के खाते में वापस कराए। साइबर सेल टीम की सभी प्रशंसा कर रहे हैं।

# आयुष्मान कार्ड की धीमी गति पर डीएम नाराज

## कहा, स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में जिला स्वास्थ्य समिति (डीएचएस) की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं एवं सेवाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई।



बैठक में दिशा-निर्देश देते जिलाधिकारी। अमृत विचार

जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुसार आमजन को समयबद्ध, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आयुष्मान कार्ड निर्माण की धीमी गति पर उन्होंने नाराजगी जताई और शत-प्रतिशत पात्र लाभार्थियों के कार्ड शीघ्र बनाने के निर्देश दिए। चिकित्सकों को मरीजों को बाहर की दवाएं न लिखने के निर्देश भी दिए गए, साथ ही जन औषधि केंद्रों को पूर्ण रूप से सक्रिय रखने पर बल दिया गया। उन्होंने टीकाकरण सत्रों के नियमित आयोजन और शून्य सेशन की स्थिति नहीं रहने देने के निर्देश दिए तथा लक्ष्य से कम प्रगति वाले ब्लॉकों के अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने की बात कही। गर्भवती महिलाओं का पूर्ण पंजीकरण और प्रसव सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में कराने पर जोर दिया गया। आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में सीएचओ की समयबद्ध उपस्थिति, टेली-कंसल्टेशन, संस्थागत प्रसव, टीबी उपचार, टीकाकरण और मातृ एवं शिशु मृत्यु की शत-प्रतिशत रिपोर्टिंग पर भी जोर देते हुए जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य रैंकिंग सुधार के लिए सभी संबंधित अधिकारियों की सामूहिक जिम्मेदारी बताई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अवधेश कुमार यादव, अपर मुख्य चिकित्साधिकारीगण, सीएचसी अधीक्षक, बीपीएम, बीसीपीएम, आयुष्मान अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में रंगारंग प्रस्तुति देते बच्चे। अमृत विचार

## छात्रों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से मोह लिया मन

**बाराबंकी, अमृत विचार :** शहर आवास विकास कॉलोनी स्थित आकाश ग्लोबल स्कूल का वार्षिकोत्सव बड़े उत्साह से सम्पन्न हुआ। शुभारंभ मुख्य अतिथि, विद्यालय के चेयरमैन प्रदीप वर्मा एवं संगीत नाट्य अकादमी की सदस्य सरोज रावत ने दीप प्रज्ज्वलन व राष्ट्रगान से किया। निदेशिका पूनम वर्मा और प्रधानाचार्या साक्षी कालवानी ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। छात्र-छात्राओं ने मणिकर्णिका, राधा-कृष्ण का होली रास, सोलो भरतनाट्यम, सुमधुर गायन, बॉलीवुड थीम रैंपवॉक, महाभारत एक्ट, बालिका शिक्षा और मोबाइल एडिक्शन जैसे समसामयिक विषयों पर नाट्य प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का सबसे आकर्षक हिस्सा भव्य मानव पिरामिड रहा, जिसे देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। समारोह का समापन देशभक्ति गीतों के साथ हुआ। चेयरमैन प्रदीप वर्मा एवं अन्य अतिथियों ने छात्रों की प्रतिभा और शिक्षकों के समर्पण की प्रशंसा करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# बैठक कर प्रत्याशियों ने रखीं अपनी प्राथमिकताएं

**फतेहपुर, बाराबंकी:** दि बार एसोसिएशन के चुनाव के मद्देनजर स्थानीय बार सभागार में प्रत्याशियों की परिचर्चा बैठक आयोजित की गई। अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष द्वितीय और महामंत्री पद पर उम्मीदवारों ने अधिवक्ताओं के समक्ष अपनी प्राथमिकताएं रखीं और भारी बहुमत से समर्थन की गुजारिश की। अध्यक्ष पद के प्रत्याशी प्रेमचन्द्र पाल ने अधिवक्ताओं के सम्मान और सभी निर्णयों में उनकी सहमति लेने का वचन दिया। हरीश मौर्या ने कल्याणकारी योजनाओं को आगे बढ़ाने का आश्वासन दिया, जबकि प्रदीप कुमार निगम ने अपनी कार्यशैली और अधिवक्ताओं के हित के प्रति समर्पण पर जोर दिया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी राजीव नयन तिवारी ने रजिस्ट्री दफ्तर को तहसील परिसर से बाहर न जाने देने और कल्याणकारी योजनाओं को निरंतर गतिमान रखने का भरोसा दिलाया। महामंत्री पद के प्रत्याशी रामऔतार ने अधिवक्ताओं के हित और सम्मान के लिए लगातार संघर्ष करने का संकल्प जताया। इस मौके पर संजय सिंह नम्बरदार, अनीत रावत, अमर सिंह वर्मा, गणेश शंकर मिश्रा, सर्वेश श्रीवास्तव गोलू सहित अन्य प्रत्याशी उपस्थित रहे।

## किसान जैविक एवं प्राकृतिक खेती अपनाएं



किसानों को किट वितरित करके विधायक। अमृत विचार

**फतेहपुर, बाराबंकी :** विकासखण्ड के ग्राम असोहना में कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण योजनान्तर्गत विकास खण्ड स्तरीय रबी कृषि निवेश मेला, आत्मा एवं तिलहन योजना के अंतर्गत गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुर्सी विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विधायक ने कृषि, गन्ना, मत्स्य, उद्यान एवं पशुपालन विभागों तथा निजी विक्रेताओं के स्टालों का अवलोकन किया और दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक धीरेन्द्र सिंह, जिला कृषि अधिकारी राजित राम, भूमि संरक्षण अधिकारी कुर्सी डॉ. विनोद कुमार यादव, भूमि संरक्षण अधिकारी गोमती सौरभ कुमार तथा जिला कृषि रक्षा अधिकारी विजय कुमार मौजूद रहे। उप कृषि निदेशक ने विभागीय योजनाओं व संतुलित उर्वरक उपयोग की जानकारी दी। जिला कृषि अधिकारी ने गुणवत्तापूर्ण कृषि निवेश उपलब्धता पर जोर देते हुए किसानों से खरीद का बिल अवश्य लेने की अपील की। जिला कृषि रक्षा अधिकारी विजय कुमार ने आईपीएम पद्धति, बीजशोधन व भूमिशोधन के महत्व पर प्रकाश डाला। विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने किसानों से संतुलित उर्वरक उपयोग के साथ जैविक एवं प्राकृतिक खेती अपनाने की अपील की। कहा सरकार किसानों के हित में कार्य कर रही है। किसान योजनाओं की जानकारी लेकर समय से आवेदन करें।

## बुराइयों के त्याग का लिया संकल्प



शिव ध्वजारोहण करतीं सेवा केंद्र की संचालिका व अन्य। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र केसरीपुर में 90वीं त्रिमूर्ति शिवजयंती का आध्यात्मिक महोत्सव दिव्य वातावरण में मनाया गया। सेवाकेंद्र संचालिका बीके अनुराधा दीदी एवं बीके प्रीति दीदी के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रीय ब्रह्मावत्सों ने शिव ध्वजारोहण कर आत्म-परिवर्तन व बुराइयों के त्याग का संकल्प लिया। बीके अनुराधा दीदी ने कहा पर्व उस पावन क्षण की याद दिलाता है जब परमपिता शिव मानव आत्माओं को अज्ञान से ज्ञान की ओर ले जाते हैं। बीके प्रीति दीदी ने शिवरात्रि के आध्यात्मिक रहस्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संगम युग में परमात्मा शिव आत्माओं को उनके मूल स्वभाव की ओर लौटने की शिक्षा देते हैं। इस अवसर पर बीके पुष्पा माता ने प्रभु स्मृति का गीत प्रस्तुत किया।

# नहर में डूबे दो बालकों में एक का शव बरामद

**देवा, बाराबंकी:** सीतापुर में दो दिन पूर्व नहर में डूबे दो चचेरे भाईयों में एक का शव सोमवार को नहर से बरामद हुआ। दूसरे का पता अब तक नहीं चल सका है। पुलिस ने परिजनों को सूचित कर शव का पोस्टमार्टम कराया। इसके बाद परिजन शव लेकर चले गए। जानकारी के अनुसार सीतापुर जिला बिसवां थाना क्षेत्र के ग्राम बुढ़नापुर के रहने वाले इशरत खां का बेटा फैज 8 अपने चचेरे भाई फरीद नौ के साथ गत 20 फरवरी को शौच के लिए कोटरा पुल चौराहा गया था। यहां पर दोनो बालक शारदा नहर में डूब गए। इनके नहर में डूबने की खबर लगते ही परिजन बेहाल हो गए और तलाश शुरु कर दी लेकिन कुछ पता नहीं चला। अभी तलाश हो ही रही थी कि देवा कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मित्तई पुलिस चौकी अंतर्गत चकपुरवा गांव के पास नहर में बहता मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# डीएम-एसपी ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** सोमवार को यूपी बोर्ड की प्रथम पाली में आयोजित हाईस्कूल अंग्रेजी परीक्षा के दौरान जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के साथ दो परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया।



परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते डीएम और एसपी। अमृत विचार

जिलाधिकारी ने अजीमुद्दीन अशरफ़ इस्लामिया इंटर कॉलेज तथा जमील-उर-रहमान इस्लामिया गर्ल्स इंटर कॉलेज का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान कंट्रोल रूम में लगे सीसीटीवी कैमरों, प्रश्नपत्र वितरण प्रक्रिया, कक्ष निरीक्षण व्यवस्था और सुरक्षा प्रबंधों की गहन समीक्षा की गई। डीएम ने केंद्र व्यवस्थापकों को नकल रोकने के लिए सख्त निगरानी रखने और किसी भी अनियमितता पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही परीक्षार्थियों की तलाशी, पेयजल, शौचालय एवं साफ-सफाई की व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि परीक्षा की शुचिता से किसी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को आपसी समन्वय के साथ जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के निर्देश देते हुए दोहराया कि जिला प्रशासन परीक्षा को नकलविहीन, शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

# हमला कर दांत तोड़े, घर में घुसकर की तोड़फोड़

**जैदपुर, बाराबंकी:** थाना क्षेत्र के ग्राम हरख में पुरानी रंजिश के चलते दबंगों ने एक मजदूर के साथ मारपीट कर उसके दांत तोड़ दिए, फिर घर में घुसकर तोड़फोड़ भी की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया। क्षेत्र के हरख क्षेत्र निवासी पवन कुमार विश्वकर्मा के अनुसार, 20 फरवरी की रात करीब 9 बजे गांव के ही आशुतोष व संतोष पुत्र रामखेलावन सहित उनके परिवार के कुछ सदस्य शराब के नशे में उसके दरवाजे पर आकर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर सभी ने एकराय होकर लाठी-डंडों व लोहे की फुकनी से हमला कर दिया। हमले में पवन कुमार के आगे के 7-8 दांत हिल गए और मुंह से खून बहने लगा। आरोप है कि उसके शरीर पर भी गंभीर अंदरूनी चोटें आई हैं। शोर सुनकर उसका बेटा बाहर आया तो आरोपियों ने उसे भी दौड़ाया। जान बचाकर दोनों घर में घुसे तो हमलावर घर में घुस आए और मारपीट करते हुए बेटे का मोबाइल फोन छीनकर तोड़ दिया तथा गृहस्थी का सामान भी तहस-नहस कर दिया। घटना की सूचना डायल 112 पर दी गई।

# भाजपा के बूथ अध्यक्ष पर किया जानलेवा हमला

**फतेहपुर, बाराबंकी:** सोमवार सुबह बाइक से खेत जा रहे भाजपा नेता की आंख में मिर्च वाला स्प्रे डालने के बाद हमलावरों ने हत्या की नीयत से हमला कर दिया। गंभीर रूप से जख्मी नेता को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सरवा निवासी सतनाम वर्मा प्रतिदिन की भांति सोमवार की सुबह 7 बजे मोटरसाइकिल से खेत जा रहे थे। आरोप है कि रास्ते में अचानक गांव के दबंग लोगों ने उनकी आंख में मिर्ची वाला स्प्रे डाल दिया, जिससे वह सड़क पर गिर गए। इसके बाद दबंगों ने उनकी हत्या करने के इरादे से हथौड़ी व धारदार हथियार से सिर पर हमला कर दिया, सिर में गहरी चोटे आने से गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायल युवक को मरणासन्न अवस्था में छोड़कर दबंग भाग गये। घायल के पुत्र सतेंद्र वर्मा को जब इसकी जानकारी हुई तो तत्काल मौके पर पहुंचकर अपने घायल पिता को सीएचसी में भर्ती कराया गया।

## गेस्ट लेक्चर का किया गया आयोजन



गेस्ट लेक्चर के दौरान मौजूद कमेटी के लोग व अन्य। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** श्री रामस्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज की फैकल्टी गेस्ट लेक्चर, वर्कशॉप, कॉन्फ्रेंस एवं इंडस्ट्रियल विजिट कमेटी द्वारा सोमवार को विवि परिसर में गेस्ट लेक्चर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधि संकाय लखनऊ विवि के डॉ. आलोक कुमार यादव रहे। लेक्चर का विषय फंडामेंटल्स ऑफ कॉन्ट्रैक्ट ऑफ बैलमेंट था। प्रो. (डॉ.) आलोक कुमार यादव ने बैलमेंट की परिभाषा, उसके आवश्यक तत्वों और मूल सिद्धांतों पर विस्तार से चर्चा की तथा भारतीय संविदा अधिनियम, 1872 की संबंधित धाराओं का भी विश्लेषण किया। कार्यक्रम को विविके चांसलर इंजी. पंकज अग्रवाल, प्रो-चांसलर इंजी. पूजा अग्रवाल एवं कुलपति कर्नल डॉ. विजय तिवारी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। अध्यक्षता निदेशक इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज प्रोफेसर डॉ. नरेंद्र सिंह बहादुर ने की। संचालन समन्वयक डॉ. प्रशांत कुमार तथा कमेटी सदस्य डॉ. महेंद्र कुमार, आस्था मिश्र, आनंद कुमार और कुलदीप कुमार यादव ने किया।



छात्रा को सम्मानित करते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

## एक्सप्लोर स्कूल का वार्षिकोत्सव संपन्न

**बाराबंकी, अमृत विचार :** एक्सप्लोर स्कूल द्वारा आयोजित वार्षिक उत्सव ध्वनि 3 भव्य रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में नंदेश्वर सिंह, विवेक सिंह और डॉ. हरिशंकर सिंह शामिल रहे। विद्यालय के संस्थापक पुष्पेंद्र सिंह, चेयरमैन रौनित सिंह और निदेशक शुभांगी सिंह के मार्गदर्शन में छात्रों ने मंच पर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सात्विक सिंह ने शिव तांडव, प्रशंसा पांडेय ने पार्वती, मेधावी कौशल ने रानी लक्ष्मीबाई और प्रतीक तिवारी ने हिटलर की भूमिका प्रभावशाली ढंग से निभाई। सृष्टि वर्मा ने कृष्ण लीला प्रस्तुत की। अभिभावकों ने बच्चों के प्रदर्शन का भरपूर आनंद लिया और तालियों से उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम स्थल पर निःशुल्क स्नैक्स एवं कॉफी की भी व्यवस्था की गई। समारोह के समापन पर मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, निदेशक शुभांगी सिंह, प्रिंसिपल और अन्य अतिथियों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और अभिभावकों को सहभागिता के लिए धन्यवाद दिया।



बुके देकर सीवीओ का स्वागत करते संघ के पदाधिकारी।

## सीवीओ का किया स्वागत

**बाराबंकी, अमृत विचार :** नवागत मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनोद कुमार का सोमवार को विकास भवन कार्यालय में पशुधन प्रसार अधिकारी संघ के जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह एवं महामंत्री पंकज कुमार वर्मा ने बुके देकर स्वागत किया। इस अवसर पर संगठन के अन्य पदाधिकारी और कर्मचारी परिषद के अध्यक्ष मुस्तफा खां एवं महामंत्री गौरव वर्मा भी मौजूद रहे। जिला अध्यक्ष ने डॉ. विनोद कुमार का स्वागत करते हुए आश्वासन दिया कि पशुधन प्रसार अधिकारियों की लंबित समस्याओं का समय से निस्तारण किया जाएगा और विभागीय कार्यक्रमों के निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। इस मौके पर उपाध्यक्ष रामसनेही, मोइनुद्दीन और शिवेंद्र सहित अन्य पशुधन प्रसार अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# शंकराचार्य प्रकरण के लिए गठित हो न्यायिक कमीशन

**बाराबंकी, अमृत विचार:** ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरा नंद सरस्वती को राजनीतिक साजिश के तहत फर्जी आपराधिक वाद में फंसाया जा रहा है। ये बात रणधीर सिंह सुमन सदस्य कार्यकारिणी इंडियन एसो. आफ लायर्स ने मुख्य न्यायाधीश को लिखे गए पत्र में कही है। उन्होंने कहा संघ सनातनी हिन्दुओं के शंकराचार्य को बालभोग के आरोप में कुख्यात हिस्ट्रीशीटर द्वारा फर्जी साक्ष्य सृजित कर उनका उत्पीड़न करने की कोशिश कर रहा है। उसका मुख्य कारण यह है कि रामजन्म भूमि मंदिर पर संघ द्वारा ट्रस्ट बनाकर कब्जा किया जा चुका है, पार्टी विशेष के वोट सृजन का केन्द्र हिन्दुओं की भावनाओं को उग्र कर किया जा रहा है। इस राजनीतिक उपयोग के बाद संघ सनातनी हिन्दुओं के प्रमुख स्थानों को कब्जा कर लेने की नियत से षडयंत्र कर रहा और जो सनातनी हिंदू धर्मगुरु इस षड्यंत्र का विरोध करता है उसको सरकारी मशीनरी के सह पर ब्लैकमेलिंग कर अपने पक्ष में करने की कोशिश की जा रही है। शंकराचार्य ने माघ मेले में प्रयागराज में अव्यवस्थाओं को लेकर विरोध किया था। उसी विरोध के स्वर को दबाने को इस तरह के षडयंत्र किये जा रहे हैं।

## लाखों रुपये का घटिया खाद्य पदार्थ कराया नष्ट



कार्रवाई करती टीम। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** होली पर्व को देखते हुए सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय डॉ. शैलेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में सोमवार को नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में सघन छापामार अभियान चलाया गया। अभियान में खोया, दूध, नमकीन, मसाले, कचरी, पापड़ और छेना सहित कुल 10 खाद्य नमूने जांच के लिए संग्रहीत किए गए। अभियान के दौरान 60 किग्रा खोया और 250 लीटर दूध, 60 किग्रा मसाले, 370 किग्रा पापड़ और 90 किग्रा छेना खराब पाए जाने पर मौके पर ही नष्ट कर दिए गए। इनमें दूध और खोया की कीमत लगभग 35,000 रुपये, मसाले 48,000 रुपये, कचरी-पापड़ 22,500 रुपये और छेना 27,000 रुपये बताई गई। साथ ही 2,400 रुपये के 20 किलो पापड़ को भी सीज किया गया। अभियान में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी नीरद पांडेय, अरुण कुमार, अर्शी फारूकी, भगौती प्रसाद, पल्लवी तिवारी, अनुराधा मिश्रा और डॉ. अंकिता यादव मौजूद रहे।

आयोजन

हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव में मेधावियों का हुआ सम्मान

# मजबूत शैक्षिक नींव से उज्ज्वल होगा बच्चों का भविष्य

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** ब्लॉक संसाधन केंद्र बंकी स्थित कंपोजिट विद्यालय बड़ेल परिसर में विकास खंड बंकी व नगर क्षेत्र द्वारा सामूहिक रूप से 'हमारा आंगन हमारे बच्चे' उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन खंड शिक्षा अधिकारी बंकी एवं नगर क्षेत्र चंद्र शेखर यादव के निर्देशन में हुआ। इसका उद्देश्य नई शिक्षा नीति 2020 के तहत आंगनबाड़ी और प्राथमिक विद्यालयों के बीच सुचारु ट्रांजिशन, बुनियादी साक्षरता और खेल-खेल में शिक्षा को बढ़ावा देना रहा। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य डॉ. अवधेश कुमार व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक ने सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कंपोजिट विद्यालय बड़ेल के बच्चों ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया। प्राथमिक विद्यालय बनवा के बच्चों ने हमारा आंगन, हमारे बच्चे थीम पर घर से स्कूल की यात्रा की कहानी बयां की। उन्होंने दिखाया कि सही मार्गदर्शन मिलने पर बच्चे कितने खुश हो उठते हैं और उत्साह से कहते हैं, मुझे स्कूल जाना है। इस कहानी में उनकी शिक्षिका अजिता श्रीवास्तव ने भी अहम भूमिका निभाई। मुख्य अतिथि राजरानी रावत ने कहा कि बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा को सशक्त बनाने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग और आंगनबाड़ी के समन्वय से सरकार द्वारा अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। बीएसए नवीन कुमार पाठक ने कहा कि बाल वाटिका कार्यक्रम का उद्देश्य पूर्व-प्राथमिक शिक्षा के माध्यम से बच्चों को कक्षा-1 के लिए तैयार करना है। इस अवसर पर प्रत्येक न्याय पंचायत से बाल वाटिका के पांच-पांच निपुण बच्चों को स्टेशनरी किट व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया, साथ ही शिक्षकों को भी प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारी नगर क्षेत्र अनिल कुमार, सुपरवाइजर मीना कुमारी व अनीता कुमारी, जिला समन्वयक प्रशिक्षण विनीता मिश्रा, एआरपी सुभाष तिवारी, लक्ष्मी सिंह, शिक्षिकाएं सुषमा यादव, अल्का गौतम, ऋचा शर्मा, दीपिका सिंह, अजिता श्रीवास्तव सहित बंकी व नगर क्षेत्र के शिक्षक मौजूद रहे।




कार्यक्रम में मौजूद मुख्य व विशिष्ट अतिथि के साथ बीईओ व अन्य। अमृत विचार

## मजदूरी मांगने पर महिला को पीटा, मुकदमा दर्ज

**फतेहपुर, बाराबंकी :** कोतवाली क्षेत्र में बेटों की मजदूरी का रुपया मांगने पर एक महिला से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। ग्राम औरगांबाद पुरवा निवासी ज्ञानवती ने बताया कि उनके पुत्र अंकित व उत्तम ने ग्राम मदनापुर स्थित सोना कोल्ड स्टोरेज में 400 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से मजदूरी की थी। दोनों पुत्रों की कुल 4000 रुपये मजदूरी बनती थी। आरोप है कि 21 फरवरी को रामचन्दर व रामपाल पुत्रगण सुकूई ने मजदूरी की रकम ले ली और घर जाकर देने की बात कही। 22 फरवरी की सुबह वह मजदूरी लेने आरोपियों के घर पहुंची तो विपक्षी विवाद पर आमादा हो गए। आरोप है कि रामचन्दर, रामपाल के साथ पवन, छोटू पुत्रगण रामचन्दर, चन्द्रप्रभा पत्नी रामचन्दर व सुमन पत्नी पवन ने मिलकर लात-घूंसों से मारपीट की।

## परीक्षा देकर लौट रहे तीन छात्र समेत छह घायल

**रामनगर, बाराबंकी :** थाना क्षेत्र में सोमवार को अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में परीक्षा देकर घर लौट रहे तीन छात्रों समेत छह लोग घायल हो गए। पहला हादसा थाना क्षेत्र के लखनऊ-गोंडा हाईवे पर ग्राम कटियारा के पास हुआ। कस्बा व थाना रामनगर निवासी हरीश पुत्र सोनेलाल, आर्यन गुप्ता पुत्र सचिन तथा अमित पुत्र बलराम थाना मसौली क्षेत्र स्थित रफी मेमोरियल इंटर कॉलेज से हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षा देकर बाइक से घर लौट रहे थे। जैसे ही वे कटियारा गांव के पास पहुंचे, पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में तीनों छात्र घायल हो गए। दूसरा हादसा महादेवा स्थित हरिजन बस्ती के पास हुआ। महादेवा निवासी पिंटू पुत्र रामखेलावन पैदल सड़क से जा रहे थे। इसी दौरान ग्राम अम्बर सिंह पुरवा निवासी अंकुर पुत्र दिनेश अपने मित्र सौरभ पुत्र शिवराम के साथ बाइक से वहां पहुंचे। बाइक अनियंत्रित होकर पिंटू से जा टकराई, जिससे तीनों युवक घायल हो गए।

## किसानों को उनके अधिकार बताए

**हैदरगढ़, बाराबंकी :** ग्राम दरियाव सिंह का पुरवा में भारतीय किसान यूनियन टिकैत ब्लॉक इकाई हैदरगढ़ की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष डॉ हरी रामपाल ने की, जबकि तहसील अध्यक्ष अशोक सिंह और मंडल उपाध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह उपस्थित रहे। बैठक में किसानों को स्व0टिकैत की नीतियों से अवगत कराया गया और उनके हक व अधिकार के प्रति जागरूक किया गया। किसानों ने गलत बिजली बिल, खतौनी में नाम या अंश निर्धारण की समस्याओं का मुद्दा उठाया। पदाधिकारियों ने संबंधित विभागों से समाधान कराने का आश्वासन दिया और आवश्यकता पड़ने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी।

न्यूज ब्रीफ

### पुरानी रंजिश में पति पत्नी से मारपीट, चार नामजद पर रिपोर्ट

शुक्लागंज उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के गजिया खेड़ा गांव निवासी रंजीत की पत्नी पुष्पा ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि सोमवार सुबह आठ बजे पड़ोसी सलोनी, फूला देवी, शिवम व बाबूचंद्र गाली-गलौज कर रहे थे। विरोध करने पर आरोपियों ने उससे लात-घूंसों से मारपीट की। शोर सुन पति रंजीत बचाने पहुंचे तो उन लोगों ने उन्हें भी पीट दिया। इससे दोनों को चोटें आई हैं। पुलिस ने घायलों को मेडिकल के लिए भेजते हुए तहरीर के आधार पर सभी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

### पति समेत सात के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट

शुक्लागंज, उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के मनोहर नगर की विवाहिता ने ससुरालीजनों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर पति समेत 7 लोगों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। मनोहर नगर निवासी वसीम अहमद की बेटी मुमताज की शादी क्षेत्र निवासी दानिश अली से हुई थी। उसका आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही ससुराल वाले उस पर दहेज में 3 लाख रुपये लाने का दबाव बनाने लगे। मांग पूरी न होने पर उसे शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। आरोप है कि ससुरालियों ने उसे घर से निकाल दिया। पुलिस ने पति दानिश अली, सास बदरुन्निसा, जेठ फैजान अली, जेठानी शाहजहां खातून, जेठ साजिद अली आदि पर रिपोर्ट दर्ज की है।

# फंदे पर लटके मिले महिला और दो युवकों के शव

## नव विवाहिता की दादी ने ससुरालियों पर लगाया प्रताड़ना का आरोप, नायब तहसीलदार ने की मामले की जांच-पड़ताल

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** प्रेम विवाह के ढाई माह बाद विवाहिता का शव फंदे से लटका देख परिजनों में कोहराम मच गया। दादी ने ससुरालियों पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। इस पर नायब तहसीलदार ने जांच कर दो डॉक्टर के पैनल से वीडियोग्राफी के बीच शव का पोस्टमार्टम कराया है। वहीं पारिवारिक विवाद से ऊबकर कर दो युवकों ने खुदकुशी कर ली। संबंधित क्षेत्रों की पुलिस ने शवों के पोस्टमार्टम कराए है।

**दुपट्टे के फंदे से लटका नव विवाहिता का शव: बिछिया:** दही थाना क्षेत्र के पीतांबर नगर कोयला वाली गली निवासी पंकज लोधी पुत्र संतोष ने बीती 1 दिसंबर को खुशबू रावत (19) पुत्री स्व. सुरेंद्र से नवाबगंज दुर्गा मंदिर में प्रेमविवाह किया था। इसके बाद दोनों शिवनगर में कमलेश के मकान में किराए का कमरा लेकर रह रहे थे। सोमवार सुबह किसी बात पर पति-पत्नी में विवाद हुआ तो पंकज कहीं चला गया। तभी खुशबू ने कमरे के अंदर दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। देवर गोलू किसी काम से पहुंचा तो खुशबू को लटका देख शोर मचाया। दही पुलिस व फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्र किए। एसडीएम के निर्देश पर सदर तहसील की नायब तहसीलदार पूर्णिमा तिवारी ने जांच कर पंचनामा की कार्रवाई की। खुशबू की दादी केतकी निवासी मोहल्ला इब्राहिमबाग थाना दही ने आरोप लगाया कि शादी के बाद से पति पंकज, सास माधुरी व ससुर संतोष उसकी पौत्री को प्रताड़ित करते थे। उसने बताया कि खुशबू के पिता सुरेन्द्र ने बहु रेनू से विवाद के बाद आत्महत्या की थी। इसके बाद बहु एक बच्चे को अपने साथ लेकर चली गई। खुशबू दादी के पास रहती थी। डॉ. सुनील कुमार व डॉ. रमन सिंह ने वीडियोग्राफी के बीच शव का पोस्टमार्टम किया। इसमें हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई है। एसओ ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। तहरीर व पीएम रिपोर्ट मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



नवविवाहिता की मौत पर जांच करती पुलिस। ● अमृत विचार

### पत्नी के मायके जाने से ऊबे युवक ने लगाई फांसी

उन्नाव, अमृत विचार। आसीवन थानाक्षेत्र के नूरुल्लानगर गांव निवासी अमर बहादुर (36) पुत्र शिवबरन खेती करता था। पिता ने बताया कि बेटे की शादी सविता से हुई थी। पति-पत्नी में विवाद के चलते 7 साल पहले सविता दो बेटियों को लेकर चली गई थी। पत्नी व बेटियों के जाने के बाद से वह परेशान रहता था। इसके बाद मां कलावती की मौत हो गई। इससे वह अकेला पड़ गया था। रविवार रात वह खाना खाकर सोया था पर सोमवार सुबह उसका शव घर के दरवाजे पर कुंडे में गमछे के फंदे से लटका मिला। पिता ने बताया कि वह 3 भाइयों में बड़ा था। छोटे भाई संदीप की एक साल पहले कीटनाशक निगलने से मौत हो गई थी। दो बहने हैं उनकी शादी हो चुकी है। एसओ प्रदीप सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों ने किसी प्रकार का कोई आरोप नहीं लगाया है।

### युवक का फंदे से लटका मिला शव

**बिछिया, अमृत विचार।** दही थानाक्षेत्र के बुटवल गांव निवासी लल्लन (35) पुत्र रमेश फैक्ट्री में मजदूरी करता था। रविवार को वह अवकाश के चलते घर पर था। शाम करीब 5 बजे उसका शव कमरे में साड़ी के फंदे से लटका मिला। जांच में भाई सत्येंद्र ने पुलिस को बताया कि लल्लन की पत्नी गोमती से कहासुनी हुई थी। लेकिन यह नहीं पता था कि भाई यह कदम उठा लेंगे। पिता रमेश की पहले ही मौत हो चुकी है। बेटे की मौत से मां शिवदुलारी व अन्य परिजन बेहाल हैं। 5 बच्चों में तीन लड़कियां व दो लड़के हैं। एसओ ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि पति-पत्नी का विवाद हुआ था। परिजनों ने कोई आरोप नहीं लगाया है।

# गुणवत्तापूर्ण करें शिकायतों का निस्तारण

संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** कलक्ट्रेट सभागार में हुई समीक्षा बैठक में डीएम ने आम जनमान की शिकायतों व आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त संदर्भों के निस्तारण की गुणवत्ता को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि शिकायतों का निस्तारण सिर्फ कागजी खानापूर्ति नहीं बल्कि गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध होना चाहिए।

उन्होंने सभी तहसीलों, विकासखंडों व प्रमुख विभागों में पशुपालन, पंचायती राज, पूर्ति, स्वास्थ्य, विद्युत में आईजीआरएस सेल गठित करने के निर्देश दिए। तहसीलदार सेल के प्रभारी होंगे और एसडीएम इसकी साप्ताहिक समीक्षा करेंगे। बीडीओ की अध्यक्षता में सेल कार्य करेगा। हर सेल में एक विभागीय अधिकारी के साथ एक अधीनस्थ व एक कंप्यूटर ऑपरेटर तैनात रहेगा। समीक्षा के दौरान तहसील बीघापुर, पुरवा व बांगरमऊ में निस्तारण की खराब स्थिति पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। साथ ही बेसिक शिक्षा, पूर्ति विभाग, प्रोबेशन व विद्युत विभाग में अधिक संख्या में असंतुष्ट फीडबैक व खराब गुणवत्ता वाली आख्या अपलोड करने पर संबंधित अधिकारियों को चेतावनी दी। डीएम ने कहा कि अधिकारी कार्यालय पहुंचते ही सबसे पहले आईजीआरएस की समीक्षा करें और लंबित संदर्भों पर संबंधित से बात कर कार्रवाई करें। सभी अधिकारी अनिवार्य रूप से सुबह 10 से 12 बजे तक अपने कार्यालय में जनता की समस्याएं सुनें। शिकायत के डिफाल्टर होने से पहले उसका निस्तारण सुनिश्चित करें और शिकायतकर्ता से फीडबैक जरूर लें। बैठक में सीडीओ कृतिराज, एडीएम वित्त एवं राजस्व सुशील कुमार गोंड, एडीएम न्यायिक अमिताभ यादव, परियोजना निदेशक तेजवंत सिंह, जिला विकास अधिकारी देव चतुर्वेदी सहित आदि उपस्थित रहे।



समीक्षा बैठक में मातहतों को निर्देशित करते डीएम गौरांग राठी। ● अमृत विचार

# मालगाड़ी के आगे अज्ञात अधेड़ व किशोरी ने रख दिया सिर, मौत

**शुक्लागंज, उन्नाव।** कानपुर-लखनऊ रेल रूट पर सोमवार रात एक हृदयविदारक घटना ने सनसनी फैला दी। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के सहजनी रेलवे क्रॉसिंग से करीब सौ मीटर पहले डाउन लाइन पर एक अज्ञात युवक व किशोरी ने कथित तौर पर मालगाड़ी के आगे पटरी पर सिर रख दिया जिससे दोनों की मौत हो गई। ट्रैक पर शव पड़े रहने से तेजस एक्सप्रेस 33 मिनट तक खड़ी रही। गोमती एक्सप्रेस को भी कुछ देर रुकना पड़ा। रात करीब पौने नौ बजे कानपुर से लखनऊ की ओर जा रही मालगाड़ी जैसे ही सहजनी क्रॉसिंग के पास पहुंची, पहले से मौजूद 45 वर्षीय अधेड़ व 14 वर्षीय किशोरी उसकी चपेट में आ गए। किशोरी ने पटरी पर सिर रख दिया था। मालगाड़ी गुजरने के बाद उसका सिर धड़ से अलग हो गया और एक हाथ कट गया। वहीं करीब पांच मीटर की दूरी पर अधेड़ का शव भी क्षत-विक्षत पड़ा मिला। घटना की जानकारी मिलते ही गंगा घाट स्टेशन मास्टर ने आरपीएफ व जीआरपी को सूचना दी। आरपीएफ एसआई सुरजीत सिंह व जीआरपी के लोकेंद्र टीम संग मौके पर पहुंचे। मरहला चौकी इंचार्ज मूलचंद पाठक भी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। आसपास मौजूद लोगों से पहचान कराने का प्रयास किया गया लेकिन देर रात तक शिनाख्त नहीं हो सकी। इस बीच रात 8:52 बजे गंगाघाट स्टेशन पहुंची तेजस एक्सप्रेस को मेमो देकर आगे बढ़ाया गया लेकिन डाउन ट्रैक पर शव पड़े होने से रूट क्लीयर नहीं हो सका। परिणामस्वरूप ट्रेन घटनास्थल से कुछ दूरी पहले रोक दी गई। 8:54 बजे से 9:27 बजे तक करीब 33 मिनट तक तेजस खड़ी रही। शव हटाए जाने के बाद ही ट्रेन को रवाना किया जा सका। वहीं रात 9:20 बजे पहुंची गोमती एक्सप्रेस को भी सिग्नल नहीं मिलने से करीब चार मिनट तक स्टेशन पर रुकना पड़ा।

# दुष्कर्म के दोषी को 10 साल की सजा, 20 हजार जुर्माना

**उन्नाव, अमृत विचार।** किशोरी से दुष्कर्म करने के आरोपी युवक को कोर्ट ने दोषी ठहराते हुए 10 साल की सजा सुनाई। साथ ही उस पर 20 हजार का जुर्माना भी लगाया। बता दें कि माखी थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने सफीपुर कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि उसकी 14 वर्षीय बेटी 11 अगस्त-2020 को अपनी बहन के साथ सफीपुर कस्बा स्थित एक अस्पताल आई थी। मां व बहन के अस्पताल में रुकने पर बेटी घर लौट आई थी। 12 अगस्त-2020 को पूरा निस्फ पंसारी गांव के मजरा धौकल खेड़ा निवासी रेवती लाल उसकी बेटी को बहलाकर ले गया था। उसके साथ धौकल खेड़ा गांव निवासी सियाराम भी था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर तलाश कर आरोपी को गिरफ्तार कर किशोरी को बरामद कर कोर्ट में बयान दर्ज करवाए। जिसमें उसने रेवतीलाल पर दुष्कर्म करने की बात बताई थी। एसआई प्रमोद कुमार ने आरोपी के विरुद्ध साक्ष्य एकत्र कर 19 सितंबर-2020 को कोर्ट में चार्जशीट पेश की थी। सोमवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई में शासकीय अधिवक्ता चंद्रिका प्रसाद बाजपेयी की दलीलों व साक्ष्य के आधार पर जज विवेकानंद विश्वकर्मा ने रेवतीलाल को दोषी ठहराते हुए 10 साल की सजा सुनाई।

# बड़ा चौराहा पर स्थापित होगी शिव प्रतिमा

**उन्नाव, अमृत विचार।** शहर के हृदय स्थल बड़ा चौराहा के कायाकल्प व भगवान शंकर की भव्य मूर्ति के नवीनीकरण की बहुप्रतीक्षित परियोजना का सोमवार को शुभारंभ हुआ। आवास विकास विभाग द्वारा आयोजित इस भूमि पूजन कार्यक्रम में सदर विधायक पंकज गुप्ता मुख्य अतिथि रहे। स्थानीय लोगों ने भव्य रैली निकालकर ढोल-नगाड़ों व जयघोष के साथ विधायक का स्वागत किया।

सदर विधायक ने मंत्रोच्चारण के बीच भगवान शंकर की विधिविधान से पूजा-अर्चना की और नगर की सुख-समृद्धि, शांति व प्रगति की कामना की। इस दौरान विधायक ने कहा कि महादेव का आशीर्वाद पाना मेरे लिए भावुक व प्रेरणादायक क्षण है। यह कार्य केवल सौंदर्यीकरण नहीं बल्कि हमारी संस्कृति व आस्था को समर्पित एक पहल है। पूजा के बाद विधायक ने विभागीय जेई के साथ ब्लू प्रिंट के माध्यम से मौजूद लोगों को प्रस्तावित कार्यों की जानकारी दी। आगामी समय में बड़ा चौराहा पर आधुनिक प्रकाश व्यवस्था होगी इससे रात में भी चौराहा आलोकित रहेगा। आकर्षक डिजाइन जो नगर की आध्यात्मिक छवि प्रदर्शित करेगा। जाम से मुक्ति दिलाने हेतु व्यवस्थित ढांचा, श्रद्धालुओं व पर्यटकों के लिए शांतिपूर्ण स्थल भी बनेगा। इस दौरान अवनीश गुप्ता, बृजेश पाण्डेय, बृजेश वर्मा, रामजी गुप्ता, अमित निगम (लोली) मौजूद रहे।



बड़ा चौराहा पर भूमि पूजन करते सदर विधायक पंकज गुप्ता। ● अमृत विचार

### चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर कार्यक्रम 27 को

**उन्नाव, अमृत विचार।** चंद्रशेखर आजाद इंटर कॉलेज रसूलपुर सोहरामऊ में 27 फरवरी को शाम 4 बजे से क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद का बलिदान दिवस समारोह आयोजित होगा। यह जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक व विद्यालय प्रधानाचार्य अवधेश सिंह सेंगर ने बताया कि आजाद बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि समारोह, सम्मान समारोह, पुरस्कार वितरण, बच्चों के कार्यक्रम, मध्य निषेध विभाग उप्र द्वारा जादू कार्यक्रम व अखिल भारतीय कवि सम्मेलन भी आयोजित होगा। संयोजन वरिष्ठ कवि विद्याधर दीक्षित व अवधेश उन्नावी द्वारा किया जाएगा।

### तपेश्वरी माता मंदिर में भंडारे का आयोजन

शुक्लागंज, उन्नाव। पिपरी गांव स्थित तपेश्वरी माता मंदिर में सोमवार को विद्या मोटर्स की ओर से विशाल भंडारा आयोजित हुआ। इसकी शुरुआत पूजा-अर्चना व माता की आरती के साथ हुई। इसके बाद श्रद्धालुओं के लिए भंडारा शुरू हुआ। दोपहर 12 बजे शुरू हुआ भंडारा देरशाम तक चलता रहा। इसमें क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजकों ने श्रद्धालुओं के लिए बैठने, पेयजल व स्वच्छता की समुचित व्यवस्था की थी। भंडारे में महिलाओं, बच्चों व बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर हिस लिया। इसमें विमलकांत त्रिवेदी एडवोकेट, आशुतोष त्रिवेदी एडवोकेट, विनय गिरजाकांत, ज्ञानू मिश्रा, अजय मिश्रा, मनोज मिश्रा, सिब्बू पहलवान, शुभम अवस्थी, भास्कर आदि रहे।

### शास्त्री क्लब ने जीती सुखदेव प्रसाद क्रिकेट लीग



विजयी टीम के साथ मौजूद विधायक सदर, एसो. के पदाधिकारी व खिलाड़ी।

उन्नाव, अमृत विचार। जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित सुखदेव प्रसाद गुप्ता अंडर-16 जनपदीय क्रिकेट लीग का समापन सोमवार को सिविल लाइन स्थित एक गेस्ट हाउस में हुआ। फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए शास्त्री क्लब ने जीत हासिल की। जबकि कोलट्स क्लब उपविजेता रहा। मुख्य अतिथि सदर विधायक पंकज गुप्ता ने विजेता व उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्रॉफी व पुरस्कार दिये। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए उन्होंने एक कोच की भूमिका निभाई और कहा कि मेहनत ऐसी करो कि कुलदीप यादव व अर्चना देवी की तरह जिले का नाम पूरी दुनिया में रोशन हो। उप्र क्रिकेट डेवलपमेंट कमेटी अध्यक्ष अरविंद कुमार श्रीवास्तव ने स्व. सुखदेव प्रसाद गुप्ता के खेल योगदान को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी। इस दौरान आरके त्रिपाठी, महामंत्री पीके मिश्र, ओम मिश्रा, साकिर, संजय राठी, धनवंतरि देव गुप्ता, राजेश शुक्ला, राकेश अस्थाना, संजय शुक्ला, मंजूलता अवस्थी, मनीता सिंह सेंगर आदि मौजूद रहे।

### संस्थापक के सपनों को साकार करेंगे प्रतिनिधि

उन्नाव, अमृत विचार। विद्याशरण मिश्र इंटर कॉलेज हडड़ा के संस्थापक राजेंद्र मिश्रा मुन्ना की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित हुई। इसमें उनके शिक्षा क्षेत्र में किए गए कार्यों की सराहना की गई और उनके सपनों को पूरा करने में जनप्रतिनिधियों द्वारा सहयोग का आश्वासन दिया गया। इसमें शिक्षक विधायक राज बहादुर सिंह चंदेल की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि सभा का भी आयोजन हुआ। भगवंतनगर विधायक आशुतोष शुक्ला ने फूलमाला चढ़ाकर मुन्ना मिश्रा की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि दी। कहा कि मुन्ना मिश्रा सामाजिक व्यक्ति थे। जिन्होंने हड़हा क्षेत्र में बच्चों की शिक्षा के लिए विद्यालय खोलकर शिक्षा की अलख जगाने का कार्य किया था। उन्होंने विधायक निधि द्वारा निर्मित दो कक्षों का लोकार्पण किया। शिक्षक विधायक राज बहादुर सिंह चंदेल ने मुन्ना मिश्रा द्वारा शिक्षा क्षेत्र में किए कार्य की सराहना की। उन्होंने अपनी निधि द्वारा दिए गए आरो फ्रीजर प्लांट का लोकार्पण किया। इसमें भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, हरि सहाय मिश्र मदन ने मुन्ना मिश्र की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। संचालन सतीश तिवारी ने व आभार विद्यालय प्रबंधक अमन मिश्रा व विद्यालय प्रधानाचार्य प्रदीप तिवारी आदि ने व्यक्त किया। इस दौरान सीता शरण, यीशु शुक्ला, अंजिता मिश्रा, मलमऊ प्रधान प्रेम सिंह, रविंद्र, संजय पांडे, अमित शुक्ला, रणवीर, निखिल मिश्रा तथा सूर्य कुमार समेत कई लोग मौजूद रहे।

# हाईटेक हो रहा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम

**शुक्लागंज, उन्नाव।** सिकन्दरपुर सरोसी विकासखंड के अंतर्गत सरैयां गांव स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जा रहा है। युवा कल्याण विभाग की निधि से करी 34 लाख रुपये से गार्ड रूम, शौचालय, बाथरूम, ओपन जिम व सोलर हाईमास्ट लाइट का निर्माण तेजी से हो रहा है। सोमवार को कार्यदायी संस्था द्वारा मैदान में लेवलिंग का कार्य कराया गया। इससे खेल गतिविधियों के लिए बेहतर सतह उपलब्ध हो सके।

उल्लेखनीय है कि वर्ष-2023 में इस स्टेडियम का सौंदर्यीकरण मनरेगा की क्रिटिकल गैप्स योजना के तहत 45.61 लाख रुपये से हुआ था। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा कराए गए कार्य में दो चेंजिंग रूम, बास्केटबॉल कोर्ट, बैडमिंटन कोर्ट, 400 मीटर रनिंग ट्रैक, क्रिकेट पिच, मुख्य द्वार, हाईमास्ट लाइट व पवेलियन का निर्माण शामिल था। अब स्टेडियम को और अधिक हाईटेक बनाने की दिशा में काम हो रहा है।

ठेकेदार देशराज सिंह यादव के अनुसार वर्तमान में ग्राउंड की लेवलिंग कराई जा रही है। ओपन जिम के सभी उपकरण स्टेडियम परिसर में पहुंच चुके हैं तथा उनके लिए बेस भी तैयार किये गए हैं। इसके साथ 400 मीटर के मौजूदा रनिंग ट्रैक को चौड़ा होगा। सोलर ऊर्जा से संचालित हाईमास्ट लाइट लगने से शाम को भी खिलाड़ी बिना बाधा के अभ्यास कर सकेंगे।



स्टेडियम में होता ग्राउंड लेवलिंग कार्य। ● अमृत विचार

# फैक्ट्री के प्रदूषण से सांस लेना दूभर

**उन्नाव, अमृत विचार।** अकरमपुर औद्योगिक क्षेत्र स्थित रिमझिम स्टील फैक्ट्री द्वारा फैलाए जा रहे वायु व जल प्रदूषण ने स्थानीय निवासियों का जीना मुहाल कर दिया है। मानकों की अनदेखी व प्रशासन की कथित खानापूरी वाली जांच से आक्रोशित करीब दो सैकड़ा क्षेत्र वासियों ने रविवार को सिंगरोसी स्थित आंबेडकर पार्क में बैठक कर निर्णय लिया कि आगामी 24 फरवरी को सुबह 11 बजे जिलाधिकारी को सामूहिक शिकायतीपत्र देकर आर-पार की लड़ाई लड़ी जाएगी। बैठक में मौजूद लोगों ने बताया कि फैक्ट्री से निकलने वाले धुएं के साथ लोहे के सूक्ष्म कण रोज छतों, पेड़-पौधों व फसलों पर जम रहे हैं। आलम यह है कि होली के मद्देनजर महिलाएं छतों पर चिप्स व पापड़ जैसी खाद्य सामग्रियां भी नहीं बना पा रही हैं। पूर्व प्रवक्ता प्रदीप पासी ने कहा कि हवा व पानी पर सबका समान अधिकार है। लेकिन फैक्ट्री प्रबंधन ने यह अधिकार हमसे छीन लिया है। आरोप है फैक्ट्री के रसायनों के कारण क्षेत्र का पौराणिक तालाब इतना प्रदूषित हो चुका है कि उसमें मछलियां मर रही हैं। इतना ही नहीं इस जहरीले पानी को पीकर पालतू जानवर भी दम तोड़ रहे हैं। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेंद्र कुशवाहा ने कहा कि जनवरी माह में भी डीएम को मामले की लिखित शिकायत दी गई थी। लेकिन प्रशासन ने महज फैक्ट्री प्रबंधन को पत्र लिख खानापूरी कर दी।



बैठक करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

यूपी बोर्ड परीक्षा

## दोनों पालियों में 59912 परीक्षार्थियों में 2664 छात्रों ने छोड़ी परीक्षा

# नकलचियों की तलाश में छापेमारी करते रहे नोडल अधिकारी

संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटर की परीक्षाएं दो पालियों में हुईं। प्रथम पाली में हाईस्कूल अंग्रेजी व इंटर के व्यवसायिक ट्रेड की परीक्षा जिले के 122 केंद्रों में हुई। जबकि द्वितीय पाली में इंटर गणित व जीव विज्ञान की परीक्षा हुई।

प्रथम पाली में निदेशालय द्वारा नामित नोडल अधिकारी योगेंद्र सिंह ने बांगरमऊ क्षेत्र के कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया लेकिन, कोई नकलची नहीं मिला। जिला स्तर के सचल दलों ने डीआईओएस, बीएसए, जीआईसी प्रिंसिपल परमात्मा शरण, अदनान हाफीज, कमलेश कुमार व उपमा त्रिपाठी के नेतृत्व में आधा सैकड़ा से अधिक केंद्रों का निरीक्षण किया। सुबह पाली में हाईस्कूल अंग्रेजी में 28446 छात्रों में 36555 उपस्थित व 1891 अनुपस्थित रहे। इंटर की फल एवं खाद्य संरक्षण में 36 में सभी उपस्थित रहे। परिधान रचना एवं साज सज्जा में 81 में 79 उपस्थित रहे। रंगीन फोटोग्राफी में 37 में 34 उपस्थित रहे। बैंकिंग में 55 में 54 उपस्थित रहे, आशु लिप टंकण में 119 पंजीकृत छात्र उपस्थित रहे। टंकण हिंदी अंग्रेजी में 200 में 195 उपस्थित व 5अनुपस्थित व मुद्रण में 10 में से सभी उपस्थित रहे। इस प्रकार प्रथम पाली में 38984 में 37082 उपस्थित व 1902 अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में इंटर गणित विषय की परीक्षा में 4566 छात्रों में 4499 उपस्थित व 67 अनुपस्थित रहे। जबकि जीव विज्ञान में 16362 छात्रों में 15667 उपस्थित व 695 अनुपस्थित रहे। इस प्रकार द्वितीय पाली में 20928 में 20166 उपस्थित व 762 अनुपस्थित रहे। दोनों पालियों की परीक्षा में कुल 59912 में 57248 उपस्थिति व 2664 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। कंट्रोल रूम से निगरानी कर रहे।



परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करने पहुंचे अधिकारी। ● अमृत विचार

### साप्ताहिक बाजार के कारण फोरलेन पर जाम, रेंगते रहे वाहन

शुक्लागंज, उन्नाव। सोमवार को आजाद नगर की साप्ताहिक बाजार लगने से उन्नाव-कानपुर फोरलेन पर शाम को भीषण जाम लग गया। करीब एक घंटे तक चले जाम से राहगीरों व वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। जाम के दौरान कार, बाइक व भारी वाहन रेंगते नजर आए। शाम के समय बाजार में खरीदारी के लिए नगर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। अधिकतर लोगों ने अपने वाहन फोरलेन किनारे खड़े कर दिए जिससे सड़क की चौड़ाई कम हो गई। वहीं ई-रिक्शा चालकों ने भी सवारियों के इंतजार में सड़क पर रिक्शे रोक दिए। जिससे यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया। शाम छह बजे जाम हट सका लेकिन देरशाम तक वाहनों की रफ्तार धीमी बनी रही।

### 20 के काटे कनेक्शन, 2.28 लाख की वसूली

शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार। विद्युत विभाग द्वारा सोमवार को बड़े बकायेदारों के खिलाफ विशेष अभियान चला। इस दौरान फीडर एक से जुड़े अधिकांश मोहल्लों में टीम ने बकाया बिल न जमा करने वाले कॉमर्शियल उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे। साथ ही राजस्व की वसूली भी की। फीडर एक में जेई विजय पाल के नेतृत्व में विभागीय टीम ने गायत्री नगर, भातू फार्म, अंबिकापुरम, कंचन नगर, सर्वोदय नगर, रहमत नगर, आदर्श नगर व राजमार्ग के आंशिक क्षेत्रों में अभियान चलाया। जेई ने बताया कि इस दौरान 20 बड़े बकायेदार कॉमर्शियल उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए। इसमें 15 उपभोक्ताओं ने मौके पर बकाया बिल जमा किया। जिससे विभाग को 2 लाख 28 हजार राजस्व प्राप्त हुआ। जेई विजय पाल ने बताया कि भविष्य में भी इसी तरह बड़े बकायेदारों के विरुद्ध सख्त अभियान जारी रहेगा। ताकि समय पर राजस्व की वसूली सुनिश्चित की जा सके।



अभियान चलाते बिजली कर्मी।

### न्यूज ब्रीफ

**घर से किशोरी लापता गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज**

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** मंझिला थाना क्षेत्र के एक गांव से किशोरी के लापता हो जाने का मामला प्रकाश में आया है गुमशुदगी दर्ज कराई गई है। मंझिला थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले ग्रामीण के अनुसार उसकी 16 वर्षीय भतीजी 20 फरवरी को अचानक घर से गायब हो गई। सभी नाते, रिश्तेदारों एवं सहेलियों के यहां उसे ढूंढा गया परंतु कोई पता नहीं चल सका। प्रभारी निरीक्षक महिला सत्येंद्र कुमार ने बताया गुमशुदा दर्ज कर किशोरी की तलाश की जा रही है।

**स्वास्थ्य शिविर व कृषक मेले का आयोजन आज**

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बे के जूनियर हाई स्कूल मैदान में मंगलवार को विधायक आशीष सिंह आशू के पूज्य पिता प्रख्यात शिक्षाविद एवं लोकतंत्र सेनानी स्व. शिवराज सिंह की पुण्य स्मृति पर स्व. अलोक सिंह नीलू की आठवीं पुण्यतिथि पर 12 बजे विशाल स्वास्थ शिविर और विशाल कृषक मेले का आयोजन होगा। शाम 5.30 बजे कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया जाएगा।

**एचटी लाइन की चपेट में आई महिला, भर्ती**

**सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के अटवा गांव निवासी गुड्डी (40) पत्नी राधे लाल सोमवार को खेत पर घास लेने गई थी। जहां बगल के खेत से निकली एचटी लाइन के झूलते तार को देख नहीं सकी और उसकी चपेट में आ गई। उसकी चीख सुन खेत पर काम कर रहे ग्रामीण मौके पर पहुंचे और डंडे से तार अलग किया और झुलसी महिला को परिजनों की मदद से सीएचसी में भर्ती करवाया।

# बाइकों की टक्कर में दो की मौत

## सफीपुर कोतवाली अंतर्गत मियागंज मार्ग पर दुर्घटना, तीन लोग घायल

संवाददाता, सफीपुर उन्नाव




सीएचसी में घायलों का उपचार करते चिकित्सक व अस्पताल में भर्ती घायल बच्चा।

**अमृत विचार।** सफीपुर कोतवाली अंतर्गत मियागंज मार्ग पर गौरी गांव के सामने सोमवार शाम दो बाइकों की टक्कर में एक युवक की मौके पर मौत हो गई और बच्चे सहित 4 लोग घायल हो गए। 3 को जिला अस्पताल भेजा गया। जहां पहुंचने पर दूसरी बाइक चालक की भी मौत हो गई। हादसे के बाद अस्पताल में परिजनों ने हंगामा भी किया। लेकिन पुलिस ने समझाकर उन्हें शांत कराया और शव मोर्चरी भेजे।

औरास थानाक्षेत्र के लालता खेड़ा गांव निवासी छोटेलाल (27) पुत्र रामचंद्र अपनी बहन मालती (35) पत्नी पुरुषोत्तम निवासी अतरौली बिलग्राम हरदोई, भांजे कृष्णा (7) व भतीजी नैना (9) को लेकर फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के जमुनिहा कक्ष गांव निवासी छोटी बहन प्रीति पत्नी मनीष के बेटे का जन्मदिन कार्यक्रम में जा रहे थे। तभी सोमवार शाम 6 बजे कोतवाली क्षेत्र के गौरी गांव के सामने तेज रफ्तार बाइक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। दोनों बाइकों की रफ्तार अधिक होने से छोटेलाल, मालती, कृष्णा, नैना व दूसरी बाइक सवार आसीवन थानाक्षेत्र के उदशाह गांव निवासी बसंत (35) पुत्र मंगल घायल हो गए। पीछे से दूसरी बाइक से आ रहे छोटेलाल के भाई राहुल ने घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी सफीपुर पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने छोटेलाल को मृत घोषित कर दिया। कृष्णा व बसंत को जिला अस्पताल भेजा गया। जहां जांच के बाद डॉक्टर ने बसंत को भी मृत घोषित कर दिया। छोटेलाल की मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया और जन्मदिन समारोह की खुशियां मातम में बदल गईं।

# याद किए गए संत शिरोमणि गाडगे

संवाददाता, हरदोई



संत गाडगे महाराज के चित्र पर पुष्प अर्पित करते सपा नेता।

**अमृत विचार।** सपा जिला कार्यालय में सोमवार को पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा संत शिरोमणि गाडगे महाराज जी की जयंती उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं उन्हें नमन कर मनाई गई। कार्यक्रम में पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा उनके चित्र पर पुष्प माला अर्पित कर उनके विचारों को आत्मसात करने का भी निर्णय लिया।

सपा जिलाध्यक्ष शराफत अली ने गोष्ठी कर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संत गाडगे महाराज वैज्ञानिक समाज सुधारक थे दलित, वंचित, पीड़ित, शोषित समाज को जगाने के लिए उन्होंने पूरी जिंदगी भर साधना की एवं सरल भाषा में उन्होंने कीर्तन कर जनता को जगाने का काम किया उन्होंने अंधविश्वास पोषित स्वच्छता शिक्षा और अन्य मुद्दों को लेकर जनता के बीच में दिन-रात लगे रहे और उनको सुधारने के लिए अपनी पूरी जिंदगी कुर्बान की। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष अजय सिंह पाल, अमित बाजपेई, फूलचंद वर्मा, धर्मवीर यादव, जिला महासचिव चंद्रशेखर पाल सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

- **सपा कार्यालय पर आयोजित की गई गोष्ठी**

## युवक की मौत के बाद क्लीनिक को नोटिस

**उन्नाव, अमृत विचार।** औरास थानाक्षेत्र के रामपुर गढ़ौवा गांव में अवैध रूप से संचालित आर्या पॉली क्लीनिक में शनिवार को थानाक्षेत्र के हिमांचल खेड़ा गांव निवासी विशुन पाल का डॉक्टर ने इलाज किया था। हालत बिगड़ने पर डॉक्टर ने उसे लखनऊ रेफर कर दिया। जहां रास्ते में उसकी मौत हो गई थी। पिता राम खेलावन ने डॉक्टर व उसके सहयोगी पर केस दर्ज कराया था। युवक की मौत के बाद नींद से जागा स्वास्थ्य विभाग हरकत में आया और सोमवार को औरास सीएचसी अधीक्षक डॉ. अनूप तिवारी सहयोगी अजीत सिंह व अतीक के साथ आर्या पॉली क्लीनिक पहुंचे। जहां निरीक्षण में क्लीनिक में 3 बेड पड़े मिले और क्लीनिक बंद था।

# फरियादियों के साथ करें संवेदनशील व्यवहार

**पिहानी, हरदोई, अमृत विचार।** एडीशनल एसपी मार्तंड प्रकाश ने सोमवार को कोतवाली पिहानी का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कोतवाली परिसर की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। इस दौरान मेस, हेल्प डेस्क, अभिलेखों के रख-रखाव, साफ-सफाई तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की जांच की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के समय एडीशनल एसपी ने स्पष्ट कहा कि थाने पर आने वाले फरियादियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। हेल्प डेस्क को और अधिक सक्रिय रखने, शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करने तथा महिला, बुजुर्ग और जरूरतमंद फरियादियों के साथ संवेदनशील व्यवहार करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने थाने के स्टाफ से कहा कि ड्यूटी के दौरान अनुशासन और शालीनता का विशेष ध्यान रखा जाए। आगामी त्योहारों रमजान और होली को लेकर एडीशनल एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दोनों पर्व आपसी सौहार्द और भाईचारे के प्रतीक हैं, ऐसे में किसी भी प्रकार की अफवाह या शरारती तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाए। सोशल मीडिया पर फैलने वाली भ्रामक सूचनाओं पर तत्काल कार्रवाई करने और शांति व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाने के निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के बाद एडीशनल एसपी ने कोतवाली पिहानी पुलिस बल के साथ कस्बे में पैदल गश्त की। गश्त के दौरान उन्होंने दुकानदारों से संवाद कर सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग की अपील की और संदिग्ध गतिविधियों की तुरंत सूचना पुलिस को देने को कहा, वहीं बाजार क्षेत्र में मोटरसाइकिल सवार युवकों को बिना हेलमेट वाहन न चलाने की सख्त हिदायत दी गई। यातायात नियमों का पालन न करने वालों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की चेतावनी भी दी गई। इस अवसर पर कोतवाल छोटे लाल सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।



पैदल गश्त करते एएसपी मार्तंड प्रकाश व पुलिस बल।

- **एएसपी ने कोतवाली पिहानी का निरीक्षण कर दिए निर्देश**

## शिक्षक-शिक्षिकाओं ने किया टीईटी का विरोध

**हरदोई, अमृत विचार।** टीईटी अनिवार्यता के विरोध में परिषदीय शिक्षक-शिक्षिकाओं ने काली पट्टी बांध कर विरोध जताया। बताते चले कि परिषदीय विद्यालयों में पूर्व में तैनात शिक्षक-शिक्षिकाओं को सेवा में बने रहने एवं पदोन्नति के लिए टीईटी अनिवार्य कर दिया गया। इसका शिक्षक-शिक्षिकाएं विरोध कर रहे हैं। विरोध प्रदर्शन के क्रम में 23 से 25 फरवरी तक काली पट्टी बांध कर शिक्षक-शिक्षिकाएं शिक्षण कार्य करेंगे। सोमवार को जिले में शिक्षक-शिक्षिकाओं ने इस कानून के खिलाफ अपना विरोध जताया। शिक्षक नेता अंतर्यामी बाजपेई ने कहा कि केंद्र सरकार गुपचुप तरीके से यह संशोधन लाई, जिससे लाखों शिक्षक-शिक्षिकाओं के सामने संकट खड़ा हो गया है। शिक्षक भर्ती के जब भी, जो भी मापदण्ड सरकार द्वारा तय किए गए उनका पालन करते हुए शिक्षक भर्ती हुआ है।


**उत्तर रेलवे**

**ई—ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ0रे0–मण्डल–वाणिज्य/उ0रे0 |
|---|---|
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 14210-SLR-F1-LKO-PYGS-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.02.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि(समस्त लॉट) | 09.03.2026 at 10:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 09.03.2026 at 10:30 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 19402-SLR-F1-LKO-SBIB-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.02.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि(समस्त लॉट) | 09.03.2026 at 10:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 09.03.2026 at 10:40 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 12231-SLR-R1-LKO-CDG-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.02.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि(समस्त लॉट) | 09.03.2026 at 10:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 09.03.2026 at 10:50 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 14262-SLR-F2-LKO-GAYA-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.02.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि(समस्त लॉट) | 09.03.2026 at 10:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 09.03.2026 at 11:00 hrs |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

604/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# वाहन की टक्कर से अधेड़ की मौत

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बेरियागाड़ा के मजरा सिंघूपुर निवासी दीनदयाल 50 वर्ष सोमवार को गांव के मनोज पुत्र कल्लू और लालजी के साथ बाइक से बिल्हौर मार्ग स्थित ग्राम मदार नगर आया था। वह देरशाम बाइक से उतरकर पैदल सड़क के उस पार स्थित एक लकड़ी के टाल पर जा रहा था। तभी अचानक बांगरमऊ से तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन ने अधेड़ को रौंद दिया और बिल्हौर की तरफ भाग निकला। हादसे में अधेड़ लहूलुहान हो गया। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई और परिजनों सहित तमाम ग्रामीण अस्पताल आ पहुंचे। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अखिलेश चंद्र पांडेय ने बताया कि घटनास्थल के निकट लगे सीसीटीवी खंगालकर वाहन को ट्रेस किया जाएगा और चालक पर कार्यवाही की जाएगी। पति की अचानक मौत की खबर मिलते ही पत्नी दुन्नी देवी अस्पताल पहुंची और पति का शव देख बिलखने लगी। पिता की मौत से मृतक के तीनों बेटे रो-रोकर बेहाल हैं।

### सड़क हादसे में घायल वृद्ध ने तोड़ा दम

**उन्नाव, अमृत विचार।** औरास थानाक्षेत्र के मोसलावां गांव निवासी रामजीवन (80) 12 फरवरी की शाम अपने पौत्र के साथ हरदोई में मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने गया था। तभी थानाक्षेत्र के पूराचांद गांव के पास कार की टक्कर से रामजीवन घायल हो गया था। परिजनों ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया था। जहां से उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया था। लेकिन परिजन उसका एक निजी अस्पताल में इलाज करा रहे थे। जहां देररात उसकी मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर उनके सुपुर्द किया।

# बंधक बनाकर दुष्कर्म करने का आरोप

**सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र की युवती ने पुलिस को दी तहरीर में अपहरण व दुष्कर्म का आरोप लगाया है। उसकी शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर मुख्य आरोपी को पकड़कर कोर्ट में पेश किया है।

पीड़िता के अनुसार 15 मई 2025 को वह पावा गांव जा रही थी, तभी रास्ते में काली कार उसके पास आकर रुकी। आरोप है कि कार सवार हरदोई के मल्लावां थानाक्षेत्र के ठेठिया गांव निवासी जितेन्द्र, उसके पिता हरिश्चन्द्र, मां तारा व भाई मुकेश ने उसका अपहरण कर कार में बैठा लिया। बताया कि रिश्तेदारी में आने-जाने के कारण वह आरोपियों को पहले से जानती थी। आरोप है कि विरोध करने पर उसका मुंह दबाकर आंखों पर कपड़ा बांध दिया गया और अज्ञात स्थान पर ले जाया गया। वहां आरोपियों ने उसे धमकाया और जितेंद्र के साथ भेज दिया। जितेन्द्र उसे हैदराबाद के कलवा कुर्ती क्षेत्र ले गया जहां कमरे में बंधक बनाकर उससे लगातार दुष्कर्म करता रहा। कमरे से बाहर जाते समय वह बाहर से ताला लगा देता था। बताया कि आरोपी उसे नशीले इंजेक्शन व दवाएं देकर शारीरिक शोषण करता रहा। जिससे वह गर्भवती हो गई। उसने कई बार भागने की कोशिश की लेकिन सफल नहीं हुई। उसका कहना है कि आरोपी ने शादी का झांसा देकर फर्जी कागजों पर जबरन हस्ताक्षर कराए और वीडियो भी बनाया। बताया कि एक दिन वह कमरे में ताला लगाना भूल गया तो वह किसी तरह वहां से भागकर घर पहुंची और पुलिस को तहरीर दी। एसओ एसएन त्रिपाठी ने बताया कि युवती की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मुख्य आरोपी जितेंद्र को क्षेत्र के सदमपुर के पास से पकड़कर कोर्ट में पेश किया गया है।


**अमृत विचार**

**क्लासीफाइड**

**विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें**


# मधुमक्खियों के हमले से 3 महिलाओं समेत 9 घायल

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के गांव सहदानी में मांगलिक कार्यक्रम के दौरान मधुमक्खियों के झुंड ने ग्रामीणों पर हमला कर दिया। इसमें 3 महिलाओं समेत 9 लोग गंभीर घायल हो गए। जिनमें एक की हालत नाजुक होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। सहदानी गांव निवासी बड़ी संख्या में लोग सोमवार को गांव के एक बच्चे के अन्नप्राशन में आयोजित पूजा कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। कार्यक्रम रेलवे स्टेशन के पास स्थित ब्रम्ह बाबा स्थल पर चल रहा था। दोपहर में जब पूजा की रस्में निभाई जा रही थीं तभी अचानक मधुमक्खियों के एक झुंड ने मौजूद लोगों पर हमला बोल दिया। अचानक हुए हमले से वहां अफरा-तफरी मच गई। लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। लेकिन मधुमक्खियों ने उन्हें घेरकर बुरी तरह डंक मार दिए। जिसमे संदीप (40), सचिन (35), रेखा (45) पत्नी जीवनलाल व उनकी बेटी रेशू (23), श्यामलाल (70), नीरज (35), सरोज (40), सोबरन (62), सावित्री (50) आदि शामिल हैं। घटना के बाद ग्रामीणों की मदद से घायलों को सीएचसी बांगरमऊ लाया गया। जहां डॉक्टरों ने तत्काल उपचार शुरू किया। लेकिन नीरज की हालत अधिक बिगड़ते देख प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। अन्य घायलों का उपचार स्थानीय स्तर पर जारी है।

## टूरिस्ट ट्रैवलर अज्ञात वाहन में घुसा, चालक सहित 7 छात्र घायल

**उन्नाव, अमृत विचार।** कर्नाटक राज्य के जिला बेलगांव के हॉटीकल्चर कालेज अरभावी के बीएससी के 18 छात्रों का ग्रुप टूरिस्ट ट्रैवलर से आगरा घूमने आया था। रविवार रात सभी आगरा से अयोध्या के राम मंदिर जा रहे थे। तभी औरास क्षेत्र के लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे के सहदोई गांव के पास नेहरा बाबा देवस्थान के पास सोमवार भोर ट्रैवलर चालक अर्जुन सिंह को झपकी आ गई। इससे ट्रैवलर आगे चल रहे अज्ञात वाहन से टकरा गई और छात्रों में चीख पुकार मच गई। इसमें चंद्रशेखर (21), अमित (22), मनमीत (23), अनिल (23), विशाल 22, अमित (22) पुत्र दया व चालक अर्जुन सिंह घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस व यूपीडा कर्मियों ने घायलों को सीएचसी औरास पहुंचाया। जहां से अमित पुत्र राजेंद्र, चंद्रशेखर, मनमीत व अर्जुन सिंह को लखनऊ के ट्रामा सेंटर रेफर किया गया।


**कार्यालय जिलाधिकारी, अमेठी।**

संख्याः 809 जि0आ0अ0/आबकारी/अपील/चेता0/अमेठी दिनांकः 23 फरवरी 2026

**अपील/चेतावनी**

जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि होली के अवसर पर अवैध अड्डों से बिकने वाली अवैध मदिरा का सेवन न करें, क्योकि अवैध अड्डों से मिलने वाली मदिरा जहरीली हो सकती है तथा मिथाइल अल्कोहल भी हो सकता है, जो एक विष है तथा इसके अल्प मात्रा के सेवन से आंखों की रोशनी जाने के साथ ही व्यक्ति की मृत्यु भी हो सकती है। यदि किसी अवैध मदिरा की बिक्री की सूचना प्राप्त होती है तो तत्काल जनहित में जनपद के प्रशासनिक/पुलिस अधिकारियों को उनके दूरभाष नम्बर के साथ ही जिला आबकारी अधिकारी, अमेठी मोबाइल नम्बर– 9454465640, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र–1, मो0 नं0–6393505530, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र–2 मो0 नं0–9451900699, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र–3 मो0 नं0–8840750342, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र–4 मो0 नं0– 9454467092, आबकारी विभाग के टोल–फ्री नम्बर–14405 सूचना देने का कष्ट करें। सूचना व्हाटसएप द्वारा उपरोक्त मोबाइल नम्बर एवं कन्ट्रोल रूम व्हाटसएप नम्बर– 9454466019 पर संदेश द्वारा भी दी जा सकती है। आप द्वारा दी गयी सूचना ऐसे अड्डों पर तुरन्त प्रशासनिक कार्यवाही में मददगार एवं सम्भावित जनहानि को रोकने में उपयोगी हो सकती है। मदिरा के उपभोक्ता शराब दुकान से क्यूआर कोड लगी एवं सीलबंद मदिरा निर्धारित एम.आर.पी/विक्रय मूल्य पर पी.ओ.एस. मशीन से स्कैन कराकर ही खरीद कर सेवन करें। दुकान के आस–पास या सार्वजनिक स्थान पर मदिरापान करना निषेध है। यदि किसी के द्वारा इसका उल्लंघन किया जाता है तो उसके विरूद्ध कार्यवाही सम्भव हैं किसी भी समारोह स्थल यथा होटल/बैंकटहाल आदि पर वैवाहिक/जन्मदिन/वर्षगांठ/पार्टी/संगोष्ठी आदि के अवसर पर बिना अकेजनल बार अनुज्ञापन (एफ.एल.–11 लाइसेंस) प्राप्त किये बिना मदिरा पान कराने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। किसी भी प्रकार की शिकायत उपरोक्त नम्बरों पर तत्काल करने का कष्ट करें। सूचना देने वाले का नाम व पता गुप्त रखा जायेगा।

(अखिलेश कुमार आर्य)
जिला आबकारी अधिकारी,
अमेठी।

(संजय चौहान)
जिलाधिकारी,
अमेठी।


# संजय सिंह चौहान बने प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष

सफीपुर उन्नाव



ब्लाक अध्यक्ष संजय सिंह।

**अमृत विचार।** बीआरसी केंद्र अटवा में शनिवार को उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ की कार्यसमिति की बैठक हुई। इसमें सर्वसम्मति से संजय सिंह चौहान को ब्लॉक अध्यक्ष बनाया गया। जिससे शिक्षकों में हर्ष की लहर दौड़ गई। बैठक संघ जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे व जिला महामंत्री गजेंद्र वर्मा की उपस्थिति में हुआ। चुनाव व घोषणा की प्रक्रिया के दौरान जिला पदाधिकारियों ने संगठन की मजबूती पर जोर दिया। नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष ने जिम्मेदारी मिलने पर आभार जताया। इसमें संगठन की आगामी गतिविधियों व शिक्षकों से जुड़े विभिन्न लंबित मुद्दों पर चर्चा हुई। पदाधिकारियों ने एकजुट होकर शिक्षक हितों के लिए संघर्ष करने का संकल्प लिया। इस दौरान उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश द्विवेदी, कयामुद्दीन, संगठन मंत्री सुनील यादव, तहसील प्रभारी जगदीश शुक्ला, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।


**राज्य, पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ**

संख्या 3889/लखनऊ दिनांक 23 फरवरी 26

**आदेश** – संस्था ओमेक्स रेजीडेन्सी –। रेजीडेन्ट्स वेलफेयर एसोसिएशन, सरसवां, अर्जुनगंज, लखनऊ की प्रबन्धसमिति के निर्वाचन कराये जाने हेतु उपनिबन्धक, फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स, लखनऊ मण्डल, लखनऊ ने अपने आदेश संख्या 8772 दिनांक 21.02.2026 के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी को निर्वाचन अधिकारी नामित किया है।
**उपरोक्त आदेश के अनुपालन में प्रश्नगत संस्था की प्रबंधसमिति के निर्वाचन का कार्यक्रम निम्नवत प्रकाशित किया जाता है:–**

| क्रम सं0 | कार्यक्रम का विवरण | दिनांक व समय |
|---|---|---|
| 1. | नामांकन पत्र प्राप्त करने की तिथि | दिनांक 08.03.2026 प्रातः 11:00 बजे से अपरान्ह 01:00 बजे तक |
| 2. | नामांकन पत्र दाखिल करने की तिथि | दिनांक 09.03.2026 प्रातः 11:00 बजे से अपरान्ह 01:00 बजे |
| 3. | नामांकन पत्रों की जाँच एवं वैध नामांकन पत्रों का प्रकाशन | दिनांक 09.03.2026 सायंकाल 06:00 बजे तक |
| 4. | नामांकन पत्र वापसी की तिथि | दिनांक 10.03.2026 अपरान्ह 01:00 बजे तक |
| 5. | वैध नामांकन पत्रों की पदवार सूची का प्रकाशन | दिनांक 10.03.2026 अपरान्ह 01:00 बजे तक |
| 6. | मतदान | दिनांक 12.03.2026 प्रातः 09:00 बजे से अपरान्ह 02:00 बजे तक |
| 7. | निर्वाचन परिणाम की घोषणा | दिनांक 12.03.2026 मतगणना के उपरान्त |

1. कमांक 1 से 7 तक निर्वाचन सम्बन्धी निर्धारित कार्यक्रमों का सम्पादन ओमेक्स रेजीडेन्सी –। रेजीडेन्ट्स वेलफेयर एसोसिएशन, सरसवां, अर्जुनगंज, लखनऊ में उपरोक्त दिनांक व समयानुसार सम्पन्न होगा।
2. निर्वाचन केवल अध्यक्ष–1, उपाध्यक्ष–1, सचिव–1, स० सचिव–1, कोषाध्यक्ष–1 एवं 5 कार्यकारिणी सदस्य सहित कुल 10 पदाधिकारी/सदस्य का कराया जायेगा।
3. प्रत्येक नामांकन पत्र रू0 3000/– जमा करके प्राप्त किया जा सकता है। नामांकन पत्र उसी व्यक्ति द्वारा जमा किया जायेगा, जिसके द्वारा कार्यकारिणी के किसी पद/सदस्य हेतु प्रत्याशी के रूप में उक्त नामांकन पत्र भरा गया हो। नामांकन किये जाने के समय प्रत्याशी प्रस्तावक व समर्थक द्वारा कार्यालय में निर्वाचन अधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर आपने पहचान पत्र की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
4. वह सदस्य ही मतदान में भाग ले सकता है, जिसके पास भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मान्य पहचान पत्रों में से कोई एक पहचान पत्र हो। मान्य पहचान पत्र के अभाव में कोई सदस्य मतदान में प्रतिभाग करने हेतु अर्ह नहीं होगा।
5. डिप्टी रजिस्ट्रार फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स, लखनऊ मण्डल, लखनऊ के आदेश संख्या 8772 दिनांक 21.02. 2026 के साथ संलग्न अन्तिम सूची में अंकित व्यक्ति ही निर्वाचन में प्रतिभाग करने हेतु अर्ह होंगें।
6 यदि निर्धारित तिथि में कोई राजकीय अवकाश होता है तो अवकाश बाद अगला कार्यदिवस प्रस्तावित कार्यक्रमानुसार माना जायेगा।

**(अजय कुमार शाही)** वरिष्ठ वित्त एवं लेखा अधिकारी/निर्वाचन अधिकारी



**सूचना**

मैं गीता पत्नी शिवगोपाल नि. ग्राम दुर्गा नगर ऊंचाहार देहात थाना व तहसील ऊंचाहार, जिला रायबरेली की निवासी हूं। मैं अपने पति शिवगोपाल पुत्र जवाहर लाल के कृत्यों से आजिज आ चुकी हूं। मैं और मेरा पुत्र अनुभव गोपाल व बहू शालिनी गुप्ता व पुत्री अवंतिका गुप्ता, पोता अनन्त गोपाल साहू का मेरे पति शिवगोपाल से कोई वास्ता और सरोकार नहीं होगा। उनके द्वारा किए गए कृत्यों के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**सूचना**

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम मोहम्मद आकिब अंसारी अंकित है। मैंने अपने पुत्र मोहम्मद आकिब अंसारी का नाम बदलकर मोहम्मद गाज़ी अंसारी कर लिया है। अब से मेरे पुत्र को मोहम्मद गाज़ी अंसारी के नाम से जाना व पहचाना जायेगा। **मोहम्मद एकराम अंसारी पुत्र स्व मोहम्मद असलम अंसारी निवासी 158/33 अल–अंसार काम्पलेक्स जीपी रोड अमीनाबाद इन्टर कालेज के पास लखनऊ**

**सूचना**

मैं नंबर 15579156L Rank-L/HAV RANVIR SINGH यूनिट 111 इंजीनियर रेजिमेंट c/o 99 APO मेरे सर्विस रेकार्ड में मेरे पिता का नाम SIDDHARTH SINGH गलत दर्ज है जब कि पिता का सही नाम SIDDARTH KUMAR है।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैने अपना नाम Gunjan Kumar Tolani से Gunjan Tolani कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। Gunjan Tolani D-1041, D-Block Indira Nagar Lucknow

**सूचना**

सूचित हो कि दिनांक 16.12.2025 को मैं अपना विशिष्ट बी0टी0सी0 वर्ष 2010 अनुक्रमांक–3330053 का मूल प्रमाण पत्र फोटोकॉपी कराने के लिए नवीपुरवा धर्मशाला रोड, जिला हरदोई ले जा रहा था। वापस आते समय मेरा विशिष्ट बी0टी0सी0 का मूल प्रमाण रास्ते में कहीं खो गया है। **सुभाष चन्द्र यादव पुत्र श्री राम शिरोमणि यादव मूल निवासी– ग्राम साढ़ापुर, पो0– गोनौली, जनपद– जौनपुर वर्तमान निवासी– नवीपुरवा धर्मशाला रोड, जिला हरदोई।**

**सूचना**

सूचित किया जाता है की मेरे पिता श्री राम जी श्रीवास्तव निवासी 569 घ / 195, बल्दी खेड़ा, कानपुर रोड, लखनऊ का निधन दिनांक 02 मई 2021 को हो गया था। यह की प्लाट सं0–3, खसरा सं0 मिनजुमला 825 स्थित बल्दी खेड़ा, बरगवां, लखनऊ की संपत्ति पर पीरामल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा जारी लोन खाता सं0 06000000791 का पूर्ण भुगतान कर दिया गया है। माता व पिता दोनों के जीवित न रहने की स्थिति में संपत्ति के कागज मुझे दे दिए जाएँ। यह की पिता की मृत्यु के पश्चात अंशुमान खरे, अभिलाषा खरे, अनुराधा श्रीवास्तव तथा अंकिता खरे ही उनके उत्तराधिकारी हैं, अन्य कोई नहीं। **अंशुमान खरे, 569 घ/195, बल्दी खेड़ा, कानपुर रोड, लखनऊ, उ0 प्र0 –226012**

**सूचना**

मैं MOHAMMAD RUKSAR पुत्र श्री MOHAMMAD AZEEM निवासी ग्राम–अनारपट्टी, सराय टिकथा, पो0–बेलपुर, थाना–असन्दरा, बाराबंकी, उ0प्र0, सबको सूचित करता हूँ कि मैंने अपना नाम बदलकर MOHD RUKSAR कर लिया है, अतः आज से मुझे MOHD RUKSAR S/O MOHD AZEEM के नाम से जाना पहचाना व लिखा जाये।

**सूचना**

पहले मेरे शैक्षिक अभिलेखों में मेरा नाम SUSHEEL YADAV था अब मेरा नाम SUSHEEL KUMAR YADAV हो गया है अब भविष्य मे मुझे SUSHEEL KUMAR YADAV के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0- RAM CHANDRA YADAV ADD-212B/4, JAYANTIPUR, SULEM SARAI, PO-DHOOMANGANJ DIST-ALLAHABAD PRAYAGRAJ-211011(U.P.)

**सूचना**

मैंने अपना नाम PATESHER SONKAR से बदल कर PARESHAR SONKAR रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O: GOBRE SONKAR R/O:BADHI GAON ODAHI CHAMARPURWA SHRAWASTI UTTAR PRADESH 271831

**Public Notice**

I, Chanchal Kaur Popli, Daughter of Joginder Singh Popli and Wife of Harsh Malik, residing at L2/199, Sector G, LDA Colony, Kanpur Road, Lucknow, have changed my name from Chanchal Kaur Popli to Chanchal Kaur after my marriage.Henceforth, I shall be known as Chanchal Kaur for all purposes and records.

**सूचना**

मैं **आयुष सिंह राठौर पुत्र धर्मेंद्र सिंह निवासी 554/464 बी कैलाशपुरी आलमबाग लखनऊ के रतन खंड शारदा नगर लखनऊ** के प्लाट संख्या बी1/601 का अलाटमेंट लेटर तथा विक्रय विलेख संख्या–I– 15540/ 09 दिनांक 11 दिसंबर 2009 वही संख्या–1 जिल्द संख्या–10799 पृष्ठ संख्या–189 से 208 क्रमांक संख्या–15440 उप निबंधक प्रथम लखनऊ दिनांक 10 जनवरी 2026 आलमबाग से कहीं खो गया है।

**सूचना**

मैं **आशीष अग्रवाल पुत्र स्व. अशोक अग्रवाल नि0– ई– 3/169, सेक्टर–एच बजरंग बली वार्ड, अलीगंज जनपद लखनऊ** का हूँ। आशीष अग्रवाल व आशीष गुप्ता दोनों नाम शपथी के हैं। इसके अतिरिक्त मेरे आधार कार्ड नं0– 484299406362 के दस्तावेजों में पिता का नाम अशोक अग्रवाल व अशोक गुप्ता अंकित है। इन्हें इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **सी.आर.– 27/–L**

मुकद्दस रमज़ान



- छठा रोज़ा-
- अफ्तार-मंगलवार 6:07 बजे
- सातवां रोज़ा-
- सहरी-बुधवार 5:20 बजे।

न्यूज ब्रीफ

### विशाल कृषि मेला व संगोष्ठी आज

**हरदोई, अमृत विचार।** जिलाधिकारी अनुनय झा ने बताया है कि मंगलवार को जूनियर हाईस्कूल मैदान मल्लावां में एक दिवसीय विशाल कृषि मेला कृषि ज्ञान संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री द्वारा किसानों की आय दो गुनी करने के लक्ष्य के सापेक्ष अत्याधुनिक खेती, बागवानी, सब्जी, पशुपालन, मत्स्य, गन्ना आदि खेती के सम्बन्ध में कृषि वैज्ञानिकों एवं कृषि विशेषज्ञों द्वारा किसानों को विस्तृत जानकारी दी जायेगी।

### मारपीट में महिला घायल, दी तहरीर

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के सदरपुर गांव में बच्चों के बीच हुए मामूली विवाद में महिला के साथ मारपीट कर दी गई। घटना में 28 वर्षीय अजमेरुन पत्नी आमिर घायल हो गईं। घटना के बाद परिजन घायल महिला को लेकर थाने पहुंचे और लिखित शिकायत दी। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि गांव के ही कुछ लोगों ने एकजुट होकर उसके साथ मारपीट की, जिससे उसे चोटें आई हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार ने बताया कि घायल महिला को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया गया है।

# महापुरुषों की प्रतिमाओं का हुआ लोकार्पण एवं शिलान्यास

## जिला पंचायत के पांच वर्षों के विकास कार्यों की स्मारिका संकल्प पथ का हुआ विमोचन

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की भावना को सशक्त करने और राष्ट्र निर्माण मे अपना अमूल्य योगदान प्रदान करने वाले महापुरुषों के प्रति सम्मान व्यक्त करने के उद्देश्य से जिला पंचायत परिसर में प्रभु श्रीराम द्वार, पं. दीनदयाल उपाध्याय द्वार का लोकार्पण व भारत रत्न डॉ. भीमराव रामजी अम्बेडकर, संत रविदास व संत गाड्गे बाबा की पुण्य स्मृति में नवनिर्मित प्रतिमाओं का अनावरण तथा जननायक मदारी पासी द्वार व रानी अवन्तीबाई लोधी द्वार के शिलान्यास समारोह का आयोजन किया गया। साथ ही विगत पांच वर्षों में जिला पंचायत द्वारा जनहित में कराये गए विकास कार्यों की स्मारिका संकल्प पथ का विमोचन मंचासीन अतिथियों द्वारा किया गया।



पुस्तक का विमोचन करते मंत्री नितिन अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती, भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन। अमृत विचार

मुख्य अतिथि राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल एवं अध्यक्ष जिला पंचायत प्रेमावती द्वारा डॉ. भीमराव रामजी अम्बेडकर, संत गाडगे बाबा, पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमाओं के अनावरण तथा नवनिर्मित प्रभु श्रीराम द्वार, पण्डित दीनदयाल उपाध्याय द्वार के लोकार्पण सहित जननायक मदारी पासी द्वार व रानी अवन्तीबाई लोधी द्वार का शिलान्यास एवं जिला पंचायत परिसर स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भूतपूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष निरंजन सिंह देव के प्रतिमा स्थल के जीर्णोद्धार/सौंदर्यीकरण कार्य का अनावरण कर, क्षेत्रवासियों को समर्पित किया गया। सदस्य राष्ट्रीय परिषद् भाजपा पीके वर्मा ने आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह में प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा उत्तर प्रदेश रामचंद्र कनौजिया, क्षेत्रीय अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा भगवती सागर, अपर मुख्य अधिकारी प्रदीप कुमार गुप्ता मौजूद रहे।

### महापुरुषों की प्रतिमाएं हमें उनके आदर्शों, त्याग और सेवा की प्रेरणा देती हैं : नितिन अग्रवाल

मुख्य अतिथि राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नितिन अग्रवाल ने कहा कि महापुरुषों की प्रतिमाएं हमें उनके आदर्शों, त्याग और सेवा की प्रेरणा देती हैं। विशिष्ट अतिथि रजनी तिवारी ने आयोजन हेतु जिला पंचायत को शुभकामनाएं प्रदान करते हुए कहा कि आज हम यहां केवल इन महापुरुषों की पुण्य स्मृति मे भव्य प्रतिमाओं व् स्वागत द्वारों का लोकार्पण व शिलान्यास ही नहीं कर रहे, बल्कि हम अपनी संस्कृति, इतिहास और निरंतर विकास यात्रा का एक नया अध्याय प्रारम्भ भी कर रहे हैं। अध्यक्ष जिला पंचायत प्रेमावती ने कहा कि हम सभी के लिए यह सौभाग्य की बात है कि आज जब पूरा देश महान समाज सुधारक व् कर्मयोगी संत गाडगे बाबा की 150वीं जयंती मना रहा है इस ऐतिहासिक दिवस पर हम सभी जिला पंचायत परिसर मे गाडगे जी की भव्य प्रतिमा के अनावरण के साक्षी बन रहे हैं।

# छह महीने बाद चेन स्नेचिंग मामले में दर्ज किया केस

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** जन्माष्टमी के दिन राम जानकी मंदिर गई वरिष्ठ पत्रकार की बेटी के साथ चेन स्नेचिंग जैसी वारदात हो गई। मामला दर्ज करने की बात पर लखनऊ चुंगी पुलिस चौकी प्रभारी का कहना था कि कोई पकड़ में आए या फिर लावारिस हाथ आती है तो उपलब्ध करा दी जाएगी, लेकिन कई महीने बाद भी कुछ नहीं हुआ, उसके बाद मामला एसपी के पास पहुंचा, उनके एक्शन में आते ही कोतवाली शहर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शहर की आवास विकास कालोनी (गल्ला मण्डी गेट) निवासी वरिष्ट पत्रकार रामस्वरुप पुत्र हज़ारीलाल ने एसपी को दी तहरीर में कहा था कि पिछले साल 16 अगस्त को जन्माष्टमी के दिन उनकी बेटी चांदनी रामजानकी मंदिर गई थी, वहीं उसके गले से सोने की चैन छिन गई, रामस्वरुप ने तहरीर में कहा है कि उन्होने इस बारे में जब लखनऊ चुंगी पुलिस चौकी प्रभारी को बताया तो उन्होने कहा कि कोई पकड़ में आया या लावारिस मिलती है तो उन्हे उपलब्ध करा दी जाएगी। लेकिन कई महीने बाद भी कुछ पता नहीं चला। इस मामले में एसपी के एक्शन में आने के बाद केस दर्ज किया गया है, जिसकी जांच एसआई वाशु कुमार को सौंपी गई है।

## युवती को फुसलाकर भगाने की रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के गांव से एक युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। आरोपी युवक के खिलाफ पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराई। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के एक ग्राम के रहने वाले पिता के अनुसार 4 फरवरी को उसके पुत्री घर पर अकेली थी। सुबह करीब 10 बजे अवनीश पुत्र बृजपाल निवासी ग्राम मुड़िया थाना जलालाबाद बहला फुसलाकर भगा ले गया। आरोपी युवक गांव में तेजाब बेचने आता था। जिसका ननिहाल फुन्ना निवासी नेवादा के यहां है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद राय ने बताया आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तलाश की जा रही है।

# 70 लाख की चोरी का खुलासा, दो गिरफ्तार

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** पुलिस ने प्रशासनिक अधिकारी के घर से हुई करीब 70 लाख की चोरी का खुलासा करने का दावा करते हुए मुठभेड़ में दो चोरों को दबोच लिया, दोनों चोरों के बाएं पैर में गोली लगी, दोनों के पास से चोरी हुए 5 लाख कैश में से सिर्फ दो हज़ार और दो किलो चांदी व 400 ग्राम सोने के ज़ेवर में से कुछ की बरामदगी होने की बात कही गई है।

बताते चलें कि 17 फरवरी की रात कोतवाली शहर के मोहल्ला आज़ाद नगर निवासी सिंचाई विभाग के प्रशासनिक अधिकारी सुनील जौहरी के घर का ताला तोड़ कर वहां से करीब दो किलो





मुठभेड़ में घायल होने के बाद आरोपियों को ले जाते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

चांदी और 400 ग्राम सोने के ज़ेवरों के अलावा बेटी की शादी के न्यौते में आया करीब 5 लाख रुपये चोरी हो गया था। पड़ोसी से इसका पता होने पर अगली सुबह अपने घर पहुंचे श्री जौहरी ने पुलिस को तहरीर देते हुए केस दर्ज कराया। पुलिस का दावा है कि रविवार की देर रात पता चला कि प्रशासनिक अधिकारी के घर हुई चोरी में शामिल बाइक सवार चोर बावन रोड बाईपास चौराहे की तरफ से आ रहे हैं। पुलिस टीम ने बावन रोड पर घेराबंदी कर ली, उसी बीच बाइक पर सवार दो युवक आते हुए दिखाई दिए। पुलिस के रोकने का इशारा करने पर गोली चला दी, बचाव के लिए पुलिस की तरफ से चली गोली उन दोनों के बाएं पैर में लगी और वहीं गिर पड़े। पुलिस ने बाएं पैर में गोली लगने से हमीरपुर ज़िले के कुन्हेटा थाना विम्बर निवासी धीरेंद्र सिंह उर्फ धीरज व बिहार के सिसहासी बाज़ार थाना पकरी दयाल ज़िला मोतीहारी निवासी कमरुद्दीन उर्फ कमरुल को दबोच लिया।

### धीरेंद्र पर गैर इरादतन हत्या का भी दर्ज है केस

पुलिस के मुताबिक उसकी पकड़ में आए धीरेंद्र सिंह उर्फ धीरज के खिलाफ आगरा और गौतमबुद्ध नगर में अलग-अलग 9 केस दर्ज है, जिनमें चोरी, माल बरामदगी, आर्म्स व एनडीपीएस एक्ट के अलावा गैर इरादतन हत्या का भी केस शामिल है।

# किशोरी का घर के अंदर फंदे से लटका मिला शव, तनाव में होने की जानकारी

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** 17 साल की किशोरी को घर पर छोड़कर उसकी मां और बड़ी बहन खेत पर गई थी। शाम को बहन जब खेत से घर लौटी तो कमरे में छोटी बहन का शव फांसी पर लटक रहा है। उसके शोर मचाने पर पड़ोसी भी आ गए। किशोरी के परिजनों का कहना है कि डिप्रेशन के चलते किशोरी ने ऐसा कदम उठाया, जबकि गांव में अलग ही चर्चा होती रही। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पुख्ता वजह का पता चल सकता है।



कोमल की फाइल फोटो।

हरपालपुर थाने के कलूटे पुरवा मजरा बेहटा हरी निवासी नृसिंह की 17 वर्षीय छोटी बेटी कोमल रविवार की दोपहर घर में अकेली थी, उसकी बड़ी बहन काजल मां रीतू व दोनों छोटे भाइयों के साथ खेत पर गई हुई थी। शाम को घर लौट कर मां रीतू घरेलू काम निपटाने लगी, जबकि काजल कमरें में गई, वहां कोमल का शव दुपट्टे से लटका देख कर वह चीखने-चिल्लाने लगी, शोर सुन कर मां और आस-पड़ोसी दौड़ कर आ गए। कोमल ने कब ऐसा कदम उठाया ? इस बारे में कोई पड़ोसी कुछ नहीं बता सका। खेती-बाड़ी करने वाले पिता नृसिंह ने बताया कि कुछ महीनों से कोमल डिप्रेशन में रह रही थी, उसी के चलते उसने आत्महत्या की, जबकि गांव वालों के बीच इधर-उधर की तमाम बातें हो रहीं हैं, पुलिस का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है, उसकी रिपोर्ट आने के बाद ही पूरे मामले की पुख्ता वजह सामने आ सकती है, फिलहाल जांच की जा रही है।

# खेत में बेहोश पड़ी छात्रा की मेडिकल कॉलेज में हुई मौत

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** प्राइमरी स्कूल की छात्रा मां के साथ खेत पर गई थी। वहां कुछ लोगों ने उसे बेहोश पड़ा देखा। मेडिकल कालेज में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। डाक्टरों का कहना है कि प्वायज़निंग से छात्रा की मौत हुई है।

लोनार थाने के बावन कस्बे के मोहल्ला भीख थोक निवासी रामेश्वर की 15 वर्षीय पुत्री अंशिका प्राइमरी स्कूल में कक्षा-3 की छात्रा थी। सोमवार को अंशिका अपनी मां अनीता के साथ खेत पर गई थी। अनीता ने बताया कि वह घर लौट गई, उसी बीच कुछ लोग अंशिका को बेहोशी की हालत में उठाकर लाए। उन्होने बताया था कि वह खेत पर बेहोश पड़ी थी। अंशिका को सीएचसी बावन ले जाया गया, वहां से मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है, उसकी रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। रामेश्वर की पांच बेटियों और दो बेटों में तीन अंशिका से बड़े और तीन उससे छोटे है।



अंशिका की फाइल फोटो।

# सास का अंतिम संस्कार कर लौट रहे दामाद की हादसे में मौत, कोहराम

**हरदोई/पाली।** सास के अंतिम संस्कार में शामिल दामाद पांचाल घाट से जैसे ही पुल पर पहुंचा, उसी बीच परिवहन निगम की रोडवेज़ बस ने टक्कर मार दी, उसे काफी गहरी चोंट पहुंची, उस बीच मौजूद ससुराल वाले उसे वहां से पीएचसी पाली उठा लाए, जहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई।

पाली थाने के बाबरपुर निवासी राजीव (50) की उसी थाने के कछेलिया गांव में ससुराल है, जहां उसकी सास की मौत हो गई थी। सोमवार को फर्रुखाबाद के पांचाल घाट पर अंतिम संस्कार हुआ, उसके बाद वापस घर आने के लिए जैसे ही घाट के पुल पर पहुंचा, उसी बीच परिवहन निगम की रोडवेज़ बस उसे टक्कर मारते हुए भाग निकली, हादसे की खबर सुनते ही घाट पर मौजूद ससुराल वाले दौड़ पड़े और राजीव को ट्रैक्टर-ट्राली से ले कर पीएचसी पाली पहुंचे, लेकिन वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। खेती-बाड़ी करने वाले राजीव के परिवार में एक बेटी जो कि 10 वीं की पढ़ाई कर रही है और उससे छोटा एक बेटा है। पुलिस हादसे की जांच कर रही है।

### मजदूरी कर रही महिला की हादसे में मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** मेडिकल कालेज के निर्माण में मजदूरी कर रही महिला सोमवार की शाम बाज़ार से पैदल घर जा रही थी। उसी बीच गांव की मोड़ पर उसे ई-रिक्शे ने टक्कर मार दी, मेडिकल कालेज पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। कोतवाली शहर के नन्हू पुरवा मजरा कसरावां निवासी पप्पू पेशे से मज़दूर है, लेकिन बीमारी के चलते वह काम पर नहीं जा रहा है, उसकी पत्नी निशा (50) निर्माणधीन मेडिकल कालेज में मजदूरी कर घरेलू खर्च उठा रही थी। सोमवार की शाम वह छुट्टी के बाद घर पहुंची और देर शाम वह बाजार से कुछ सौदा खरीद कर घर जा रही थीं। नन्हू पुरवा मोड़ के पास ई-रिक्शे ने टक्कर मार दी।



लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में सम्मान ग्रहण करतीं सीडीओ सान्या छाबड़ा।

### डीएम व सीडीओ को किया गया सम्मानित

**हरदोई, अमृत विचार।** जनपद में निराश्रित गोवंश संरक्षण व गोवंश आश्रय प्रबन्धन के क्षेत्र में किये गये उल्लेखनीय एवं उत्कृष्ट कार्यों के लिए जिलाधिकारी अनुनय झा, मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा. अशोक कुमार एवं सेनानी गौशाला संचालक धीरेन्द्र सिंह को लखनऊ में सम्मानित किया गया। सोमवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर, लखनऊ में आयोजित गोधन समागम-2026 कार्यक्रम में मंत्री दुग्ध विकास, पशुधन एवं राजनैतिक पेंशन उत्तर प्रदेश सरकार धर्मपाल सिंह व अपर मुख्य सचिव, पशुपालन, डेयरी विकास एवं मत्स्य पालन, उत्तर प्रदेश शासन मुकेश मेश्राम ने जिले के अधिकारियों को सम्मानित किया।

# गोद लिये गांव का नोडल अधिकारी करें भ्रमण

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** स्वामी विवेकानन्द सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग के गोद लिए विद्यालयों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

जिलाधिकारी ने सिडकों, एईएमआई, आबकारी, सिचाई, जल निगम आदि विभागों का प्रजेन्टेशन के माध्यम से पूर्व एवं अबतक के किये गये कार्यो की स्थिति का अवलोकन करते हुये निर्देशित किया कि विद्यालयों मे खिड़की दरवाजे, फारसीलिगं, टाईल्स एवं वाल पेंटिगं का कार्य को सुचारू रूप से कराया जाये, जिससे कि बच्चों की रूचि बढेगी। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी कार्य मानक के अनुरूप निर्धारित समय सीमा मे किये जाये। उन्होंने कहा कि खण्ड विकास अधिकारीगण एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका गोद लिये गांव का नियमित निरीक्षण करें व सभी कार्य यथाशीघ्र पूर्ण करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि0रा0 प्रियंका सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, सभी उपजिलाधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारी आदि उपस्थित रहे।



अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते डीएम अनुनय झा।

- सभी कार्य गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराएं : डीएम

# प्रेमिका के भाइयों ने युवक को पीटा, मेडिकल कॉलेज में भर्ती

**हरदोई, अमृत विचार।** प्रेमिका की शादी से एक दिन पहले उसके प्रेमी ने उसे बरगलाते हुए भाग चलने को कहा। प्रेमिका ने भी हां कर दी। लेकिन दोनों के भागने से पहले ही युवती के भाइयों को इसकी भनक लग गई। उन्होने बहन के प्रेमी को पकड़ कर पिटाई कर दी। बचाने पहुंची उसकी मां को भी चोंटे पहुंची है। प्रेमी को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है, पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

पिहानी रोड पर कोतवाली देहात का एक गांव है, सोमवार को गांव निवासी सत्येंद्र की उसी गांव के कुछ लोगों ने पिटाई कर दी। इसका पता होने पर सत्येंद्र की मां उसे बचाने दौड़ी, हमलावरों ने उसे भी नहीं छोड़ा। शोर सुन कर तमाम लोगों के आ जाने से हमलावर धमकाते हुए भाग निकले, जैसा कि बताते है कि करीब 6 साल से सत्येंद्र का गांव की एक युवती से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। उसी बीच युवती की शादी तय हो गई। मंगलवार को बारात आना तय है, सोमवार को सत्येंद्र अपनी प्रेमिका के पास पहुंचा और दोनों में बातें होने लगी, सत्येंद्र के भाग चलने को कहा, प्रेमिका ने हां भी कर दी, लेकिन इसी बीच प्रेमिका के भाइयों को इसका पता चल गया। उन्होनें ने सत्येंद्र की पिटाई कर दी।

जागरूकता | भाषण प्रतियोगिता में शताक्षी, चित्रकला में विनीत और क्विज में प्रिया रही अव्वल

# पोस्टर पर उकेरे सड़क सुरक्षा के विविध पहलू

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अभियान माह 2026 के तहत आयोजित किये जा रहे जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला में महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में शताक्षी द्विवेदी प्रथम, अंजलि द्वितीय तथा प्राची शुक्ला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों ने कहा कि हम युवाओं का कर्तव्य है कि हम सड़क सुरक्षा के नियमों का स्वयं भी पालन करें और समाज में भी इसकी जागरूकता फैलाएं। सड़क पर घायल व्यक्ति की मदद करने में पीछे न हटें। चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने सड़क सुरक्षा संबंधी विविध पहलुओं को अपने चित्रों के माध्यम से अभिव्यक्त किया। इस प्रतियोगिता में विनीत अवस्थी प्रथम, मुस्कान वर्मा द्वितीय तथा सोनम पाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सड़क सुरक्षा संबंधी क्विज प्रतियोगिता के प्रतिभागियों में प्रिया दीक्षित ने प्रथम, समीक्षा द्वितीय तथा शिवांगी पांडे, दर्शील महेंद्र एवं स्वीटी जोशी ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। उक्त प्रतियोगिताओं में डॉ० दिलप्रीत कौर, डॉ गुलशन कुमार, डॉ शैलजा शर्मा, डॉ शिवम मौर्य, डॉ कृष्ण कुमार कनौजिया, डॉ अर्पिता मौर्य, डॉ गुरविंदर कौर निर्णायक की भूमिका में रहे कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन डॉ. नमिता त्रिपाठी ने किया। प्राचार्य प्रोफेसर निखिलेश शरण ने प्रमाण पत्र प्रदान कर विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया।




सड़क सुरक्षा के नियमों को चित्रों के माध्यम से अभिव्यक्त करते छात्र-छात्राएं।

## खराब विद्युत पोलों की तुरंत कराई जाए मरम्मत

**हरदोई, अमृत विचार।** स्वामी विवेकानन्द सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में जिला उद्योग व व्यापार बंधु की बैठक हुई। बैठक में जिले के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों से जुड़े उद्यमियों की समस्याओं, आधारभूत सुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने गंगा देवी मार्ग से शुगर मिल कालोनी तक स्ट्रीट लाइट व सड़क चौड़ीकरण के सम्बन्ध मे जानकारी ली। हथौड़ा से बेरूआ थानगांव की खराब सड़क की समस्या के सम्बन्ध मे जिलाधिकारी ने सम्बन्धित को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने औद्योगिक क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति, सड़क, जल निकासी व अन्य आवश्यक सुविधाओं की स्थिति की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए।

# कोर्ट में वाद दायर करने से पहले आपसी सहमति से सुलझाया जा सकता है विवाद


संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई

**अमृत विचार।** विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम तहसील विधिक सेवा समिति बिलग्राम के सचिव/तहसीलदार यशवंत सिंह के निर्देशन में संपन्न हुआ।

शिविर में लीगल एड क्लीनिक के पीएलवी प्रदीप कुमार ने वैवाहिक मामलों के प्री-लिटिगेशन स्तर पर निस्तारण की प्रक्रिया समझाते हुए बताया कि वाद-पूर्व मध्यस्थता के माध्यम से अदालत में मुकदमा दायर करने से पहले आपसी सहमति से विवाद सुलझाया जा सकता है। यह प्रक्रिया गोपनीय, त्वरित और किफायती होती है तथा इसमें हुआ समझौता न्यायालय की डिक्री के समान मान्य होता है। इसके अलावा कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न अधिनियम, बच्चों के शिक्षा के अधिकार, तथा बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 की विस्तृत जानकारी दी गई। बाल विवाह को संज्ञेय व गैर जमानती अपराध बताते हुए कानूनी दंड का उल्लेख किया गया। तहसील प्रशासनिक अधिकारी साधना सिंह ने बालिकाओं को शिक्षा के महत्व पर बल दिया। साथ ही महिला हेल्पलाइन 1090, 181 व नालसा हेल्पलाइन 15100 की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में छात्र-छात्राएं एवं संस्थान के शिक्षक मौजूद रहे।




जागरूकता शिविर में जानकारी देते अतिथि। अमृत विचार



**रोजा**

**शिया**
सहरी : 05.06 बजे
अफ्तार : 06.17 बजे

**सुन्नी**
सहरी : 05.12 बजे
अफ्तार : 06.07 बजे

## न्यूज ब्रीफ

### बांसुरा चौकी में हुई मूर्ति की स्थापना

**रामपुर मथुरा, सीतापुर।** पुलिस चौकी बांसुरा में तीन दिवसीय अनुष्ठान के साथ नवनिर्मित मंदिर में शिवलिंग व नंदी की प्रतिमा स्थापित की गई। पंडित हरिहर दत्त शास्त्री व सत्यप्रकाश के सानिध्य में मुख्य यजमान पुष्पा देवी व बसंत लाल यादव ने विधि-विधान से पूजन संपन्न कराया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक ज्ञान तिवारी ने भी पहुंचकर पूजन-अर्चन किया। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी वेदप्रकाश श्रीवास्तव, थाना प्रभारी श्यामू कनौजिया और चौकी प्रभारी संजय सिंह सहित भारी संख्या में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि और पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### इंद्रेश महाराज के दर्शन के दौरान मासूम गंभीर

**औरंगाबाद, सीतापुर।** तीर्थ नगरी स्थित हनुमान गढ़ी में प्रसिद्ध कथावाचक इंद्रेश महाराज के दर्शन के दौरान मची अफरा-तफरी में एक मासूम बच्चा घायल हो गया। घटना उस समय हुई जब कथा समाप्त कर इंद्रेश महाराज हनुमान गढ़ी पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि सुरक्षा में तैनात उप निरीक्षक द्वारा श्रद्धालुओं को अचानक सीढ़ियों पर रोके जाने से भगदड़ की स्थिति बन गई। भीड़ के दबाव में राजीव असंतुलित होकर गिर पड़ा जिससे उसे गंभीर चोटें आईं हैं।

### हटाया गया अतिक्रमण थमाई गयी नोटिस

**मिश्रिख, सीतापुर।** 84 कोसी परिक्रमा को निर्विघ्न संपन्न कराने के लिए स्थानीय प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की। मेला अधिकारी व उप जिलाधिकारी अभिनंदन यादव के नेतृत्व में राजस्व, पुलिस और नगर पालिका की संयुक्त टीम ने परिक्रमा पथ पर अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण को ढहा दिया। यह अभियान तहसील चौराहे से लेकर मेला मैदान तक चलाया गया, श्रद्धालुओं और परिक्रमार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पूर्व में नोटिस दिए जाने के बावजूद जिन लोगों ने मार्ग से कब्जा नहीं हटाया था, उनके खिलाफ मौके अवैध निर्माण ध्वस्त कर दिए गए। शेष बचे अतिक्रमणकारियों को चेतावनी दी है कि यदि स्वत: अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तो प्रशासन बिना किसी रियायत के उसे ध्वस्त कर देगा।

# 50 हजार नहीं मिले तो मार डाला

## पिसावां थाना क्षेत्र में महिला की मौत, पति समेत पांच पर हत्या का आरोप, केस दर्ज

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार।** 11 लाख रुपये दहेज में देने के बावजूद पचास हजार की मांग की जा रही थी। पैसे न मिलने पर विवाहिता को मार डाला और आरोपी फरार हो गए। बढ़ते हंगामे और लगते आरोपों के बीच पुलिस ने रपट दर्ज कर ली है। पिसावां थानाक्षेत्र के बाजनगर गांव में हुई घटना के बाद से आरोपी फरार बताए जा रहे हैं।


तारा फाइल फोटो


घटना के बाद रोते-बिलखते परिवारीजन। अमृत विचार

पिसावां थानाक्षेत्र के बाजनगर गांव में तारा का शव संदिग्ध हालातों में घर में मिला। सूचना पाकर पिता कमलेश कुमार सहित अन्य लोग आ पहुंचे। पुलिस भी आ गई। पीड़ित पक्ष के मुताबिक, तारा का विवाह पिछले वर्ष 3 फरवरी को हुआ। दावा है कि शादी में उन लोगों ने दहेज में 11 लाख रुपये दिए। बाद में फिर मांग की जाने लगी। इसी को लेकर कभी लाठी डण्डों तो कभी करण्ट लगाया जाने लगा। पीड़ित पक्ष की मानें तो एक सप्ताह पूर्व भी पैसे की मांग की गई तो किसी तरह समझौता हुआ। आरोप है कि घटना से पहले गर्भवती तारा को इतनी यातनाएं शरीर पर दी गईं, जिससे उसकी मौत हो गई। बढ़ते हंगामे और आरोपों के बीच आरोपित फरार हो गए। थानाध्यक्ष पिसावां वीरेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# निबौरी खेल मैदान में एकजुट हुए 12 शाखाओं के 263 स्वयंसेवक

**लहरपुर, सीतापुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शाखा संगम कार्यक्रम विकास खंड क्षेत्र के ग्राम निबौरी स्थित खेल मैदान में संपन्न हुआ। क्षेत्र के ग्राम निबौरी खेल मैदान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शाखा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शाखा संगम कार्यक्रम में क्षेत्र में लगने वाली 12 शाखाओं के 263 स्वयंसेवकों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वज प्रणाम, व्यायाम, योगासन, सूर्य नमस्कार से हुआ। स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए रामनरेश ने बताया कि शाखा के माध्यम से हम


मैदान में खेलते स्वयंसेवक। अमृत विचार

किस प्रकार से अपने व्यक्तित्व का विकास कर सकते हैं, उन्होंने कहा कि शाखाओं के माध्यम से समाज में समरसता आती है और हिंदू समाज को संगठित करना युवा पीढ़ी को सद्चरित्र एवं राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा के साथ स्वयंसेवकों का सर्वांगीण विकास, संघ का प्रमुख उद्देश्य है। इस मौके पर स्वयंसेवकों के मध्य खेलों का भी आयोजन किया गया।

# रफ्तार की मार: महिला की मौत से गुस्साए लोगों ने रोका रास्ता, किया हंगामा

**मिश्रिख/नैमिषारण्य/औरंगाबाद।** सड़क पार कर बुजुर्ग महिला की वाहन की चपेट में आकर मौके पर मौत हो गई। पुत्र गंभीर रूप से घायल है। नाराज राहगीरों ने मिश्रिख-हरदोई मार्ग पर देर तक हंगामा काटा। मिश्रिख कोतवाली क्षेत्र की उत्तरधौना निवासी शांति देवी (70) पत्नी सोहन लाल अपने पुत्र बाबूलाल (45) के साथ खेत जा रही थीं। बताते हैं मां और बेटा गांव के बाहर स्थित मुख्य मार्ग पर पहुंचे, इसी दौरान डाले की चपेट में आ गए। हादसे में घायल शांति देवी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि बाबूलाल सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। नाराज राहगीर और ग्रामीणों ने वाहन अवरुद्ध कर देर तक हंगामा किया। ऐसे में लगभग पौन घंटे तक मिश्रिख- हरदोई मार्ग बाधित रहा। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। पुलिस ने केस दर्ज करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घायल पुत्र की हालत गंभीर बताई जा रही है।

# टूटी पुलिया हुई निर्मित, अतिक्रमण भी हटा

**खबर का असर**

- नैमिषारण्य क्षेत्र में टूटी पुलिया और लहरपुर में अतिक्रमण का उठाया था मुद्दा
- जिलाधिकारी ने लिया संज्ञान आनन-फानन में अधिकारियों ने व्यवस्थाएं कराईं दुरुस्त

अमृत विचार टीम, सीतापुर


मिश्रिख क्षेत्र के भैरमपुर मार्ग पर बनकर तैयार पुलिया। अमृत विचार

अमृत विचार की दो खबरों का बड़ा असर हुआ। उठे जनहित मुद्दे और उससे जुड़ी समस्या को जिलाधिकारी ने संज्ञान लिया। डीएम के आदेश के बाद मिश्रिख तहसील क्षेत्र में टूटी पुलिया बनी, वहीं लहरपुर क्षेत्र में अतिक्रमण को हटाया जा सका। बता दें कि मिश्रिख तहसील क्षेत्र के भैरमपुर मार्ग पर पुलिया टूट गई थी। ऐसे में परिक्रमार्थियों को हादसे का खतरा था। उधर, लहरपुर में सामाजिक कार्यकर्ता नुसरत अली गनेशपुर नेवादा स्थित राजकीय इंटर कालेज जाने वाले मार्ग व कॉलेज के निकट गंदगी के मुद्दे को उठाया, इसे भी प्रमुखता से प्रकाशित किया गया। दोनों की विषयों को जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने गंभीरता से लेते विभागीय निर्देश दिए। जेसीबी व ट्रैक्टर ट्राली की सहायता से कॉलेज जाने वाले मार्ग की सफाई करते हुए अतिक्रमण हटा। उधर, मिश्रिख क्षेत्र में पुलिया भी बनकर तैयार हुई।


जेसीबी से हटाया जाता कूड़ा व अतिक्रमण।

## 84 कोसी परिक्रमा का सामाजिक महत्व बताया

**औरंगाबाद, सीतापुर।** तीर्थराज नैमिषारण्य में जारी 84 कोसी परिक्रमा को काली पीठाधीश्वर एवं श्रीललिता देवी मंदिर के प्रधान पुजारी गोपाल शास्त्री ने समाज को आध्यात्मिक और नैतिक रूप से जाग्रत करने वाला दिव्य अभियान बताया है। कालीपीठ में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दौरान श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए उन्होंने परिक्रमा के गहरे धार्मिक व सामाजिक महत्व पर प्रकाश डाला। गोपाल शास्त्री ने कहा कि शास्त्रों के अनुसार, नैमिषारण्य वह पावन भूमि है जहां ऋषि-मुनियों ने लोककल्याण का मार्ग प्रशस्त किया था। 84 कोसी परिक्रमा उसी शाश्वत परंपरा का जीवंत स्वरूप है, जो मनुष्य को 'भोग से योग' और 'योग से मोक्ष' की ओर ले जाती है। कहा भागवत कथा हृदय में भक्ति जगाती है। भक्तों से परिक्रमा के दौरान स्वच्छता, संयम और अनुशासन बनाए रखने का आह्वान किया है।



गोपाल शास्त्री

## प्राकृतिक खेती से घटेगी लागत, बढ़ेगा मुनाफा


किसान कल्याण केंद्र में आयोजित चौपाल में मौजूद किसान। अमृत विचार

**लहरपुर, सीतापुर।** केसरीगंज स्थित किसान कल्याण केंद्र में राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती कार्यक्रम के अंतर्गत जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें ग्राम लालपुर और बसंतीपुर क्लस्टर के चयनित किसानों को रसायन मुक्त खेती के गुर सिखाए गए। कृषि वैज्ञानिक डॉ. शिशिर कांत सिंह ने कहा कि प्राकृतिक खेती न केवल उत्पादन लागत को कम करती है, बल्कि पर्यावरण और स्वास्थ्य के लिए भी वरदान है। उन्होंने पशुधन को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए जीवामृत, घन जीवामृत और बीजामृत बनाने की विधि विस्तार से समझाई। किसानों को बीजामृत और जीवामृत तैयार करने का व्यावहारिक ज्ञान दिया गया। कार्यक्रम में सहायक विकास अधिकारी राजकुमार वर्मा, पंकज पटेल (कृषि रक्षा), आशीष मिश्रा सहित गंगाराम, सर्वेश और भारी संख्या में कृषि सखियां व क्षेत्रीय किसान मौजूद रहे।

# युवक की मौत, परिजनों का हंगामा

संवाददाता सीतापुर


घटना के बाद मुख्य मार्ग पर मौजूद ग्रामीण और पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मारपीट में घायल युवक की मौत के बाद परिवार के लोगों और करीबियों ने हंगामा किया। दो घंटे तक सीतापुर-हरदोई मार्ग पर जाम जैसी स्थिति बनी रही। मुआवजे की मांग पर अड़े परिवार को आश्वासन के बाद ही शांत कराया जा सका। फिलहाल इलाके में पुलिस-पीएसी तैनात है। रामकोट थाना क्षेत्र की मधुवन विहार चौकी के रहीमपुर मडिया गांव में श्रमिक शत्रोहन राठौर दो दिन पूर्व अपने घर पर था। बताते हैं कि तभी उसकी बकरी पड़ोसी सोमेंद्र और परमेश्वर के घर में घुस गई। जिसको लेकर विपक्षियों से कहासुनी होने लगी। तभी विपक्षियों ने एकजाई होकर शत्रोहन के घर धावा बोला। बीच-बचाव के बीच पिता जगन्नाथ को ईंट से किए गए हमले के कारण गंभीर चोट आईं, उपचार के दौरान सोमवार को उसकी मौत हो गई। मौत के बाद पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया और सीतापुर-हरदोई मार्ग जाम हो गया। जाम जैसी स्थिति की जानकारी मिलने पर पड़ोस थानों का पुलिस बल आ गया। पीड़ित पक्ष का आरोप था कि विपक्षी सोमेंद्र, विमल और सतीश पर कठोर कार्रवाई नहीं की गई। दो घंटे तक चली मान-मनौव्वल के बीच स्थितियां शांत हो सकी। एएसपी विनायक गोपाल भोसले का कहना है कि एक आरोपी को हिरासत में लेकर अन्य आरोपियों पर कार्रवाई की जा रही है। स्थितियां शांत एवं सामान्य हैं।

# धारदार हथियार से हमले में तीन की हालत गंभीर

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार।** शहर की फलमंडी में वाहन खड़ा करने को लेकर विवाद हुआ। बातचीत इतनी बढ़ी कि धारदार हथियार के हमले में एक ही पक्ष के तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लिया है, पूछताछ की जा रही है।

कोतवाली नगर क्षेत्र के पुराना शहर वासी मोईन, मुजम्मिल सहित तीन लोग फलमण्डी में थे। इसी दौरान शफीक, फहीम, नफीस सहित अन्य लोग आ गए। बताते हैं कि बातचीत वाहन खड़ा करने को लेकर हुई, कुछ लोगों का ये भी कहना है कि विवाद पहले से चला आ रहा था। बातचीत बढ़ने पर मारपीट हुई, आरोप है कि शफीक और उसके साथियों ने मिलकर मोईन, मुजम्मिल और उसके साथी पर हमला कर दिया। धारदार हथियार के हमले में तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां मोईन की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने लखनऊ ट्रामा सेंटर में उपचार की सलाह दी।

कोतवाली प्रभारी नगर अनूप शुक्ला का कहना है कि केस दर्ज करते हुए दो लोगों से पूछताछ की जा रही है।

## केसरीगंज में सड़क चौड़ीकरण शुरू, लगा जाम


मुख्य मार्ग पर लगा भीषण जाम। अमृत विचार

**लहरपुर, सीतापुर।** सौंदर्यीकरण योजना के तहत लोक निर्माण विभाग ने केसरीगंज तिराहे से हरगांव मार्ग पर चौड़ीकरण कार्य प्रारंभ किया। करीब पांच माह के इंतजार के बाद शुरू हुए इस कार्य के कारण रविवार को राहगीरों को भारी जाम का सामना करना पड़ा। विभाग द्वारा तिराहे से हरगांव जाने वाले मार्ग की बाईं दिशा में 100 मीटर की लंबाई और डेढ़ मीटर की चौड़ाई बढ़ाई जा रही है। हालांकि, स्थानीय निवासियों प्रदीप जैन, अशोक गुप्ता और लाल कश्यप का कहना है कि महज 100 मीटर की दूरी तक चौड़ीकरण होने से जाम की समस्या का स्थायी समाधान नहीं होगा। ग्रामीणों ने मांग की है कि जब तक भारी वाहनों और गन्ने के ट्रकों के लिए बाईपास को दुरुस्त कर यातायात वहां डायवर्ट नहीं किया जाता, तब तक बाजार में अव्यवस्था बनी रहेगी। इस संबंध में पीडब्ल्यूडी के अवर अभियंता बाबूराम ने बताया कि विभाग को फिलहाल तिराहे से जुड़ने वाले मार्गों पर केवल 100-100 मीटर तक ही चौड़ीकरण कराने के निर्देश प्राप्त हैं।

## घुमंतू परिवारों को मिला सीएम आवास का तोहफा

**लहरपुर, सीतापुर।** जिलाधिकारी की विशेष पहल पर नगर के ठठेरी टोला निकट अग्नि शमन केंद्र के रायपुर गंज के भवानीपुर में विस्थापित किए गए 133 घुमंतू परिवारों के लिए मुख्यमंत्री आवास स्वीकृत हो गए हैं। शासन के उप सचिव अमरचंद ने जिलाधिकारी के पत्र पर विशेष परिस्थितियों में इन आवासों को मंजूरी दी है। बता दें कि रविवार को ही इन परिवारों को निर्धारित भूमि पर में बसाया गया था। आवास मिलने की सूचना से हकीम, खुशीराम, लक्ष्मी और निर्मला सहित सभी परिवारों में हर्ष की लहर है। तहसीलदार मनीष त्रिपाठी ने बताया कि बंजारा टाउनशिप में विस्थापित इन परिवारों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए सभी सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। जल्द ही यहां बाउंड्री वॉल, विद्यालय, पार्क और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी।



मनरेगा बचाओ यात्रा को संबोधित करते रत्नम राठौर। अमृत विचार

## मनरेगा को दफन कर गरीबों का हक छीन रही भाजपा: रत्नम

**सीतापुर, अमृत विचार।** मनरेगा बचाओ अभियान' के तहत विधानसभा प्रभारी रत्नम राठौर के नेतृत्व में अम्बोआ, त्रिलोकपुर और दोस्तपुर समेत कई गांवों में जनसभाएं आयोजित की गईं। रत्नम राठौर ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि सरकार तुगलकी फरमानों से मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना को खत्म कर गरीबों और बेरोजगारों के साथ अन्याय कर रही है। कार्यक्रम में सुनीला रावत ने कहा कि कांग्रेस के समय वरदान साबित हुई इस योजना को अब कागजों तक समेट दिया गया है। राधेश्याम कनौजिया ने मौजूदा शासन को अघोषित आपातकाल बताते हुए कहा कि पूंजीपतियों के हित में गरीबों का शोषण हो रहा है। दलित प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष विष्णु गौतम ने राहुल गांधी के नेतृत्व में संघर्ष का आह्वान किया। जिला उपाध्यक्ष शिव प्रकाश सिंह ने सांसद राकेश राठौर के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मेहनत रंग लाएगी। इस अवसर पर उदय राज सिंह, धनीराम लोधी और अनिल राठौर समेत भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# पुत्र के घर से जाने के बाद पिता ने लगाई फांसी

**महोली, सीतापुर।** ग्राम नियाजपुर मजरा इनायत नगर में उस समय हड़कंप मच गया, जब बेटे के घर से चले जाने से आहत एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल कर शव को कब्जे में ले लिया। ग्राम नियाजपुर मजरा इनायत नगर निवासी चंद्र प्रकाश वर्मा (48) पुत्र मथुरा प्रसाद वर्मा का पुत्र अंकित (22) बीती रात गांव की ही रोशनी (21) पुत्री सरोज वर्मा के साथ कहीं चला गया। सुबह जब इसकी जानकारी चंद्र प्रकाश को हुई तो उन्होंने दोनों की काफी तलाश की, लेकिन कोई पता नहीं चल सका। इससे क्षुब्ध होकर वह गांव के पश्चिम स्थित शिवरतन वर्मा के गिरे शीशम के पेड़ की डाल में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह ग्रामीणों ने शव लटकता देखा तो तत्काल रस्सी काटकर नीचे उतारा और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# जिला पर्यावरण समिति में तीन सदस्य नामित

संवाददाता सीतापुर

**अमृत विचार।** जनपद में पर्यावरण संरक्षण और जनसमस्याओं के प्रभावी निस्तारण के लिए जिला पर्यावरण समिति में तीन नए सदस्यों को नामित किया गया है। जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. की अध्यक्षता वाली इस समिति में जनभावनाओं को शासन के समक्ष रखने के लिए इन सदस्यों का मनोनयन किया गया है। प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी द्वारा जारी सूचना के अनुसार, नामित किए गए सदस्यों में अजय कुमार भार्गव, अम्बेडकर नगर, संजीव कुमार सक्सेना आवास विकास कॉलोनी व अम्बरीश कुमार ग्राम न्यामतपुर महमूदाबाद शामिल हैं। शासन के 14 जून के शासनादेश के क्रम में यह कार्रवाई की गई है, ताकि जिले में प्रदूषण नियंत्रण और पर्यावरणीय विषयों पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों के माध्यम से अनुश्रवण सुनिश्चित किया जा सके।


संजीव सक्सेना। अमृत विचार

## फसल नष्ट करने पर रालोद ने प्रशासन को घेरा


एडीएम को ज्ञापन सौंपते रालोद के पदाधिकारी। अमृत विचार

सीतापुर, अमृत विचार। राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के प्रदेश महासचिव आरपी सिंह चौहान ने सिधौली तहसील के ग्राम हिंडौरा में प्रशासन द्वारा गेहूं की फसल नष्ट किए जाने पर कड़ा विरोध जताया है। जिलाधिकारी को भेजे पत्र में उन्होंने इसे किसानों का शोषण करार दिया। आर पी सिंह चौहान ने तहसील प्रशासन से पांच बिंदुओं पर जवाब मांगते हुए पूछा है कि भूमि का चिन्हांकन किस आधार पर हुआ, धारा 67 का पालन क्यों नहीं किया गया और किसानों को नोटिस क्यों नहीं दिया गया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने संतोषजनक जवाब नहीं दिया, तो पार्टी जन आंदोलन करेगी और उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाएगी।

# हरदोई से सीतापुर पहुंचा रामादल

मिश्रिख/औरंगाबाद, सीतापुर

**अमृत विचार।** 84 कोसी परिक्रमा में रामादल ने दोपहर बाद जनपद की सीमा में प्रवेश किया। परिक्रमार्थी हरदोई स्थित पांचवें पड़ाव साखिन गोपालपुर से निकलकर कठिना-गोमती नदी संगम के द्रोणाचार्य घाट पहुंचे, जहां हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने स्नान किया। बाद में रामादल ने अपने छठे पड़ाव देवगवां में डेरा डाला। जिले में प्रवेश करने वाले श्रद्धालुओं का जगह-जगह स्वागत हुआ। इस दौरान जय-जय श्रीराम के जयकारे लगे। बड़ी संख्या में पुलिस व पीएसी बल मौजूद रहा।


सीमा में प्रवेश करता रामादल। अमृत विचार

**इन आश्रमों में रुका रामादल:** गोमती नदी के द्रोणाचार्य घाट के समीप बूढ़नपुर में श्रृंगी ऋषि आश्रम में श्रद्धालु ठहरे, देवगवां में हनुमान मंदिर, गुलवरी बाबा, माधव बल बाबा, काशीनाथ बाबा, प्राचीन तीर्थ और देव प्रयाग कुंड आदि धार्मिक स्थलों में भी दर्शन-पूजन किया।

**जगह-जगह भंडारे का आयोजन:** द्रोणाचार्य घाट से देवगवां पड़ाव तक कई स्थानों पर भंडारों का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं को खीर, तहरी और आलू-पूरी का भोज कराया। त मां भवानी शक्ति धाम में फल, आलू-पूरी का वितरण हुआ।

## बालिका से छेड़छाड़ विरोध करने पर पीटा

**लहरपुर, सीतापुर।** खेत में बथुआ बीनने गई दस वर्षीय बालिका के साथ बुरी नियत से छेड़छाड़ की गई। विरोध करने पर उसकी पिटाई भी हुई, बाद में आरोपी फरार हो गया। पुलिस ने कई घंटों की तलाश के बाद युवक को गिरफ्तार कर लिया है। केस दर्ज हो गया है। लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की दस वर्षीय बालिका घर से खेत गई थी। बथुआ बीन ही रही थी, आरोप है कि इसी दौरान बेनी सरांय गांव का युवक चित्र कुमार आ गया। बुरी नियत से छेड़छाड़ करने लगा। पीड़िता ने जब विरोध किया तो उस मारा-पीटा, बाद में चीख पुकार मचती देख फरार हो गया। खेत में काम कर रहे ग्रामीण पीड़िता को घर ले गया। फिर मामला कोतवाली पहुंचा। कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह का कहना है कि आरोप चित्र कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**महोली, सीतापुर।** पाल्हापुर गांव में रविवार को मोनू (27) का शव गांव के बाहर एक बाग में साड़ी के फंदे से लटका मिला। परिजनों के मुताबिक, मोनू शराब का आदी था। शनिवार को उसने घर में ही फांसी लगाने की कोशिश की थी। देर रात वह किसी तरह बंधन खोलकर भाग निकला और सुबह उसका शव बाग में मिला। वह कुछ समय पहले ही जेल से छूटकर आया था और मानसिक तनाव में था।

## हर्षोल्लास से मनी संत गाडगे महाराज की जयंती

**सीतापुर, अमृत विचार।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा राष्ट्रीय संत गाडगे महाराज की 150 वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष नागेंद्र वाल्मीकि ने की। मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष रामस्वरूप भार्गव ने संत गाडगे की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। वक्ताओं ने उनके स्वच्छता, शिक्षा और सामाजिक समरसता के विचारों पर प्रकाश डाला।

## बोर्ड परीक्षा में कई परीक्षार्थी रहे गैरहाजिर

**सीतापुर, अमृत विचार।** सोमवार को जनपद के 146 केंद्रों पर हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुईं। सचल दलों और शासन द्वारा नामित पर्यवेक्षक नीलम ने विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण किया। खास बात यह रही कि पहली और दूसरी पाली की परीक्षा में पूरे जिले में एक भी परीक्षार्थी नकल करते हुए नहीं पकड़ा गया। आंकड़ों के मुताबिक, हाईस्कूल अंग्रेजी में 2660 और इंटरमीडिएट जीव विज्ञान में 945 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

अमृत विचार
लखनऊ, मंगलवार, 24 फरवरी 2026
रायबरेली

## न्यूज ब्रीफ

### अंडरग्राउंड रेलवे पुल की मांग

**रायबरेली :** समाजसेवी राजेश त्रिवेदी ने रेल मंत्री को पत्र लिखकर पूरे पंडित धोबहा के पास अंडरग्राउंड रेलवे पुल बनाने की मांग की। उन्होंने भेजे गए पत्र में लिखा कि सिकंदरपुर, तिवारीपुर, पूरे पंडित, लक्ष्मणपुर, जगतपुर आदि गांव के लोगों को ब्लॉक मुख्यालय जिला मुख्यालय आने जाने के लिए रेलवे लाइन पर करना पड़ता है। पैदल वाले यात्री तो किसी तरह निकल जाते हैं, लेकिन मोटरसाइकिल और चार पहिया वाहन के आने-जाने के लिए कोई सुगम रास्ता नहीं है, जिससे गांव के लोगों को पांच किलोमीटर चक्कर लगाकर अपना सफर तय करना पड़ता है। रायबरेली-ऊंचाहार रेलखंड पर एक्सप्रेस व सुपरफास्ट ट्रेनों का आना-जाना भी लगा रहता है, जिससे दुर्घटनाओं का भय भी बना रहता है। कई बार दुर्घटनाएं हो भी चुकी, जिसका हवाला देते हुए रेल मंत्री से अंडरग्राउंड रेलवे पुल बनाए जाने की मांग की

### आदि शक्ति मां सूर्य कुमारी की पुण्य तिथि पर भंडारा सात को

**सरेनी :** आदि शक्ति मां भक्त सुरेश सेवा संस्थान द्वारा क्षेत्र के उत्तर वाहिनी गंगा तट गांव रालपुर में आदि शक्ति मां सूर्य कुमारी की पुण्य तिथि पर भंडारे का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी संस्थान के प्रबंधक सचिव डॉ. अंजनी कुमार अग्निहोत्री ने दी। उन्होंने बताया कि सात मार्च को भंडारा होगा। इससे पहले पूजन अर्चन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह भंडारा प्रतिवर्ष मनाया जाता है, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं।

### जमीन विवाद में मारपीट, केस दर्ज

**लालगंज :** कस्बे के पूरे देवी मोहल्ले में जमीन विवाद में रविवार को हुए संघर्ष में कोतवाली पुलिस ने झगड़ा फसाद करने वाले एक दर्जन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि एक पक्ष से शेर बहादुर सिंह एडवोकेट, अजमेर लोधी, अवधेश, अमरेश, मंजू देवी, सुनील और अनिल को नामजद किया गया है। दूसरे पक्ष से संतोष लोधी, नीरज, धीरज, सौरभ, प्रदीप और अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ कई संगीन धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

### निशान यात्रा आज

**रायबरेली :** श्री श्री मां शीतला शनि सरकार एवं खाटू सेवा समिति की ओर 24 फरवरी को भव्य निशान यात्रा निकाली जाएगी। यह जानकारी राघव मुरारका ने दिया। उन्होंने बताया कि यात्रा जगमोहनेश्वर धाम चंदापुर कोठी से सुबह नौ बजे यात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए अहियारायपुर स्थित खाटू श्याम मंदिर पहुंचेगी।

### संदिग्ध हालात में महिला की मौत

**अटौरा :** गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र की अटौरा चौकी क्षेत्र के पूरे बढ़ईन मजरे बरऊवा गांव में शनिवार की रात एक अधेड़ महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। रविवार की रात किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा पुलिस को फोन करके महिला की हत्या किये जाने की सूचना दी गई। जानकारी के अनुसार सुनीता (55) पत्नी मुनीम की शनिवार की रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के बेटे जो गैर प्रान्त में नौकरी करते है, उनके घर ना पहुंच पाने के कारण रविवार को मृतका का अंतिम संस्कार नहीं किया जा सका। थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा महिला की हत्या किए जाने की सूचना पुलिस को दी गई थी, जिसके चलते सोमवार की सुबह मौके पर पहुंचकर पुलिस ने छानबीन की तो महिला की मौत बीमारी के कारण स्वाभाविक पाई गई।

# विद्यालय से टीवी, यूपीएस और राशन समेत लाखों की चोरी

महराजगंज (रायबरेली)

**अमृत विचार।** चोरों के बुलंद हौसले शिक्षा के मंदिर को भी नहीं छोड़ रहे हैं। घटना कोटवा मोहम्मदाबाद गांव की है। रविवार की रात अज्ञात चोरों ने कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय को अपना निशाना बनाते हुए कमरों का ताला तोड़कर एक लाख रुपये से अधिक की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया।

चोरों ने कक्षाओं में अंदर रखे स्मार्ट टीवी और यूपीएस, कंप्यूटर की-बोर्ड, रसोई का सामान, गैस सिलेंडर, भगौना, कुकर व मिड-डे मील का राशन समेत काफी सामान उठा ले गए। सोमवार सुबह शिक्षक विद्यालय पहुंचे और कमरों के ताले टूटे देखे तो उनके होश उड़ गए। प्रधानाध्यापक विंदा प्रसाद श्रीवास्तव ने तुरंत इसकी सूचना ग्राम प्रधान और डायल 112 पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस और ग्राम प्रधान ने घटनास्थल का मुआयना कर चोरी की पुष्टि की।

प्रधानाध्यापक ने इस मामले की लिखित शिकायत स्थानीय कोतवाली और खंड शिक्षा अधिकारी से की है। कोतवाल जगदीश यादव का कहना है कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम ने जांच शुरू कर दी है। जल्द ही चोरों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

# व्यापारियों को न्याय दिलाने का काम करेगा व्यापार मंडल

लालगंज (रायबरेली)

**आयोजन**

- उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल दोसड़का बाजार का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**अमृत विचार।** सोमवार को उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल संगठन जिला लालगंज के अंतर्गत दोसड़का में संगठन के द्वारा पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। मुख्य अतिथि संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष बसंत सिंह बग्गा व जिला प्रभारी नगर अध्यक्ष लालगंज विवेक शर्मा, जिला अध्यक्ष रोहित सोनी, जिला महामंत्री अप्पू शर्मा, जिला उपाध्यक्ष सानू बाजपेई ने दो सड़का बाजार में पहुंचकर व्यापारियों को उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के साथ जोड़कर संगठन का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न कराया।

प्रदेश उपाध्यक्ष बसंत सिंह बग्गा ने कहा कि व्यापार मंडल का मजबूत संगठन बन जाने से बाजार में व्यापारियों का उत्पीड़न रोका जाएगा, जिससे व्यापारियों को मान सम्मान के साथ न्याय दिलाने का काम व्यापार मंडल करेगा। जिला प्रभारी विवेक शर्मा ने सम्मानित पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराया। इसमें बाजार के अध्यक्ष केडी सिंह, महामंत्री राघवेंद्र सिंह चौहान, कोषाध्यक्ष अमन सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मयंक दीक्षित, मंत्री रानी कौशल, तौफीक अहमद, संगठन मंत्री धीरज गौतम, संगठन मंत्री अंजनी शर्मा, उपाध्यक्ष शैलेश चौरसिया, मंत्री अभिषेक शर्मा, संगठन मंत्री विजयलक्ष्मी महिला विंग की प्रभारी बनाई गई।


व्यापारियों को शपथ ग्रहण कराते विवेक शर्मा और बसंत सिंह बग्गा। अमृत विचार

विवेक शर्मा ने सभी व्यापारियों को संगठन के प्रति निष्ठा के बाबत शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि संगठन मजबूती से व्यापारियों के मान सम्मान में काम करेगा। जिलाध्यक्ष रोहित सोनी ने कहा कि व्यापारियों का शोषण करने वालों के खिलाफ आवाज बुलंद कर लड़ाई लड़ीजाएगी। व्यापार मंडल का संगठन मजबूती से बन जाने से लालगंज संगठन और मजबूती से व्यापारियों के सम्मान की लड़ाई लड़ने का काम करेगा। इस अवसर पर संरक्षक शीलू सिंह, रनजीत सिंह भदौरिया ने कहा कि बाजार में संगठन बनने से पहले व्यापारियों के साथ अधिकारी उत्पीड़न करते थे लेकिन मजबूत व्यापार मंडल बनने से निश्चय ही व्यापारियों को संपूर्ण संरक्षण मिलेगा। प्रदेश संगठनमंत्री मुकेश रस्तोगी, जिला अध्यक्ष रोहित सोनी, जिला उपाध्यक्ष सानू बाजपेई ,जिला महामंत्री अप्पू शर्मा, संरक्षक अमरपाल सिंह, संरक्षक संजय सिंह, भानु सिंह, प्रवीण सिंह, भानु प्रताप सिंह, शिवम भदौरिया, संरक्षक सनी सिंह आदि मौजूद रहे।


# समूह में जुड़ने से महिलाओं में बढ़ा आत्मविश्वास

## सरस मेले में महिला समूह की महिलाओं को विधायक अदिति सिंह ने पुरस्कार देकर किया सम्मानित

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की ओर से जीआईसी में चल रहे तीन दिवसीय सरस मेले में समूह की महिलाओं की कार्यक्षमता की चहुंओर प्रशंसा हो रही है। कार्यक्रम के दूसरे दिनमुख्य अतिथि सदर विधायक अदिति सिंह ने समूह की महिलाओं द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया। साथ ही समूह द्वारा उत्पादित किये जा रहें उत्पादों को उच्च स्तर की मार्केटिंग व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु उत्पादों की खरीदारी कर समूह की महिलाओं को प्रोत्साहित किया गया। कहा कि समूह से जुड़ने के बाद महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ा है। इसका लाभ उन्हें ही नहीं बल्कि परिवार और समाज के लोगों को मिल रहा है।

कार्यक्रम में संचालित समस्त प्रेरणा कैंटीन और अन्य स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा व्यंजन प्रतियोगिता कराई गई।



मेले में महिलाओं को सम्मानित करतीं सदर विधायक अदिति सिंह, साथ में डीसी एनआरएलएम सविता सिंह। अमृत विचार

इसमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाली महिलाओं को प्रमाण-पत्र और विधायक द्वारा पुरुस्कृत किया गया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मेशन के समूहों द्वारा मल्टीग्रेन आटा, आलू चिप्स पापड, पापकार्न, झाड़ू, टॉयलेट क्लीनर, फ्लोर क्लीनर, कम्पोस्ट खाद्य आदि उत्पादों के स्टॉल, वन विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, आरसेटी, बाल विकास पुष्टाहार, महिला कल्याण विभाग, कृषि विभाग सहित अन्य विभागों के स्टॉल लगाये गयें। मेले में उत्पादों की बिक्री से महिलाओं में विशेष उत्साह रहा।

मुख्य अतिथि के साथ जिला विकास अधिकारी अरूण कुमार का उपायुक्त (स्वतः रोजगार) सविता सिंह ने स्वागत किया। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी अमावां संदीप कुमार, खंड विकास अधिकारी महराजगंज वर्षा सिंह, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मोहन त्रिपाठी सहित जिला पंचायत सदस्य राघवेन्द्र प्रताप सिंह, रामश्री, जिला मिशन प्रबधंक दिनेश कुमार, तीरथ कुमार, शैलेश कुमार आदि रहे।

### प्रशिक्षण से मातृ एनीमिया प्रबंधन को मजबूत करने की पहल

संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार। मातृ मृत्यु दर में कमी लाने और गर्भवती एवं धात्री में एनीमिया की प्रभावी रोकथाम एवं उपचार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चिकित्सा अधिकारियों और स्टाफ नर्सों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यूपीटीएसयू के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम का विषय "मातृ एनीमिया का समुचित प्रबंधन एवं एफआरयू स्तर पर एफसीएम की शुरुआत" रहा। कार्यक्रम का उद्घाटन महानिदेशक (प्रशिक्षण) डॉ. रंजना खरे द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि गर्भावस्था के दौरान एनीमिया मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के लिए गंभीर चुनौती है। एफआरयू स्तर पर एफसीएम की उपलब्धता से मध्यम एवं गंभीर एनीमिया से पीड़ित गर्भवती महिलाओं को शीघ्र एवं प्रभावी उपचार मिल सकेगा। प्रशिक्षक डॉ. अंजू अग्रवाल, विभागाध्यक्ष प्रसूति एवं स्त्री रोग, किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) ने बताया कि एनीमिया के कई कारण होते हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नवीन चंद्रा ने बताया कि एनीमिया प्रबंधन की यह पहल निश्चित रूप से सकारात्मक परिणाम देगी। यह मातृ स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे जनपद में सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान 10 एनीमिक गर्भवती महिलाओं को पोषण पोटली भी वितरित की गई। उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.शरद कुशवाहा, जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी डीएस अस्थाना, डॉ. शिवानी शुक्ला, डा साक्षी वर्मा, हेमंत शुक्ला, यासीन अहमद आदि मौजूद रहे।


महिला को पोषण पोटली देते सीएमओ डॉ. नवीन चंद्रा।

### सड़क किनारे अधेड़ का शव मिला जांच जारी

**खीरों, रायबरेली।** सोमवार की शाम सेमरी-खीरों-रायबरेली मार्ग पर लालपुर मजरे भीतरगांव के पास सड़क के किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में साइकिल सवार अधेड़ का शव पड़ा मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची गुरुबक्सगंज पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस और फॉरेंसिक टीम घटना की जांच कर रही है। मृतक भीतरगंज बाजार निवासी राजेश सोनी (45) पुत्र स्व. तुलसीराम की इकलौती बेटी अंजली सोनी की होली के बाद आगामी 11 मार्च को शादी होनी है। परिजनों ने बताया कि सोमवार को सुबह वह किसी काम से साइकिल द्वारा घर से निकले थे । देर शाम लालपुर मजरे भीतरगांव के पास स्थित एक पेट्रोल पम्प से लगभग 100 मी. दूर बाग के पास सड़क राजेश सोनी का शव पड़ा मिला।

# भांजी की शादी से लौट रहे मामा को अनियंत्रित वाहन ने मारी टक्कर, मौत

महराजगंज (रायबरेली)

- पूरे अवसेरी मजरे मोन गांव के पास हुआ हादसा, गांव में मातम

**अमृत विचार।** भांजी की शादी समारोह में शामिल होकर वापस लौट रहे मामा को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। घटना में गंभीर हालत युवक को लखनऊ ट्रॉमा सेंटर ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों समेत गांव में मातम का माहौल है। वहीं पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

घटना रविवार की देर रात की है। क्षेत्र के महाबलगंज मजरे सिकंदरपुर गांव निवासी पवन कुमार उर्फ पप्पू पुत्र ध्रुव प्रसाद रायबरेली में अपनी भांजी की शादी समारोह में शामिल होकर बाइक से देर रात लौट रहे थे। पूरे अवसेरी मजरे मोन गांव स्थित पराग डेयरी के सामने तेज़ रफ्तार अज्ञात वाहन से उनकी टक्कर हो गई। टक्कर के बाद आसपास के लोगों ने एम्बुलेंस की मदद से उन्हें सीएचसी पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने पवन कुमार को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल से उन्हें ट्रामा सेंटर के लिए ले जाते समय मौत हो गई। घटना की जानकारी होते ही परिजनों समेत गांव में कोहराम मच गया। घटना के बाद मृतक की पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चंदापुर थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।


पवन कुमार की फाइल फोटो।


बिलखते परिजन व जांच करती पुलिस।

# नगर पंचायत कार्यालय में लहरा रहा तिरंगा

शिवगढ़ (रायबरेली)

**अमृत विचार।** शिवगढ़ नगर पंचायत कार्यालय परिसर में लाखों की लागत से ऊंचे पोल पर विशाल राष्ट्रीय ध्वज की स्थापना की गई है, जिससे पूरे क्षेत्र में गर्व और देशभक्ति का भाव स्पष्ट रूप से देखा जा रहा है। नगर पंचायत द्वारा लगाए गए इस भव्य तिरंगे ने नगर की गरिमा में चार चांद लगा दिए हैं। दूर से ही लहराता तिरंगा राहगीरों और स्थानीय नागरिकों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।


नगर पंचायत में लगा राष्ट्रीय ध्वज।

राज्य वित्त आयोग 10.65 लाख की लागत से लगा राष्ट्रध्वज क्षेत्र का शान बना हुआ है। इससे जहां हर व्यक्ति के मन में मातृभूमि के प्रति प्रेम, सम्मान और समर्पण की भावना जागृत हो रहा है, वहीं कई किमी दूर से ही दिखाई देने से बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों के चेहरे पर विशेष उत्साह नजर आ रहा है। कई लोग रुककर ध्वज को नमन करते और सेल्फी लेते दिखाई दिए। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी स्वर्ण सिंह ने बताया कि तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि देश की आन-बान और शान का प्रतीक है। इस पहल का उद्देश्य नागरिकों में राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करना और आने वाली पीढ़ी को देश के प्रति अपने कर्तव्यों का बोध कराना है। शाम के समय रोशनी में जगमगाता तिरंगा अत्यंत मनोहारी दृश्य प्रस्तुत करता है।

पूर्व एमएलसी राजा राकेश प्रताप सिंह ने कहा कि शिवगढ़ को सुन्दर और व्यवस्थित बनाने का अभियान निरन्तर जारी रहेगा। नगर पंचायत अध्यक्ष सुमन ने बताया कि विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है और साफ-सफाई सहित मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में लगातार प्रयास जारी हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह पहल केवल ध्वज स्थापना नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति अटूट श्रद्धा का प्रतीक है। बता दें कि पूर्व एमएलसी राजा राकेश प्रताप सिंह के प्रयास से नगर पंचायत का दर्जा मिला। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय ध्वज स्थल का सौंदरीकरण कराकर आकर्षण का केंद्र बनाया जाएगा।

### एसपी ने लापरवाही पर सलोन कोतवाल को किया लाइन हाजिर, मची खलबली

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** नवागत पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने आते ही अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए। पहले दिन से कोतवाली से लेकर थानों का औचक निरीक्षण किया। वहीं अब सलोन कोतवाल अनिल कुमार सिंह को लापरवाही बरतने पर लाइन हाजिर कर दिया। पुलिस अधीक्षक के तेज तर्रार छवि से महकमे में खलबली मची हुई है। सूत्रों की माने तो अभी रडार पर कई ओर हैं, जिन पर गाज गिर सकती है। जिले में तैनाती के साथ ही पुलिस अधीक्षक रवि कुमार औचक निरीक्षण करने के साथ ही जनता दरबार में सुनवाई कर लोगों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण कर खूब सुर्खियां बंटोर रहे हैं। पुलिस महकमे की पुलिस व्यवस्था को चुस्त दुरूस्त करने कि मुहिम के दौरान सलोन कोतवाली प्रभारी की लापरवाही मिलने पर तत्काल कार्रवाई करते हुए लाइन भेज दिया। यही नही लगभग एक सप्ताह पूर्व लापरवाही बरतने के मामले में डिघिया चौकी इंचार्ज को भी लाइन भेजा जा चुका है। लगभग दो सप्ताह पूर्व जिले की कमान संभालने वाले नव नियुक्त पुलिस अधीक्षक ने बैठक करते हुए ताबड़तोड़ थानों का औचक निरीक्षण करने से पुलिस महकमे में हड़कंप मचा दिया है। यही नहीं औचक निरीक्षण के साथ लापरवाही बरतने के मामले मे एक उप निरीक्षक व एक इंस्पेक्टर के लाइन भेजते हुए जिले के थाने दारोमदार को अपनी-अपनी कार्यशैली मे सुधार लाने का मैसेज भेज दिया है।

### बांदा-बहराइच राजमार्ग पर पटरियों की भराई शुरू

**शिवगढ़ (रायबरेली)।** आखिरकार लोक निर्माण विभाग के जिम्मेदारों की नींद टूट गई। अमृत विचार में खबर प्रकाशित होने के बाद बदहाल बांदा-बहराइच राजमार्ग पर पटरियों की भराई शुरू करा दी गई है। पिछले कई सालों से हाइवे की दोनों पटरियां बदहाल एवं जगह -जगह गड्ढों में तब्दील थी। जिसके चलते एक साथ दो बड़े वाहनों के आ जाने पर साइकिल, मोटरसाइकिल सवार राहगीरों को बगल में खड़े होने के लिए जगह नहीं रहती थी। लिहाजा लोग अक्सर हादसे का शिकार हो जाते थे। जिसकी पिछले सप्ताह प्रमुखता से प्रकाशित की गई थी। वहीं कांग्रेस पार्टी के जिला सचिव एडवोकेट गौरव मिश्रा के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन शिवगढ विकास अधिकारी कार्यालय में सौंप कर हाईवे के चौड़ीकरण, विद्युतीकरण आदि समस्याओं के समाधान की मांग की थी। बांदा-बहराइच राजमार्ग पर पटरियों की भराई होने से दुर्घटनाओं में कमी आने की उम्मीद जताई जा रही है। हाईवे पर लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं एवं प्रकाशित खबरों को संज्ञान में लेकर पीडब्ल्यूडी विभाग ने बछरावां से कुम्भी बॉर्डर तक मरम्मत कार्य शुरू करा दिया है। ज्ञात होगी कि बीती 8 फरवरी, 9 फरवरी और 10 फरवरी को बांदा-बहराइच हाईवे पर हुए सड़क हादसों में केसर खेड़ा निवासी मासूम वेदांश, बैंती निवासी रोहित साहू, जगन्नाथपर निवासी शिवशंकर रावत सहित तीन लोगों की मौत हो गई थी, वहीं कई लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए थे। अधिशासी अभियंता महिपाल सिंह ने बताया कि पटरियों की भराई कराई जा रही है।


जेसीबी से सड़क की होती भराई।

### महाकालेश्वर मंदिर में भंडारा कल

**रायबरेली।** शहर के इंदिरा नगर स्थित प्राचीन एवं प्रसिद्ध आस्था के केंद्र महाकालेश्वर मंदिर में 25 फरवरी को मंदिर की 24वीं स्थापना दिवस (वर्षगांठ) धूमधाम और भक्तिमय वातावरण में मनाने की तैयारी पूरी कर हो गईं हैं। अपराह्न तीन बजे से प्रभु इच्छा तक भव्य"विशाल भंडारा एवं नगर भोज का आयोजन किया गया है। ओम श्री महाकालेश्वर मंदिर सेवा समिति की वरिष्ठ आयोजक ऊषा सिंह और वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र सिंह ने बताया कि देवाधिदेव महाकाल की कृपा से विगत वर्षों की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी भंडारे का आयोजन आध्यात्मिक गरिमा के साथ किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में धार्मिक आस्था, सेवा भावना और आपसी सौहार्द को मजबूत करना है। समिति के अनुसार नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना है। समिति की ओर से सभी श्रद्धालुओं, नगरवासियों एवं इष्ट मित्रों को सपरिवार उपस्थित होकर प्रसाद ग्रहण करने का आग्रह किया गया है। आयोजन को लेकर मंदिर परिसर को भव्यता से सजावट किया गया हैं। इस बार श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन को सुव्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए स्वयंसेवकों की ड्यूटी लगाई गई है।

### गुरुबक्शगंज को हरा अमेठी फाइनल में पहुंचा

**सतांव (रायबरेली)।** सतांव गन्ना कांटा मैदान में चल रही पं. दीन दयाल उपाध्याय अर्न्तप्रान्तीय क्रिकेट प्रतियोगिता सीजन-5 के अर्न्तगत सोमवार को दो मैच खेले गये। पहला मैच क्वार्टर फाइनल अमेठी और आजमगढ़ के बीच हुआ। आजमगढ़ की टीम ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करने उतरी अमेठी की टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 123 रन बनाए। जवाब में आजमगढ़ की टीम निर्धारित ओवरों में 8 विकेट गंवाकर 119 रन ही बना सकी। दूसरा मैच सेमीफाइनल अमेठी और गुरुबक्शगंज की टीमों के मध्य हुआ। अमेठी की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान शहबाज मैक्सी की 35 गेदों में 70 रनों की बेहतरीन पारी के बावजूद 123 रन ही बना सकी। 124 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुरुबक्शगंज की टीम अमेठी के गेंदबाजों की धारदार गेंदबाजी और सेमीफाइनल मैच के दबाव के चलते 9 ओवरों में 9 विकेट खोकर 75 रन ही बना सकी। इसके साथ ही अमेठी की टीम ने प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में अपनी जगह पक्की कर ली।


क्रिकेट मैच में खेलते खिलाड़ी।

### मोहित के परिजनों को मिला पारिवारिक लाभ

**सलोन (रायबरेली) अमृत विचार।** कोतवाली अंतर्गत पूरे गोसई निवासी युवक मोहित की हत्या के मामले में पीड़ित परिवार को प्रशासन ने पारिवारिक लाभ दिया है। मृतक की पत्नी सपना को परिवारिक लाभ योजना के अंतर्गत 30 हजार रुपये, मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पांच लाख, मुख्यमंत्री आवास, एक हजार प्रति माह महिला पेंशन, मृतक की पुत्री की पढ़ाई व पालन पोषण के लिए 2500 प्रति माह की राहत दिया गया है। विधायक अशोक कोरी के साथ एडीएम एफआर अमृत सिंह,डीपीआरओ सौम्यशील सिंह, एसडीएम चंद्र प्रकाश, सीओ यादवेन्द्र बहादुर पाल मृतक के घर पहुंचकर सहायता राशि का प्रमाण पत्र सौंपा है।

### जिला प्रशासन और अग्रहरि समाज ने बेटी की पढ़ाई का उठाया जिम्मा

**सलोन (रायबरेली)।** सलोन के उमरन की अनुष्का की बकाया फीस का जिम्मा जिला प्रशासन और अग्रहरी समाज संगठन ने लिया है। गौरतलब है कि शनिवार को तहसील पहुंचकर छात्रा अनुष्का ने एसडीएम से शिकायत की थी कि वह निमिषा स्कूल में 11वी की छात्रा है। फीस जमा न होने के चलते उसे परीक्षा में बैठने नहीं दिया गया। वही मामले में छात्रा का एक वीडियो बनाकर कुछ लोगो ने सोशल मीडिया पर प्रसारित कर दिया था। जिस पर स्कूल प्रबंधन ने अपना पक्ष रखते हुए बताया था कि कुछ अवांछित तत्व विद्यालय की छवि को धूमिल करना चाह रहे है। इस संबंध में उपजिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश ने बताया कि डीएम के निर्देश छात्रा की बकाया फीस जिला प्रशासन जमा करेगा।

**प्रदर्शन** | कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र अग्निहोत्री पर हमले के विरोध में डीएम को सौंपा ज्ञापन

# प्रदेश अध्यक्ष पर हमले से हिंदू संगठनों में उबाल

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय हिंदू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र अग्निहोत्री पर हुए हमले के विरोध में सोमवार को जनपद में जोरदार प्रदर्शन किया गया। प्रदेशव्यापी ज्ञापन कार्यक्रम के तहत संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे। जिलाध्यक्ष विवेक मिश्रा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपते हुए प्रदेश अध्यक्ष को सुरक्षा प्रदान करने और हमलावरों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने कानून-व्यवस्था को लेकर चिंता जताई और दोषियों की गिरफ्तारी पर जोर दिया।


अखिल भारतीय हिंदू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष के साथ डीएम का ज्ञापन देने जाते संगठन के पदाधिकारी। अमृत विचार

गौरतलब है कि बीती 19 फरवरी को लखनऊ में प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र अग्निहोत्री अपने परिवार के साथ एक वैवाहिक समारोह में शामिल होने गए थे। इसी दौरान अज्ञात हमलावरों ने ईंट-पत्थरों से वाहन पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे गाड़ी काफी क्षतिग्रस्त हो गई। बताया गया कि घटना के समय वाहन में कोई मौजूद नहीं था, जिससे संभावित जनहानि टल गई। पूरी वारदात पास के सीसी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है और संबंधित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए लखनऊ पुलिस ने एनसीआर दर्ज कर ली है, लेकिन अभी तक मुख्य आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी न होने से संगठन के पदाधिकारियों में रोष व्याप्त है।

प्रदर्शन में करणी सेना के जिलाध्यक्ष राहुल सिंह, अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह सहित अन्य सहयोगी संगठनों के प्रतिनिधि भी शामिल रहे। क्षत्रिय कल्याण परिषद के जिला अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने भी जिलाधिकारी को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि किसी प्रमुख संगठन के पदाधिकारी पर इस प्रकार का हमला प्रदेश की कानून-व्यवस्था को सीधी चुनौती है। ज्ञापन में प्रशासन से घटना की निष्पक्ष जांच,आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस और प्रभावी कदम उठाने की मांग की गई है। संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि एक ओर संगठन सुरक्षा और कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं, वहीं पुलिस द्वारा केवल एनसीआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई में देरी को लेकर सवाल उठ रहे हैं। यदि शीघ्र व निष्पक्ष जांच कर दोषियों को गिरफ्तार नहीं किया गया,तो मामला और तूल पकड़ सकता है। प्रशासन के लिए यह कानून-व्यवस्था पर विश्वास कायम रखने की कसौटी साबित हो सकता है।

# अधिवक्ता पर हमले के विरोध में न्यायिक कार्यों का बहिष्कार

**लालगंज।** बैसवारा अधिवक्ता एसोसिएशन अध्यक्ष चौधरी राजेंद्र नाथ ने बताया कि सोमवार को लालगंज नगर के पूरे देवी मोहल्ले में मारपीट की घटना हुई थी, जिसमें अधिवक्ता शेर बहादुर के ऊपर कातिलाना हमला किया गया था। अधिवक्ता एसोसिएशन का कहना है कि जब शेर बहादुर कोतवाली अपनी शिकायत करने पहुंचे तो उन्हें लॉकअप में बंद कर दिया गया। देर शाम उनका मेडिकल कराया गया। वकील के साथ हुई घटना को लेकर सोमवार को अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया और महामंत्री सुरेश कुमार निगम ने बताया कहा कि अगर शेर बहादुर का मुकदमा दर्ज नहीं हुआ और कड़ी कार्रवाई नहीं की गई तो अधिवक्ता आंदोलन को बाध्य होंगे।

न्यूज ब्रीफ

### एसडीएम से बंजर जमीन पर कब्जा की शिकायत

**महराजगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के पूरे अचली गांव निवासी शीतलादीन पुत्र राम सहाय ने उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि गांव के ही कुछ लोग बंजर जमीन पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। मामले में उपजिलाधिकारी गौतम सिंह ने बताया कि क्षेत्रीय लेखपाल को भूमि की पैमाइश के निर्देश दिए गए हैं। नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### 15 लीटर शराब के साथ दो गिरफ्तार

**सिंहपुर (अमेठी):** शिवरतनगंज थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध कच्ची शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अलग अलग स्थानों से दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। रविवार देर शाम मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ग्राम जेहटा उसरहा स्थित नहर के पास पहुँची, जहाँ एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम रामसेवक (40) निवासी धर्मूपुर मजरे मेहमानपुर बताया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से लगभग 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई। वहीं दूसरे व्यक्ति को सिंहपुर संस्कृत पाठशाला के पास से 5लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया, पुलिस द्वारा पूँछताछ में उसने अपना नाम रतवलिया गांव निवासी वंशीलाल 56वर्ष बताया है। दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

थानाध्यक्ष दया शंकर मिश्रा ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### 40 ग्राम स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार

**मुसाफिरखाना (अमेठी):** स्थानीय कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान 40 ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की।

सोमवार को स्थानीय कोतवाली पुलिस के प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार सिंह मय हमराही क्षेत्र में सघन तलाशी अभियान पर थे। मुखबिर की सूचना मुताबिक पुलिस टीम ने संदिग्ध युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली।जिसके पास से 40 ग्राम स्मैक बरामद हुई ।पकड़े गए युवक की पहचान सत्य प्रताप सिंह पुत्र स्वर्गीय वीरेंद्र बहादुर सिंह निवासी ग्राम पिंडारा महराज थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी के रूप में हुई।पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार युवक पर विभिन्न धाराओं में 8 मुकदमे पंजीकृत हैं।

### किशोरी को फुसलाकर भगाने का आरोप

**सिंहपुर (अमेठी):** शिवरतनगंज थाना क्षेत्र से किशोरी के कथित अपहरण का मामला सामने आया है। किशोरी के पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीते रविवार की दोपहर वह दवा लेने बाहर गए थे, जबकि उनकी पत्नी पशु चराने खेतों की ओर गई थी। शाम लगभग साढ़े तीन बजे जब वह घर लौटे तो उनकी 17 वर्षीय पुत्री घर पर नहीं मिली। परिजनों द्वारा आसपास खोजबीन करने पर भी उसका कोई पता नहीं चला। आरोप है कि गांव का ही एक व्यक्ति उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया है। घटना से परिवार में चिंता और भय का माहौल है। थानाध्यक्ष डी एस मिश्रा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और संभावित ठिकानों पर दबिश देते हुए किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

# धड़ल्ले से फल-फूल रहा कच्ची शराब का कारोबार

## लापरवाही का आलम: कोई ठोस कार्यवाही नहीं कर पा रहा है आबकारी और पुलिस विभाग

दिनेश मिश्रा, जामों (अमेठी)

**अमृत विचार।** इधर कई दशकों से थाना क्षेत्र के दर्जनों गांवों में कच्ची शराब (देसी शरा) का अवैध कारोबार बहुत ही बड़े पैमाने पर कुटीर उद्योग के रूप में फल फूल रहा है। ऐसा भी नहीं है की पुलिस विभाग और आबकारी विभाग को क्षेत्र में हो रहे बड़े पैमाने पर अवैध कारोबार की जानकारी नहीं है कि क्षेत्र में किन-किन गांवों में यह अवैध कारोबार फल फूल रहा है। जबकि जिम्मेदारों के मौन रहने से इस अवैध कारोबार में लिप्त लोगों को हौसले बुलंद हैं।

आबकारी विभाग और पुलिस विभाग के जिम्मेदार लोगों को अच्छी तरह से इस अवैध कारोबार की जानकारी है कि क्षेत्र के किन-किन गांवों में इस अवैध कारोबार का व्यवसाय बड़े पैमाने पर फल फूल रहा है लेकिन सब कुछ जानकार भी ये जिम्मेदार लोग



गांव में धधक रही है कच्ची शराब की भट्ठी।। अमृत विचार

इस अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने में नाकामयाब साबित हो रहे हैं। ऐसा भी नहीं है कि यह लोग कार्यवाही नहीं करते कभी-कभी जानकारी होने पर पुलिस के द्वारा खानापूर्ति अवश्य होती हैं, लेकिन औपचारिक कार्यवाही करते हुए अपनी मौजूदगी का सिर्फ एहसास दिला देते हैं। लेकिन इस कार्यवाही से इन कारोबारीयो पर कोई असर नहीं पड़ता, ठीक उसके दूसरे-चौथे दिन फिर अवैध देसी शराब बनाने का कार्य धड़ल्ले चालू हो जाता है। दूसरे शब्दों में अगर यह कहा जाए की इस समय कच्ची शराब का यह अवैध कारोबार एक कुटीर उद्योग में तब्दील हो गया है। जानकारी के मुबातिक इस समय क्षेत्र के कटारी ग्राम सभा अंतर्गत बनपुकरा, मचल का पुरवा, दीवान का पुरवा, पूरे दृगपाल, कटारी हरिजन बस्ती, मठिया बरेहटी के पूरे पासिंन, लोरिकपुर, पूरे पासिंन, रेशी खुटहना उमरपुर दुलापुर में पूरे चमारन, गौरा खास, महंत का पुरवा, राम नेवाज का पुरवा, गौरा, हरदो के गांवों अचलपुर के दोनों पासिंन के पुरवों में कच्ची शराब का अवैध कारोबार बड़े पैमाने पर लगातार हो रहा है। क्षेत्र के कुछ गांव तो ऐसे हैं जहां शाम होते ही कच्ची शराब का दरबार सज जाता है और 18 वर्ष से भी कम उम्र के लोग इस दरबार की शोभा बढ़ाने शाम होते ही महुआ महारानी के अड्डे पर पहुंच जाते हैं। युवा लोग नशे में धुत होकर दरबार की रंगत बढ़ाते हैं।

फिलहाल गांवों में आसानी से और सस्ते में कच्ची शराब मिल जाने के कारण आज का नौजवान इसकी गिरफ्त में कुछ ज्यादा ही जकड़ चुका है। इस नशे की लत में आने के बाद जहां अच्छे-अच्छे घरों के युवा बर्बाद हो रहे हैं। वहीं इस अवैध कारोबार सभ्य समाज के लिए एक चुनौती बनता जा रहा है, जहां समाज के लिए यह अवैध कारोबार एक चुनौती बनता जा रहा है। वहीं सरकार को भी गांवों में बन रही इस अवैध देशी शराब के कारोबार से काफी नुकसान हो रहा है। वहीं इस कारोबार से परेशान लोगों ने जिला प्रशासन से इसके खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।

### क्या बोले जिम्मेदार

इस संबंध में जिला आबकारी अधिकारी अखिलेश आर्य ने कहा है कि अब जानकारी में ये गांव आए हैं। जिनके खिलाफ अलग से टीम बनाकर पुलिस का सहयोग लेते हुए कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। अगर कच्ची शराब का कारोबार करते हुए कोई मिलता है तो कड़ी कार्यवाही होगी। इसके साथ समय-समय पर अभियान चलाया जा रहा है और आगे भी अभियान चलता रहेगा।

# मानदेय बढ़ने व इलाज की घोषणा से शिक्षामित्रों के खिले चेहरे



सलोन विधायक को मिठाई खिलाकर खुशी जताते शिक्षामित्र। अमृत विचार

डीह (रायबरेली)

**अमृत विचार।** शिक्षामित्रों और अनुदेशकों का मानदेय बढ़ाए जाने की घोषणा के बाद शिक्षामित्रों ने सलोन और सदर विधायक के आवास पर पहुंच कर सम्मानित करते हुए आभार व्यक्त किया। कहा कि जिस तरह मुख्यमंत्री जी ने शिक्षामित्रों का मानदेय बढ़ाकर संजीवन दी है, उसके लिए वह आभारी रहेंगे। बताया कि शीघ्र ही शिक्षामित्रों का संगठन मुख्यमंत्री जी से मिलकर मानदेय बढ़ाने और कैशलेश इलाज की सुविधा दिलाने के लिए आभार व्यक्त करने जाएगा।

उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के जिलाध्यक्ष अजय प्रताप सिंह, ब्लाक अध्यक्ष छतोह जयकरन, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय प्रताप सिंह, पुष्पेन्द्र सिंह, नीरज यादव, राजकुमार सहित शिक्षामित्र संघ के पदाधिकारी सोमवार को सलोन विधायक अशोक कुमार और सदर विधायक अदिती सिंह के आवास पहुंचे और विधायकों को लड्डू खिलाकर आभार व्यक्त किया। जिलाध्यक्ष अजय प्रताप सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री जी ने शिक्षामित्रों का मानदेय बढ़ाकर और कैशलेश इलाज की सुविधा प्रदान करके जो संजीवनी दी है वह सराहनीय है। इसके लिए सभी शिक्षामित्र मुख्यमंत्री के आभारी रहेंगे और जरूरत पड़ने पर साथ खडे. रहेंगे। जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय सिंह ने कहा कि जो मानदेय मिल रहा था इससे शिक्षामित्रों की गृहस्थी नहीं चल पा रही थी। मुख्यमंत्री जी ने शिक्षामित्रों के दर्द को समझा और कैशलेश इलाज के साथ ही मानदेय बढ़ाया जो सराहनीय है। इस मौके पर एजाज अहमद, अनिल मौर्य, मनोज साहू, धर्मेन्द्र पांडेय, अश्वनी मिश्रा, पवन सिंह आदि मौजूद रहे।

# नहर में पानी नहीं आने से किसानों की सिंचाई प्रभावित

कमरौली (अमेठी)

**अमृत विचार।** शारदा सहायक खंड-41 अंतर्गत सिंदूरवा रजबहा से निकलने वाली पलिया पश्चिम माइनर की स्थिति गंभीर बनी हुई है। रजबहा से महज 500 मीटर आगे तक ही पानी पहुँच सका, जबकि माइनर ठाकुर दुबे गांव से होते हुए पलिया पश्चिम और पूरे जुग्गा तक जाती है। ऐसे में सैकड़ों किसानों के खेत नहर के पानी से वंचित हैं और रबी फसलें संकट में पड़ गई हैं। मौके पर ली गई तस्वीरों में साफ दिखाई दे रहा है कि नहर में घास, सूखी मिट्टी जमी हुई है। इससे स्पष्ट है कि लंबे समय से पानी नहीं आ रहा है। किसानों का आरोप है कि सफाई केवल कागजों तक सीमित रही और जमीनी स्तर पर काम नहीं हुआ।

संबंधित विभाग के जूनियर इंजीनियर संदीप कुमार ने बताया कि नहर में पानी कम मिल रहा है। हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय से सही ढंग से सफाई और देखरेख की जाती तो पानी अंतिम छोर तक पहुंच सकता था। किसान नंदलाल मौर्य ने कहा, "रजबहा से 500 मीटर आगे ही पानी रुक जाता



सूखी पड़ी माइनर। अमृत विचार

है। नहर की सफाई दिखावा मात्र है। हमारी फसलें सूख रही हैं और हमें महंगे डीजल पंप से सिंचाई करनी पड़ रही है। संबंधित विभाग की जांच होनी चाहिए।"

ग्राम पलिया पश्चिम के किसानों ने मांग की है कि माइनर में नियमित और पर्याप्त पानी छोड़ा जाए तथा नहर की वास्तविक सफाई कराई जाए, ताकि सैकड़ों किसानों की फसलें बचाई जा सकें। शिकायतकर्ताओं में शिव शंकर गुप्ता, राकेश तिवारी, अरुण तिवारी, रामाशंकर तिवारी, चौरासा देवी, गंगा प्रसाद मौर्य, शिवदेश, दुर्गा प्रसाद, अनिरुद्ध तिवारी, शिव कुमार तिवारी, अलगू सेठ, उमेश कुमार तिवारी और सियाराम सहित अन्य कई किसान शामिल हैं।

# वाहन पलटने से चालक की मौत, 5 घायल

मुसाफिरखाना (अमेठी)

हादसा

**अमृत विचार।** क्षेत्र के बहोरखा पावर हाउस के जामों भादर मार्ग पर अनियंत्रित स्कॉर्पियो पलटने से चालक की मौत हो गई, वहीं वाहन सवार 5 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

जानकारी के मुताबिक सोमवार को कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बहोरखा गांव स्थित पावर हाउस के पास जामों भादर मार्ग पर एक स्कार्पियो अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे चालक आसिफ पुत्र यूसुफ उम्र करीब 25 वर्ष की मौत हो गई वही वाहन पर सवार आराध्य पुत्री अरुण निवासी ग्राम प्रधान मझगवां अंजली पुत्री संजय निवासी ग्राम जेठौना गौरीगंज नीरज पुत्र राम लखन निवासी नन्दमहर काजल पुत्री ओम प्रकाश व वंदना पुत्री राम उजागिर निवासी ग्राम झंकर कटा शाहगढ़ अमेठी घायल हो गए।सभी घायलों को स्थानीय लोगों की सहायता से पुलिस ने स्थानीय अस्पताल भेजवाया जहां से आराध्य के अतिरिक्त सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।मृतक आसिफ की मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। विवेक सिंह कोतवाल ने बताया कि चालक की मौत हो गई है शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है शेष 5 लोगों का इलाज चल रहा है विधिक कार्यवाही की जा रही है



आसिफ की फाइल फोटो।

**एक झटके में बुझ गया घर का चिराग:** बहोरखा गांव के पास हुए इस हादसे ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। 25 वर्षीय आसिफ पर पूरे परिवार की जिम्मेदारी थी। उसकी असमय मौत से माता-पिता और छोटे भाइयों का सहारा छिन गया। गांव में शोक की लहर है और हर किसी की आंखें नम हैं।

**दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में युवक की मौत, दो घायल, जामों:** सोमवार दोपहर करीब एक बजे जामों थाना क्षेत्र के नीमी चौकी अंतर्गत पछेला गांव के पास दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से एक की जिला



हादसे में क्षतिग्रस्त स्कॉर्पियो।

अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हीरो होंडा स्प्लेंडर प्लस चला रहे महादेव मिश्रा (55) पुत्र लल्लन प्रसाद निवासी ग्राम खाखरदेई थाना मुंशीगंज की बाइक की टक्कर दूसरी मोटरसाइकिल से हो गई। दूसरी बाइक श्याम सिंह (16) पुत्र राम सिंह निवासी सुरपुर काशीपुर थाना मुसाफिरखाना चला रहे थे। उनके साथ सचिन मौर्य (16) पुत्र भोलानाथ निवासी भीखीपुर मुसाफिरखाना भी सवार थे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीनों लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान महादेव मिश्रा की मृत्यु हो गई। अन्य घायलों का उपचार जारी है।

### शिविर में 325 मरीजों की हुई जांच

**अमेठी, अमृत विचार।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से टीवी और कैंसर की जांच के लिए सोमवार को शिविर आयोजित किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में आस पास के ग्रामीण पहुंचे और अपनी स्वास्थ्य जांच करवाई। विशेषरगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में कुल 140 मरीजों की ओपीडी हुई। वहीं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोसाईगंज में 185 मरीजों की ओपीडी की गई। गोसाईगंज से 4 मरीजों को आगे उपचार के लिए रेफर किया गया।शिविर में रक्तचाप, शुगर, खांसी, टीवी, कोलेस्ट्रॉल तथा हृदय रोग जैसी बीमारियों की जांच की गई। चिकित्सकों ने लोगों को बीमारियों से बचाव के उपाय बताए और खान-पान में परहेज रखने की सलाह दी। डॉ. सुनीत राय ने बदलते मौसम को देखते हुए लोगों को गर्म पानी पीने, स्वच्छता बनाए रखने और सर्दी-खांसी को नजरअंदाज न करने की सलाह दी। वहीं अधीक्षक डॉ. सौरभ सिंह का कहना है कि समय पर जांच और उचित परहेज से गंभीर बीमारियों से बचाव संभव है। ग्रामीणों ने ऐसे शिविर भविष्य में भी लगाए जाने की मांग की है।

### होली पर अमेठी में 25 अतिरिक्त बसें संचालित

**अमेठी, अमृत विचार।** होली पर्व को देखते हुए यात्रियों की सुगम यात्रा के लिए परिवहन विभाग की ओर से 25 अतिरिक्त बसें चलाई जा रही हैं। त्योहार के दौरान बाहर से आने-जाने वाले यात्रियों की भीड़ को देखते हुए यह व्यवस्था की जा रही है, ताकि लोगों को परेशानी न उठानी पड़े। एआरएम काशी प्रसाद ने बताया कि अतिरिक्त बसें चलने से यात्रियों को काफी सहूलियत मिलेगी। उन्होंने कहा कि विभाग की कोशिश है कि किसी भी यात्री को घंटों इंतजार न करना पड़े और सभी को सुरक्षित व आरामदायक यात्रा सुविधा मिल सके। उन्होंने यात्रियों से अपील की कि यात्रा के दौरान अनुशासन बनाए रखें, टिकट लेकर ही यात्रा करें और किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल विभागीय कर्मचारियों को सूचित करें।

### पेंशनर्स कल्याण संस्था की बैठक 28 को

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश पेंशनर्स कल्याण संस्था की मासिक बैठक 28 फरवरी को दोपहर 12 बजे संत तुलसीदास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रामलीला मैदान में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुयश नारायण उपाध्याय करेंगे। जिला मंत्री झिनकू पांडेय ने बताया कि बैठक में सदस्यता अभियान, पेंशनरों की व्यक्तिगत समस्याओं तथा आठवें वेतन आयोग में पेंशनरों को लाभ न दिए जाने जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी। इसके अलावा सरकार की पेंशन संबंधी नीतियों के विरोध में आगे की रणनीति पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।

### बीए राजनीति विज्ञान की प्रायोगिक परीक्षा कल

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** राणा प्रताप पीजी कॉलेज सुलतानपुर में बीए राजनीति विज्ञान तृतीय सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षा 25 फरवरी को आयोजित की जाएगी। विभागाध्यक्ष डॉ. अभय सिंह ने बताया कि परीक्षा प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगी। सभी विद्यार्थियों को प्रवेश पत्र तथा असाइनमेंट फाइल के साथ निर्धारित समय पर उपस्थित होना अनिवार्य है।

### वार्षिकोत्सव 26 को

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** एसडीएसएम जूनियर हाई स्कूल का वार्षिकोत्सव 26 फरवरी को क्षत्रिय भवन में दोपहर 1 बजे से होगा। मुख्य अतिथि शैलेन्द्र प्रताप सिंह व विशिष्ट अतिथि रीना जायसवाल रहेंगी। कार्यक्रम में पीजी से कक्षा 8 तक के छात्र सांस्कृतिक प्रस्तुति देंगे तथा अधिक उपस्थिति, कक्षावार श्रेष्ठ छात्र और बेस्ट स्टूडेंट ऑफ द ईयर को सम्मानित किया जाएगा।

### निर्माण कार्य रुकने से वकीलों में आक्रोश

**लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार:** तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामसागर पाठक व सचिव राज बहादुर श्रीमाली ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि तहसील परिसर से सटे भूखंड पर निर्माणाधीन उपनिबंधक कार्यालय का कार्य पिछले कई दिनों से बंद है, जिससे तय समय सीमा में निर्माण पूरा होने पर संशय है। मजदूरों ने ठेकेदार द्वारा मजदूरी न मिलने के कारण काम बंद होने की बात कही है, जिससे अधिवक्ताओं में आक्रोश है। वहीं, पूर्व बार सचिव अर्जुन चौरसिया ने तहसील परिसर में एसओसी कैंप कोर्ट की स्थापना की मांग की। कैंप कोर्ट शुरू होने से अधिवक्ताओं व वादकारियों को काफी सुविधा मिलेगी।

### छात्रों ने स्वच्छता अभियान चला किया जागरूक

**लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार:** संजय गांधी पीजी कॉलेज चौकिया सुलतानपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) शिविर के दूसरे दिन तेरएं गांव में छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता अभियान चलाकर ग्रामीणों को जागरूक किया। स्वयंसेवकों ने लोगों से आसपास साफ-सफाई बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि स्वच्छ वातावरण से बीमारियों से बचाव संभव है। शिविर में रामचंद्र मिशन के हार्टफुलनेस सेंटर की टीम के डॉ. रमाशंकर मिश्र, अंजनी कुमार दूबे व अर्पित अग्रवाल ने स्वयंसेवकों को स्थूल, सूक्ष्म एवं कारण शरीर के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. धर्म विजय सिंह व डॉ. शीला सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### जागरूकता ही सुरक्षा का सबसे सशक्त माध्यम

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** राणा प्रताप पीजी कॉलेज सुलतानपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सप्त दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत मिशन शक्ति अभियान के तहत बौद्धिक सत्र का आयोजन किया गया। इसमें महिला थाना प्रभारी हंसमती ने छात्र-छात्राओं को सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी देकर जागरूक किया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक का साझा दायित्व है। छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहना चाहिए तथा किसी भी प्रकार की असुविधा, उत्पीड़न या आपात स्थिति में हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करना चाहिए।

# परिजन बोले- विधायक जी मेरे बच्चे निर्दोष हैं उन्हें बचा लीजिए

सलोन (रायबरेली)

मोहित हत्याकांड

- आरोपी युवकों को जेल भेजने पर प्रधान की चेतावनी, न्याय नहीं मिला तो दे दूंगी पद से इस्तीफा

**अमृत विचार।** मोहित हत्याकांड अब शासन प्रशासन के लिए नासूर बनता जा रहा है। बिना जांच आरोपी बनाए गए पांचों युवकों को जेल भेजने के आरोप में ग्राम प्रधान ने निष्पक्ष जांच न होने पर दस दिनों के अंदर इस्तीफा देने चेतावनी दी है। प्रधान की मौजूदगी में एकत्र आरोपी युवकों के परिजनों ने विधायक के पैरों में गिरकर न्याय की गुहार लगाई है। विधायक ने स्थित को भांपते हुए मोहित हत्याकांड की सीबीसीआईडी जांच कराने की बात कही है।

सोमवार प्रशासनिक अमला विधायक के नेतृत्व में मृतक मोहित के परिजनों को शासन से स्वीकृत सहायता प्रमाण पत्र देने के लिए निकला था। पंचायत भवन ममुनी के समीप भीड़ एकत्र थी। विधायक समेत प्रशासनिक अफसरों ने एकत्रित भीड़ का कारण पूछा तो जेल गए आरोपी युवकों के परिजन विधायक के पैरों में गिरकर कहा कि विधायक जी मेरे बच्चे निर्दोष हैं, उन्हें बचा लीजिए। मौजूदा दृश्य देख हर कोई भावुक हो गया। प्रधान अनिता शुक्ला ने कहा कि स्वार्थी नेताओं और समर्थकों के दबाव में आकर मेरी ग्राम सभा के निर्दोष पांचों युवकों को पुलिस ने बिना जांच पड़ताल करे



विधायक के पैरों में गिर कर न्याय की मांग करते परिजन। अमृत विचार

जेल भेज दिया। मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन विधायक को सौपते हुए प्रधान ने कहा कि अगर दस दिनों में उनके पत्र पर कोई कार्यवाही नही हुई तो प्रधान पद से इस्तीफा दे दूंगी। वही सूची मंडल अध्यक्ष देवेश शुक्ला ने सीबीसीआईडी जांच की मांग की है। विधायक अशोक कोरी ने परिजनों को सांत्वना देते हुए कहा कि इस हत्याकांड के निष्पक्ष मामले की जांच सीबीसीआईडी से कराएंगे।

मोहित कुमार 12 फरवरी को घर से लापता हो गया था। 17 फरवरी को उसकी लाश थाना जगतपुर के दौलतपुर गांव के समीप सड़क किनारे खंती में पानी में उतराता मिला। गुरुवार को मृतक की पत्नी समेत परिजनों ने ग्रामीणों के साथ सलोन- ऊंचाहार मार्ग पर शव रखकर रोड जाम किया था। मौके पर पहुंचकर एसडीएम चंद्र प्रकाश ने परिजनों को समझा बुझा कर मार्ग जाम बहाल कराया था।

### पुलिस कस्टडी से अभियुक्त फरार

**जामो (अमेठी)।** जिले में पुलिस की बड़ी लापरवाही सामने आई है। एक अभियुक्त पुलिस कस्टडी से फरार हो गया है। पुलिस उसे मेडिकल जांच के लिए ले जा रही थी। यह घटना जामो थाना क्षेत्र से सामने आई है। अभियुक्त सत्यम सिंह पुत्र राजबख्श सिंह को पुलिस मेडिकल जांच के लिए ले जा रही थी। इसी दौरान पुलिस की कथित लापरवाही के कारण वह कस्टडी से फरार हो गया। सत्यम सिंह जामो थाना क्षेत्र के धनेपुर गांव का रहने वाला है। पुलिस ने उसे भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 170 के तहत चालान किया था। अभियुक्त के फरार होने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। पुलिस अब फरार अभियुक्त को पकड़ने के लिए सघन अभियान चला रही है।

आयोजन

बेसिक स्कूलों की सूरत बदलने पर चर्चा, ग्राम प्रधानों व प्रधानाध्यापक का उन्मुखीकरण कार्यक्रम सम्पन्न

# प्रधानों और प्रधानाध्यापकों में स्कूलों की सूरत बदलने पर चर्चा

महराजगंज (रायबरेली)

**अमृत विचार।** कस्बा स्थित डाक बंगला सभागार में ग्राम प्रधान, स्थानीय प्राधिकारी, निकाय के सदस्यों व प्रधानाध्यापकों की एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी और उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें नरायनपुर ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार को अपने बेटे का दाखिला प्राथमिक विद्यालय जुनिहा में कराए जाने के लिए सम्मानित किया गया। वहीं मोन ग्राम सभा के प्राथमिक विद्यालय जुगराजपुर में कायाकल्प के 19 पैरामीटर पूरे करने के लिए प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यशाला में मुख्य अतिथि चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। विशिष्ट अतिथि खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह ने संगोष्ठी के उद्देश्यों, डीबीटी, निपुण लक्ष्य व कायाकल्प योजना की अद्यतन प्रगति रिपोर्ट को प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी राम मिलन यादव ने कार्यक्रम की रुपरेखा को स्पष्ट करते हुए कहा कि परिषदीय विद्यालयों की व्यवस्था एवं शैक्षिक स्तर के उन्नयन के लिए कायाकल्प के 19 बिन्दुओं के संतृप्तिकरण के लिए मिशन प्रेरणा, निपुण भारत एवं दीक्षा जैसे कई कार्यक्रम बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा चलाये जा रहे हैं। जिसमें कायाकल्प का कार्य ग्राम प्रधानों के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। इस बात पर विशेष बल दिया कि प्रधानाध्यापक अपने ग्राम प्रधान से समन्वय स्थापित करते हुए कायाकल्प के अंतर्गत विद्यालय के अवशेष कार्यों को अति शीघ्र पूरा कराएं। इस मौके पर प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष विनोद अवस्थी, मधुकर सिंह, एसआरजी राजवंत चौधरी, पूर्व एआरपी शिव बालक, मनीष सिंह, संजय कनौजिया, जयकरन आदि रहे।



प्रधानों और प्रधानाध्यापकों के उन्मुखीकरण कार्यक्रम में मौजूद अतिथि। अमृत विचार

### संत गाडगे महाराज की 150वीं जयंती पर मेधावी बच्चों का सम्मान

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** संत गाडगे महाराज की 150वीं जयंती पर बहुजन शक्ति संघर्ष समिति एवं एससी, एसटी बेसिक टीचर वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में समारोह आयोजित किया गया। इसमें मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते हुए संत गाडगे की विचारधारा को अपनाकर समाज को मजबूत करने की बात कही गई। समारोह की अध्यक्षता मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना चौधरी व सदर विधायक अदिति सिंह ने की। विशिष्ट अध्यक्ष नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर, अपनी जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव दिलीप चौधरी, वरिष्ठ सामाजिक चिंतक रामसजीवन, चंद्रशेखर और डॉ. शिवकुमार रहे। सभी अतिथियों ने स्वच्छता अभियान के महानायक, शिक्षा की व्यक्ति के जीवन में महत्ता बताने वाले, अंधविश्वास एवं सामाजिक कुरीतियों को सबसे पहले स्वयं दूर कर तथा समाज के लोगों को इनसे दूर रहने का संदेश देने वाले अनेकों शिक्षालयों, चिकित्सालयों एवं धर्मशालाओं की आधारशिला रखने वाले बाबा संत गाडगे जी को नमन करते हुए उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। अतिथियों ने मेडिकल परीक्षा पास करने वाली स्वाति चौधरी, आनंद चौधरी, मिरांडा कॉलेज में चयनित दिव्यांशी जयंत सहित विभिन्न बड़े कॉलेजों व परीक्षाओं में बेहतर परिणाम हासिल करने वाले बच्चे निहारिका, कुशाग्रह, शिवानी आर्यन चौधरी, दीप शेखर, एंजेल सिंह, पुष्पांजलि, अंशिका, आर्यन, श्रष्टि, मानसी, अनुष्का, चित्रांश, शिप्रा, आराध्या, शिवानी जयंत, महिमा, एकलव्य, प्रखर, अमित, सारिका, स्वेता मौर्य आदि बच्चों का सम्मान किया गया। इससे पहले जिलाधिकारी आवास के निकट स्थित संत गाडगे जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस मौके जेपी रावत, महेश, दिनेश निर्मल, अनिल कांत, अश्वनी कनौजिया, विमल किशोर सबरा, सीएल गौतम, रितेश आदि मौजूद रहे।



# होलाष्टक : अशुभ काल या आध्यात्मिक साधना का अवसर



डॉ. विपिन शर्मा
ज्योतिषाचार्य

होली का त्योहार हिंदू धर्म में न केवल रंगों के उल्लास, बल्कि गहरी आध्यात्मिक मान्यताओं का भी प्रतीक है। फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को होलिका दहन किया जाता है। पूर्णिमा से आठ दिन पूर्व यानी फाल्गुन शुक्ल पक्ष की अष्टमी से लेकर पूर्णिमा तक होलाष्टक कहलाती है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, इस दौरान ग्रहों का नकारात्मक प्रभाव बढ़ जाता है और वातावरण में उग्रता रहती है, जिसके कारण समस्त मांगलिक व शुभ कार्यों पर पूर्णतः विराम लग जाता है। होलाष्टक की यह अवधि हमें संयम और भक्ति का संदेश देती है, जो अंततः होलिका दहन की अग्नि के साथ समाप्त होती है।

### वर्जित कार्य

- किसी भी उद्देश्य के लिए भवन का निर्माण करना
- गृह प्रवेश करना
- सगाई अथवा विवाह करना
- वाहन क्रय करना
- कुआं, जलाशय आदि खुदवाना
- मुंडन संस्कार करना
- किसी भी व्रत का आरंभ और उद्यापन करना
- नवविवाहिता वधु का प्रवेश
- देव प्रतिमा की स्थापना करना
- यज्ञोपवीत संस्कार
- मंत्र दीक्षा लेना
- कर्ण वेध

### नैमित्तिक कर्म

जो कार्य पहले शुरू किए जा चुके हैं। उन कार्यों को जारी रखा जा सकता है। नित्य एवं नैमित्तिक कर्म किए जा सकते हैं। इनके अतिरिक्त सूतिका स्नान आदि कार्य जिनकी अवधि निश्चित होती है, वे कार्य किए जा सकते हैं। इसके साथ ही नित्य की पूजा-पाठ किए जा सकते हैं।

### होलाष्टक और ग्रहों का संबंध

होलाष्टक के आठ दिनों में सूर्य, चंद्र, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि और राहु का प्रभाव विशेष रूप से तीव्र होता है। यह समय अधिकतर शुभ कार्यों के लिए निषेध माना गया है, लेकिन ग्रह शांति और आत्मिक उन्नति के लिए अत्यंत उपयुक्त होता है।

### होली से पहले किए जाने वाले उपाय

- हनुमान जी की विशेष पूजा करें। मंगलवार और शनिवार को हनुमान जी को चमेली के तेल का दीपक जलाएं और 'ॐ हनुमते नमः' का 108 बार जाप करें। इससे मंगल और शनि के अशुभ प्रभाव कम होंगे।
- आर्थिक तंगी से छुटकारा पाने के लिए पीपल के वृक्ष पर आठ दिन तक जल चढ़ाएं और 'ॐ नमो भगवते वासुदेवाय' मंत्र का जाप करें। घर के मुख्य द्वार पर गंगाजल और गौमूत्र का छिड़काव करें, इससे नकारात्मक शक्तियां दूर रहेंगी और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा।
- शत्रु बाधा और बुरी नजर से बचने के लिए होलिका दहन से पहले 7 लाल मिर्च और 7 लौंग अपने ऊपर से उताराकर के जलती हुई होलिका में डालें। अपने घर के मुख्य द्वार पर सरसों के तेल का दीपक जलाएं और 'ॐ दुं दुर्गायै नमः' मंत्र का 21 बार जाप करें।
- ग्रह कलेश और कुंडली दोष निवारण के लिए होलाष्टक में प्रतिदिन सूर्य को जल अर्पित करें और



'ॐ सूर्याय नमः' का 11 बार जाप करें। कुंडली में राहु-शनि की दशा हो, तो शिवलिंग पर जल, कच्चा दूध और काले तिल अर्पित करें।
- परिवार में सुख-शांति के लिए घर में सात्विक भोजन बनाएं और ब्राह्मणों या जरूरतमंदों को भोजन कराएं। 'ॐ नमः शिवाय' का 108 बार जाप करें, जिससे घर की नकारात्मक ऊर्जा समाप्त होगी। घर में समृद्धि के साथ सात्विक वातावरण बनेगा।

### क्यों माना जाता है अशुभ

होलिका दहन से पहले प्रहलाद पर अनेक अत्याचार किए गए थे, जिनकी पीड़ा के कारण इन आठ दिनों को नकारात्मक ऊर्जा से भरा माना जाता है। इस दौरान किए गए अशुभ कार्यों का प्रभाव लंबे समय तक रहता है।

**कुंडली उदाहरण :** यदि किसी जातक की कुंडली में शनि नीच का हो और राहु लग्न में हो, तो होलाष्टक के दौरान शनि, राहु और केतु से संबंधित उपाय करने चाहिए, जैसे- सरसों के तेल का दीपक जलाना और महामृत्युंजय मंत्र का जाप करना।

### सिर्फ अशुभ न मानें

सामान्यत: इस अवधि को अशुभ मानकर मांगलिक कार्यों के लिए वर्जित रखा जाता है, परंतु इसे केवल 'अशुभ' कहना उचित नहीं होगा। वास्तव में, होलाष्टक आध्यात्मिक उन्नति और आत्मशुद्धि का एक विशिष्ट अवसर है। पौराणिक और ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार, इस समय ग्रहों का स्वभाव उग्र होता है, जिससे बचने के लिए भौतिक कार्यों को रोककर ध्यान, मंत्र जाप और तप पर बल दिया जाता है। यह समय ध्यान, मंत्र जाप और ग्रहों की शांति के लिए उत्तम है। जो भी इन उपायों को करेगा, उसके जीवन में सुख-समृद्धि का वास होगा और नकारात्मक ग्रह दोष समाप्त होंगे।

# कुंडली में मंगल दोष को ऐसे करें दूर



अनिल सुधांशु
आध्यात्मिक लेखक

हमारी कुंडली में मंगल अनुकूल न हो, तो हमें मंगल के कारण कष्ट हो सकते हैं। मंगल शनि, राहु, केतु या हर्षल की दृष्टि में हो, वक्री हो या कुंडली में दूसरे, चौथे, छठे, सातवें, आठवें या बारहवें भाव में हो, तो मंगल अच्छे फल देने में असमर्थ होता है और वैवाहिक जीवन में असंतोष, सुख की कमी, अच्छी आय न होना, जीवन में सफलता न मिलना जैसे बुरे परिणाम देखने को मिलते हैं। इसलिए, इन कष्टों से मुक्ति पाने के लिए मार्कण्डेय पुराण में वर्णित मंगल कवचम् का प्रतिदिन तीन बार पाठ करना चाहिए।




**मंगल अशुभ होने के लक्षण:** ज्योतिष के अनुसार, मंगल ग्रह के खराब होने के लक्षणों में अत्यधिक गुस्सा, चिड़चिड़ापन, आत्मविश्वास की कमी, शारीरिक कमजोरी, बार-बार चोट लगना, रक्त संबंधी समस्याएं (जैसे बीपी), वैवाहिक जीवन में कलह, कानूनी विवाद और करियर में संघर्ष शामिल हैं, संतान न होना, होकर मर जाना, स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं, जिससे व्यक्ति आलस्य महसूस कर सकता है और महत्वपूर्ण निर्णय लेने में हिचकिचाता है। यह लक्षण व्यक्ति के जीवन पर नकारात्मक प्रभाव डालते हैं।

**धार्मिक और ज्योतिषीय उपाय :** मंगलवार को हनुमान जी को सिंदूर, चमेली का तेल, गुड़-चना चढ़ाएं और 'ॐ हं हनुमते नमः' या 'ॐ क्रां क्रीं क्रौं सः भौमाय नमः' मंत्र का जाप करें। 21 मंगलवार का व्रत रखें और नमक का सेवन न करें। साथ ही लाल मसूर दाल, गुड़, भुने चने, तांबा और लाल अनाज ज़रूरतमंदों को दान करें।

**मंगल मंत्र पूजा:** मंगल देव के कई मंत्र हैं, जिनमें मुख्य हैं बीज मंत्र 'ॐ क्रां क्रीं क्रौं सः भौमाय नमः', जो मंगल दोष निवारण और शक्ति के लिए है।

**मुख्य मंगल देव मंत्र:** ॐ क्रां क्रीं क्रौं सः भौमाय नमः, यह मंत्र साहस, शक्ति और ऊर्जा प्रदान करता है और मंगल दोष को शांत करने के लिए बहुत प्रभावशाली माना जाता है।

**जाप करने का तरीका:** मंगलवार के दिन, स्नान के बाद लाल वस्त्र पहनकर इन मंत्रों का जाप करें, लाल मूंगा या लाल सूत की माला का प्रयोग कर सकते हैं, बीज मंत्र का जाप 108 बार करने से विशेष लाभ होता है।

पौराणिक कथा

## स्वयं मुक्त, वही मुक्तकर्ता



प्राचीन समय की बात है, एक शक्तिशाली राजा के मन में मोक्ष की तीव्र अभिलाषा जागी। उसने अपने राजपंडित को दरबार में बुलाया और एक कठिन चुनौती रखी। राजा ने कहा, "मैंने सुना है कि शुकदेव जी ने राजा परीक्षित को मात्र सात दिनों में श्रीमद्भागवत सुनाकर जन्म-मरण के बंधनों से मुक्त कर दिया था। मैं आपको एक माह का समय देता हूं, आप मुझे मोक्ष का मार्ग दिखाएं। यदि आप सफल हुए तो पुरस्कृत होंगे, अन्यथा आपकी संपत्ति जब्त कर आपको मृत्युदंड दिया जाएगा।"

राजपंडित शास्त्रों के ज्ञाता तो थे, परंतु उनके पास वह आत्मिक अनुभव नहीं था, जो किसी को संसार के मोह-पाश से मुक्त कर सके। राजा की आज्ञा ने उनकी रातों की नींद और दिन का चैन छीन लिया। मृत्यु का भय और असफलता की चिंता, उन्हें भीतर ही भीतर खाए जा रही थी। उनकी इस दशा को उनके युवा पुत्र ने भांप लिया। जब पुत्र को कारण ज्ञात हुआ, तो वह बिल्कुल विचलित नहीं हुआ। उसने शांत स्वर में कहा, "पिताजी, आप चिंता छोड़ दें। राजा से कहें कि वे मुझे अपना गुरु स्वीकार करें और मेरे निर्देशों का अक्षरशः पालन करने का वचन दें।" राजपंडित को पुत्र की बातों में एक आशा की किरण दिखी।

अगले दिन दरबार में भारी भीड़ उमड़ी। राजपंडित का पुत्र शांत मुद्रा में राजा के सम्मुख खड़ा था। उसने राजा को वचन की याद दिलाई और एक मजबूत रस्सी मंगवाई। दरबार में सन्नाटा छा गया, जब बालक ने आदेश दिया, "राजा को इस खंभे से कसकर बांध दिया जाए।" राजा अपने वचन से बंधा था, इसलिए उसने विरोध नहीं किया। इसके तुरंत बाद, बालक ने अपने पिता को भी दूसरे खंभे से बंधवा दिया। पंडित जी अपने बेटे की इस 'मूर्खता' पर क्रोधित थे, पर तभी पुत्र ने कहा, 'पिताजी, अब आप राजा के बंधन खोल दीजिए।' राजपंडित झुंझलाकर चिल्लाए, "अरे मूर्ख! क्या तू देख नहीं सकता कि मैं स्वयं बंधा हुआ हूं? जो स्वयं बंधा हो, वह दूसरे के बंधन कैसे खोल सकता है?" यही वह क्षण था, जिसका बालक को इंतजार था। राजा की आंखों में चमक आ गई। वह समझ गया कि जो राजपंडित स्वयं पद, धन और मृत्यु के भय की रस्सी से बंधा है, वह उसे संसार की माया से कैसे मुक्त कर सकता है? राजा ने विनम्रता से कहा, "गुरुदेव, मैं समझ गया। केवल वही महापुरुष हमें संसार से मुक्त कर सकता है, जो स्वयं वासनाओं और मोह से ऊपर उठ चुका हो।" राजा ने राजपंडित को उनके दंड और भय से मुक्त कर दिया और उस बालक के चरणों में नतमस्तक हो गया।

बोधकथा

## संस्कारों का प्रभाव

चौथी कक्षा में पढ़ने वाला नन्हा सुबोध केवल किताबों का ही नहीं, बल्कि जीवन दर्शन का भी विद्यार्थी था। रात्रि की धार्मिक पाठशाला ने उसके भीतर वे बीज बो दिए थे, जो बड़ों-बड़ों के पास नहीं होते। एक शाम नियति उसे घर से दूर ले गई और वह डाकुओं के चंगुल में फंस गया। दस लाख की फिरौती मांगी गई, घर में कोहराम मच गया, लेकिन उस अपहृत बालक के मन में एक अद्भुत शांति थी। कैद की उन अंधेरी दीवारों के पीछे भी सुबोध की दिनचर्या नहीं बदली। वह भोर में उठकर मधुर स्वर में 'ओंकार मंत्र' और 'मेरी भावना' का पाठ करता। जब डर उसे घेरने की कोशिश करता, तो वह 'बारह भावना' का चिंतन करता। वह खुद को समझाता कि यह उसके पिछले कर्मों का उदय है, इसमें किसी का दोष नहीं। उसकी यह समता और भक्ति देखकर वहां का वातावरण बदलने लगा।

शुद्ध आचरण का प्रभाव इतना गहरा था कि डाकू की वृद्ध मां का हृदय पसीज गया। सुबोध ने दो दिन तक वहां का अभक्ष्य भोजन नहीं छुआ। उसकी निष्ठा देख उस वृद्धा ने स्वयं बर्तन मांजे, पानी छाना और पूरी शुद्धता के साथ उसके लिए भोजन बनाया। सुबोध के मुख से पुण्य-पाप और धर्म की चर्चा सुन वह चकित रह जाती थी। अपने डाकू बेटे के घर आने पर उसने, उसको सब बातें बताई और लड़के को छोड़ने के लिए कहा। एक दिन डाकू ने सुबोध की परीक्षा लेनी चाही। उसने गरजते हुए बंदूक तानी और कहा, "तेरे बाप ने पैसे नहीं भेजे, अब तू मरने के लिए तैयार हो जा।" सुबोध ने शांति के साथ निर्भीकता से अपनी कमीज हटाई और सीना तानकर कहा- "मार दो!



तुम केवल इस नश्वर शरीर को मिटा सकते हो, मेरी आत्मा तो अजर-अमर है।"

यह सुनकर वह दंग रह गया कि जिस मौत के डर से दुनिया कांपती है, उसे यह बालक खिलौना समझ रहा है। उसी क्षण डाकू का हृदय परिवर्तन हो गया। उसने सुबोध के पैर छुए और जुआ, मांस, मदिरा जैसे दुर्व्यसनों का सदा के लिए त्याग कर दिया। अंततः सुबोध अपने घर लौटा, लेकिन वह अपने पीछे एक बदला हुआ इंसान छोड़ आया था। वह डाकू बाद में इतना वैरागी हुआ कि उसने स्वयं को शिक्षा और समाज सेवा के लिए समर्पित कर दिया। इस कथा से सीख मिलती है कि संस्कार केवल शब्दों में नहीं, आचरण में होने चाहिए। यदि हमारे भीतर 'भेद-विज्ञान' (आत्मा और शरीर का अंतर) की स्पष्ट समझ हो, तो हम बड़ी से बड़ी विपत्ति में भी अडिग रह सकते हैं।

महत्वपूर्ण व्रत

## आमलकी एवं रंगभरी एकादशी

दिनांक- 27 फरवरी

**एकादशी व्रत का महत्व**



आमलकी एकादशी का व्रत मुख्य रूप से भगवान विष्णु को समर्पित होता है, लेकिन इसका एक विशेष नाम इसलिए पड़ा कि इसी दिन आमल (आंवला) वृक्ष की पूजा भी होती है। हिंदू धर्म ग्रंथों के अनुसार इस वृक्ष को भगवान विष्णु का 'आध्यात्मिक आवरण' माना गया है, इसलिए इस दिन इसका पूजन अत्यंत फलदायी और शुभ माना जाता है। इसके अलावा इसको रंगभरी एकादशी भी कहा जाता है। रंगभरी एकादशी के दिन भगवान विष्णु, मां लक्ष्मी के साथ ही भोलेनाथ और माता गौरी की भी पूजा का विधान है। धार्मिक मान्यता है कि इसी दिन भगवान शिव माता पार्वती को पहली बार काशी लेकर आए थे। रंगभरी एकादशी के दिन व्रत करने के साथ ही विधि-विधान के साथ पूजा करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। साथ ही घर में सुख-समृद्धि और संपन्नता आती है।

**रंगभरी एकादशी पूजन विधि :** इस दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान करें और स्वच्छ, विशेष रूप से पीले रंग के वस्त्र धारण करें। इसके बाद एक साफ चौकी पर भगवान शिव, माता पार्वती और भगवान विष्णु की प्रतिमा स्थापित करें। पूजा के दौरान चंदन, बेलपत्र, भांग, धतूरा और पुष्प अर्पित करें। भगवान को मिठाई का भोग लगाएं और माता पार्वती को श्रृंगार सामग्री अर्पित करें। शिव-पार्वती को गुलाबी गुलाल अर्पित कर सुहाग और सौभाग्य की कामना करें। भगवान विष्णु की भी विधिपूर्वक पूजा करें और आंवले का फल अर्पित करें। आंवले के पेड़ की पूजा कर घी का दीपक जलाना शुभ माना जाता है। भगवान शिव को खीर का भोग और ठंडाई अर्पित करें। अंत में एकादशी व्रत कथा का पाठ करें। शिव चालीसा का पाठ करें और आरती के साथ पूजा संपन्न करें।

# मनुष्य की मानसिक परिस्थितियों पर निर्भर है हार-जीत



सुनील कुमार महला
लेखक

भारतीय संस्कृति में एक अत्यंत गूढ़ और सार्थक पंक्ति कही गई है-'मन के हारे हार है, मन के जीते जीत।' इसका आशय यह है कि जीवन में हार व जीत का वास्तविक निर्धारक बाहरी परिस्थितियां नहीं, बल्कि मन की स्थिति होती है। परिस्थितियां तो केवल माध्यम हैं, असली निर्णायक की भूमिका तो मनुष्य मन निभाता है। यदि मन डर, शंका और निराशा से घिरकर पहले ही हार मान ले, तो साधन, संसाधन और अवसर होते हुए भी पराजय निश्चित हो जाती है। इसके विपरीत, यदि मन दृढ़, साहसी, सकारात्मक और विश्वास से भरा हो, तो विपरीत परिस्थितियों में भी जीत संभव हो जाती है।

वास्तव में, जीवन की हर हार और जीत पहले मन में घटती है, उसके बाद वास्तविक जीवन में दिखाई देती है। जो व्यक्ति मन से हार जाता है, वह कभी जीत नहीं सकता, लेकिन जिसने मन में यह ठान लिया कि वह जीतेगा और हर हाल में जीतेगा, वह अंततः विजयी होता ही है। हमारी पराजय या विजय शारीरिक शक्ति पर नहीं, बल्कि मानसिक दृढ़ता पर निर्भर करती है। जब हम मन से यह स्वीकार कर लेते हैं कि हम नहीं जीत सकते, उसी क्षण हमारी आधी शक्ति समाप्त हो जाती है। वहीं अटूट विश्वास हमें कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी रास्ता दिखा देता है।

भय मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है। भय से ही चिंताओं का जन्म होता है और ये चिंताएं अक्सर अनावश्यक कल्पनाओं से उपजती हैं। जब व्यक्ति उन बातों की कल्पना करने लगता है, जो अभी घटित ही नहीं हुई हैं, तो उसके भीतर भय पैदा होता है। यही भय उसे सकारात्मक सोचने, आगे बढ़ने और पूर्ण रूप से जीने से रोक देता है। मनुष्य विशेष रूप से उन चीजों से अधिक डरता है, जिन्हें वह देख नहीं सकता। जो संकट अभी आया ही नहीं है अर्थात भविष्य की चिंता-वह मन में एक 'भूत' की तरह होता है। उसका कोई निश्चित आकार नहीं होता, इसलिए वह और अधिक डरावना प्रतीत होता है। यह अनदेखा डर व्यक्ति को भीतर ही भीतर भयभीत करता रहता है और अंततः वह बिना लड़े ही हार मान लेता है। इसके विपरीत, जो व्यक्ति इन आशंकाओं से ऊपर उठकर संकल्प करता है, मेहनत करता है और संघर्ष करता है, वह बड़ी से बड़ी



कठिनाइयों को भी पार कर लेता है। इतिहास इसके अनेक उदाहरणों से भरा पड़ा है। उदाहरण के तौर पर अरुणिमा सिन्हा ने एक दुर्घटना में अपना पैर खो देने के बावजूद मन से हार नहीं मानी और विश्व की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट को फतह किया। अब्राहम लिंकन जीवन में कई चुनाव हारने के बाद भी विचलित नहीं हुए और अंततः अमेरिका के राष्ट्रपति बने।

ये उदाहरण सिद्ध करते हैं कि परिस्थितियां नहीं, मनुष्य का मन ही उसकी नियति तय करता है। वास्तव में मनुष्य मन जानता है कि संकटों से कैसे निपटना है, लेकिन मन चंचल भी होता है। नकारात्मक ऊर्जा व्यक्ति को जल्दी आकर्षित करती है और वह उन बातों को लेकर चिंतित हो जाता है, जिनका कोई वास्तविक आधार नहीं होता। वह भविष्य की चिंता और अतीत की स्मृतियों में उलझकर अपना वर्तमान खो देता है, जबकि सच्चाई यह है कि मनुष्य के नियंत्रण में केवल वर्तमान ही होता है। कहा गया है कि साम्राज्य तलवारों से नहीं, शंकाओं से टूटे हैं। जब मन में शंका प्रवेश कर जाती है, तो सबसे शक्तिशाली व्यक्ति भी कमजोर पड़ जाता है। किसी भी बाहरी युद्ध को जीतने से पहले उसे मन में जीतना आवश्यक होता है। इसलिए मन में संदेह, भय और नकारात्मकता के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए। मनुष्य को यह समझना चाहिए कि भविष्य में क्या होगा या क्या नहीं होगा, इसकी चिंता करना व्यर्थ है।

इंसान वास्तविक समस्याओं से तो समझौता कर लेता है, लेकिन आने वाली संभावित परेशानियों की चिंता उसे भीतर से तोड़ देती है। डर सबसे पहले मन को हराता है और जब मन हार जाता है, तो बाहरी जीत भी असंभव हो जाती है। इतिहास गवाह है कि बड़े-बड़े पतन बाहरी शत्रुओं से नहीं, बल्कि अंदर के भय से हुए हैं। महान वही होता है, जो डर के बावजूद आगे बढ़े, जो व्यक्ति केवल सामने की वास्तविकता पर ध्यान देता है और अपने कर्म करता है, वही अपने भविष्य को सही दिशा दे पाता है। इसलिए आवश्यक है कि हम अनदेखी आशंकाओं से डरने के बजाय, उन्हें समझें और विवेक से उनका सामना करें। जब इंसान अपने मन के भय से मुक्त हो जाता है, तभी वह वास्तव में स्वतंत्र होता है और यही सच्ची जीत है।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 83,294.66 | 25,713 |
| बढ़त | 479.9 | 141.75 |
| प्रतिशत में | 0.58 | 0.55 |

सोना 158100 प्रति 10 ग्राम
चांदी 2,62,700 प्रति किलो

अमृत विचार
लखनऊ, मंगलवार, 24 फरवरी 2026
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### भारत ने मेडागास्कर को 7,000 टन फोर्टिफाइड चावल का निर्यात किया

**नई दिल्ली।** भारत ने पूर्वी अफ्रीकी देश मेडागास्कर को 7,000 टन फोर्टिफाइड चावल का निर्यात किया है। भारतीय चावल निर्यातक संघ ने सोमवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में इसे वैश्विक पोषण और मूल्य वर्द्धित कृषि उत्पादों में नेतृत्व के प्रति भारत की प्रतिबद्धता के लिए ऐतिहासिक क्षण बताया है। उसने बताया कि संघ के सदस्य वीआई एक्सपोर्ट्स इंडिया को यह ऑर्डर प्राप्त हुआ था। चावल की इस खेप को कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण ने 19 फरवरी को कांडला बंदरगाह से रवाना किया। कहा गया है कि अफ्रीकी महाद्वीप अब भी कुपोषण की समस्या से जूझ रहा है।

### ओडिशा का दुर्लभ खनिज क्षेत्र 2032 तक 20 अरब डॉलर का होगा

**नई दिल्ली।** ओडिशा का दुर्लभ खनिज क्षेत्र वर्ष 2032 तक आठ अरब डॉलर से बढ़कर 18-20 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा, जबकि प्रसंस्करण और विनिर्माण का हिस्सा चार गुना हो जाएगा। एक उद्योग निकाय के अध्ययन में यह निष्कर्ष निकाला गया है। हाल ही में संपन्न 'ग्लोबल क्लीनटेक एक्सपो-ओडिशा 2026' में 'नेट ज़ीरो एनर्जी ट्रांज़िशन एसोसिएशन' (एनईटीआरए) के नए अनुमानों के मुताबिक, राज्य दुर्लभ खनिज क्षेत्र में एक बड़ा बदलाव लाने वाला कदम उठाने के लिए तैयार है। अध्ययन से पता चलता है कि ओडिशा खनिज उत्पादन मूल्य वर्ष 2025 के आठ अरब डॉलर से बढ़कर 2032 तक 18-20 अरब डॉलर होने की उम्मीद है।

### सीबीएम, खोजे गए छोटे क्षेत्रों के लिए बोली लगाने की समयसीमा बढ़ी

**नई दिल्ली।** सरकार ने विशेष कोल-बेड मीथेन (सीबीएम) और खोजे गए छोटे क्षेत्रों (डीएसएफ) के लिए बोली लगाने की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। सरकार के इस फैसले से निवेशकों को तेल और गैस नियमों में हाल के बदलावों पर विचार करने के लिए अतिरिक्त समय मिल गया है। हाइड्रोकार्बन महानिदेशालय (डीजीएच) के अनुसार, विशेष सीबीएम बोली दौर में कोयले की परत के नीचे से निकलने वाली संभावित गैस के लिए प्रस्तावित 13 ब्लॉक या क्षेत्रों की बोलियां अब तीन मार्च को बंद होंगी।

# गैरकानूनी ढंग से बीमा उत्पाद बेचने के बजाय अपने कारोबार पर ध्यान दें बैंक

## वित्त मंत्री ने दी चेतावनी, कहा- बीमा उत्पादों की गलत बिक्री कानून के तहत अपराध

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बैंकों को बीमा सहित वित्तीय उत्पादों की गलत तरीके से बिक्री पर कड़ा रुख अपनाते हुए सोमवार को कहा कि यह भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत अपराध है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के केंद्रीय निदेशक मंडल को बजट के बाद संबोधित करने के उपरांत सीतारमण ने कहा, बैंकों को अपने मुख्य कारोबार पर ध्यान देना चाहिए।

उन्होंने कहा, मैंने हमेशा से इस बात पर आपत्ति जताई है कि आप उस बीमा को बेचने में अधिक समय लगा रहे हैं जिसकी आवश्यकता ही नहीं है और यह मामला आरबीआई और इरेडा के बीच फंसा रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने ग्राहक को भ्रामक जानकारी देकर उत्पाद की बिक्री पर दिशानिर्देशों का मसौदा 11 फरवरी को जारी किया था। इसमें कहा गया है कि यदि किसी ग्राहक को गलत तरीके से उत्पाद या सेवा दी जाती है, तो बैंक को ग्राहक द्वारा चुकाई गई पूरी राशि लौटानी होगी और स्वीकृत नीति के अनुसार हुए नुकसान की भरपाई भी करनी होगी। इस पर चार मार्च तक सार्वजनिक टिप्पणियां मांगी गई हैं। आरबीआई ने कहा कि गलत तरीके से बिक्री पर कड़े नियम एक जुलाई से लागू होंगे।

सीतारमण ने कहा, मुझे खुशी है कि आरबीआई यह स्पष्ट मार्गदर्शन दे रहा है कि गलत तरीके से बिक्री क्यों बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संदेश, बैंकों तक जाना चाहिए कि आप गलत बिक्री नहीं कर सकते। यह भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध है। बैंकों को गैर-बैंकिंग उत्पाद बेचने के बजाय कम लागत वाली जमा या कासा (चालू खाता बचत खाता) आधार को मजबूत करने पर ध्यान देना चाहिए।



आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल की बैठक में मौजूद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण।

### पहले से होता है बीमा कवर, फिर भी पॉलिसी लेने को करते हैं बाध्य

सीतारमण ने कहा कि कई मामलों में बैंक ग्राहकों को बीमा उत्पाद खरीदने के लिए कहते हैं जबकि उनके पास पहले से आवश्यक बीमा होता है। आरबीआई यह सोचकर ऐसे मामलों की निगरानी नहीं कर रहा था कि यह बीमा नियामक के दायरे में आता है। भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरेडा) का मानना था कि बैंक उसके प्रत्यक्ष नियमन में नहीं आते। इस नियामकीय अंतर के कारण ग्राहकों को नुकसान उठाना पड़ा। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जब कोई व्यक्ति अपनी संपत्ति गिरवी रखकर गृह ऋण लेता है, तो उससे अतिरिक्त बीमा लेने को क्यों कहा जाता है जबकि जोखिम पहले से कवर होता है। सीतारमण ने दोहराया कि बैंकों को अपने ग्राहकों की जरूरतों, उनकी वित्तीय स्थिति एवं कारोबारी चक्र को समझने पर ध्यान देना चाहिए। बैंकों का मुख्य कार्य जमा जुटाना एवं ऋण देना है।

## एयरटेल एनबीएफसी विस्तार को 20,000 करोड़ रुपये डालेगी

**नई दिल्ली।** दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल ने सोमवार को अपनी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) 'एयरटेल मनी लिमिटेड' के लिए बड़े विस्तार की घोषणा करते हुए कहा कि अगले कुछ वर्षों में इसमें 20,000 करोड़ रुपये की पूंजी डाली जाएगी।

कंपनी ने कहा कि इस पूंजी में 70 प्रतिशत योगदान एयरटेल की तरफ से किया जाएगा जबकि शेष 30 प्रतिशत हिस्सा प्रवर्तक समूह भारती एंटरप्राइजेज की तरफ से आएगा। एयरटेल मनी को 13 फरवरी, 2026 को भारतीय रिजर्व बैंक से एनबीएफसी के रूप में काम करने का लाइसेंस मिला है। भारती एयरटेल ने कहा, एनबीएफसी एयरटेल मनी लिमिटेड के लिए बड़ी योजनाओं की घोषणा भारत में 'ऋण अंतर' कम करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## शेयर बाजार में आई तेजी 480 अंक चढ़ा सेंसेक्स

**मुंबई।** अमेरिका में व्यापक टैरिफ आदेश रद्द होने से उपजी सकारात्मक धारणा के बीच सोमवार को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, वाहन और वित्तीय शेयरों में लिवाली से घरेलू शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 480 अंक चढ़ गया, जबकि निफ्टी में 142 अंक की तेजी दर्ज की गई।




● अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के टैरिफ पर फैसले से लौटा हौसला

विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट की तरफ से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पिछले साल जारी व्यापक टैरिफ आदेशों को अवैध घोषित कर दिए जाने के बाद निवेशक धारणा में सुधार देखा गया। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 479.95 अंक यानी 0.58 प्रतिशत चढ़कर 83,294.66 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 671.44 अंक चढ़कर 83,486.15 अंक तक पहुंच गया था। इसी तरह एनएसई का 50 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक निफ्टी भी 141.75 अंक यानी 0.55 प्रतिशत बढ़कर 25,713 अंक पर बंद हुआ। दिन में एक समय यह 200.2 अंक चढ़कर 25,771.45 अंक तक चला गया था।

# अनिल अंबानी के बैंक खातों को धोखाधड़ी वाला करार देने की कार्यवाही जारी रहेगी

**मुंबई, एजेंसी**

● बंबई हाईकोर्ट ने एकल पीठ के आदेश को अवैध और विकृत करार देते हुए रद्द किया

बंबई उच्च न्यायालय ने उद्योगपति अनिल अंबानी को झटका देते हुए एकल पीठ के उस अंतरिम आदेश को सोमवार को रद्द कर दिया, जिसमें उनके एवं रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड के बैंक खातों को धोखाधड़ी वाला वर्गीकृत करने की कार्यवाही पर रोक लगाई गई थी।

मुख्य न्यायाधीश चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति गौतम अनखड़ की खंडपीठ ने सार्वजनिक क्षेत्र के तीन बैंक और लेखा परामर्श कंपनी बीडीओ इंडिया एलएलपी की, दिसंबर 2025 में पारित एकल पीठ के अंतरिम आदेश के खिलाफ दायर अपील को स्वीकार करते हुए यह फैसला सुनाया। खंडपीठ ने एकल पीठ के आदेश को रद्द करते हुए इसे अवैध एवं विकृत करार दिया। अंबानी के वकीलों ने हाईकोर्ट से अनुरोध किया कि आदेश पर रोक लगाई जाए ताकि वे सुप्रीम कोर्ट का रुख कर सकें, लेकिन अदालत ने यह मांग ठुकरा दी। अंबानी एवं उनकी कंपनी को अंतरिम राहत देने वाले दिसंबर 2025 के आदेश को तीनों बैंक ने पिछले महीने चुनौती दी थी।

उस आदेश में अनिवार्य रिजर्व बैंक नियमों के उल्लंघन का हवाला देते हुए कहा गया था कि बैंक वर्षों बाद गहरी नींद से जागे हैं। एकल पीठ ने इंडियन ओवरसीज बैंक, आईडीबीआई, बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा की गई वर्तमान और भावी कार्रवाई पर रोक लगाते हुए कहा था कि यह कार्रवाई कानूनी रूप से त्रुटिपूर्ण फोरेंसिक ऑडिट पर आधारित है और भारतीय रिजर्व बैंक के अनिवार्य निर्देशों का उल्लंघन करती है।

## भारत और फ्रांस ने दोहरा कराधान बचाव करार में किया संशोधन

**नई दिल्ली।** भारत और फ्रांस ने दोहरा कराधान बचाव करार (डीटीएसी) में संशोधन किया है। इसके तहत अब पूंजीगत लाभ पर कर कंपनी जहां स्थित है उसके आधार पर लगाया जाएगा। इसके साथ ही सबसे तरजीही देश प्रावधान को भी हटा दिया गया है जिससे कराधान व्यवस्था में अधिक स्पष्टता आएगी।

इस संशोधन से पहले जहां लाभांश से आय पर कर की दर 10 प्रतिशत यानी एक समान थी, उसमें अब बदलाव किया गया है। कम से कम 10 प्रतिशत पूंजी रखने वालों के लिए पांच प्रतिशत और अन्य सभी मामलों में अब 15 प्रतिशत कर लगेगा। इसमें 'तकनीकी सेवाओं के शुल्क' की परिभाषा को भारत-अमेरिका डीटीएए के अनुरूप किया गया है और 'स्थायी प्रतिष्ठान' के दायरे का विस्तार करते हुए 'सर्विस पीई' जोड़ा गया है।

# अमेरिकी टैरिफ को लेकर भारतीय निर्यातकों में असमंजस की स्थिति

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से नए वैश्विक शुल्क लगाने की घोषणा के बाद भारतीय निर्यातकों के बीच 24 फरवरी से प्रभावी शुल्क की दर को लेकर अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई है। पिछले सप्ताह अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले के तत्काल बाद ट्रंप प्रशासन ने भारत सहित सभी देशों पर 24 फरवरी से 150 दिन के लिए 10 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाने का आदेश जारी कर दिया।

आदेश जारी होने के कुछ घंटों के भीतर ट्रंप ने इस शुल्क को बढ़ाकर 15 प्रतिशत तक करने की घोषणा कर दी लेकिन इस संबंध में अभी तक कोई औपचारिक अधिसूचना जारी नहीं हुई है। इससे निर्यातक समुदाय में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। भारतीय निर्यातक संगठनों के महासंघ (फियो) के महानिदेशक अजय सहाय ने कहा, वर्तमान आदेश के अनुरूप 24 फरवरी से भारतीय वस्तुओं पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगेगा। लेकिन 15 प्रतिशत शुल्क को लेकर कोई आधिकारिक आदेश नहीं आया है, इसलिए अनिश्चितता बनी हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि 150 दिन के बाद की शुल्क व्यवस्था को लेकर भी स्थिति अभी स्पष्ट नहीं है। मुंबई स्थित टेक्नोक्राफ्ट इंडस्ट्रीज इंडिया के संस्थापक चेयरमैन शरद कुमार सराफ ने कहा, भारतीय निर्यातकों के लिए अमेरिका प्रमुख बाजार है और आयात शुल्क को लेकर अस्थिरता होने से कारोबारी धारणा पर असर पड़ता है। शुल्क से जुड़े इस नाटक पर अब पर्दा गिर जाना चाहिए।

● ट्रंप की 15% टैरिफ लगाने की घोषणा के बाद अब तक जारी नहीं हुई अधिसूचना

### अभी कोई टिप्पणी करना जल्दबाजी: वित्त मंत्री

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि अमेरिकी टैरिफ में किए गए बदलावों के प्रभाव पर बात करना अभी जल्दबाजी होगी। वाणिज्य मंत्रालय अबी इस स्थिति की समीक्षा कर रहा है। सीतारमण ने कहा कि समग्र भारतीय अर्थव्यवस्था से परे विशेष रूप से व्यापार के मुद्दे पर वाणिज्य मंत्रालय स्थिति की समीक्षा कर रहा है। प्रतिनिधिमंडल को यह तय करना होगा कि आगे की वार्ताओं के लिए वे कब जाएंगे। इसलिए मेरे लिए अभी टिप्पणी करना थोड़ी जल्दबाजी होगी।



# जेएनयू में दो छात्र संगठनों के बीच टकराव के बाद हिंसा, कई घायल

## वामपंथी रुझान वाले छात्र संघ और विद्यार्थी परिषद के बीच आरोप-प्रत्यारोप

**नई दिल्ली, एजेंसी**

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) परिसर में रविवार देर रात एक विरोध मार्च के दौरान वामपंथी और दक्षिणपंथी रुझान वाले छात्र संगठनों के बीच हिंसक झड़प के बीच पथराव हुआ जिसमें कई छात्र घायल हो गए। दोनों समूहों ने हिंसा के लिए एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहराया। वहीं, विश्वविद्यालय प्रशासन ने परिसर में किसी भी तरह के अराजक व्यवहार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी।

जेएनयू परिसर में सोमवार देर रात करीब 1:30 बजे कुलपति के खिलाफ प्रदर्शन के हिंसक रूप अख्तियार करने के बाद स्थिति तनावपूर्ण हो गई। वामपंथी रुझान वाले जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ (जेएनयूएसयू) ने कुलपति शांतिश्री धुलिपुडी पंडित के इस्तीफे और एक निष्कासन आदेश को रद्द करने की मांग को लेकर रविवार रात को पूर्वी गेट की ओर समता जुलूस निकालने का आह्वान किया था। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने मार्च में शामिल छात्रों पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के सदस्यों के हमले की अनदेखी की। वाम समर्थित छात्र संगठनों की ओर से साझा किए गए वीडियो में नकाबपोश लोगों को परिसर में पथराव करते हुए देखा जा सकता है। वहीं, एबीवीपी की ओर से पोस्ट किए गए वीडियो में परिसर में हिंसा भड़कने से पहले कुछ नकाबपोश लोग लाठियों के साथ घूमते हुए नजर आ रहे हैं।



जेएनयू में विद्यार्थी परिषद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर छात्रसंघ पर आरोप लगाए।

### विवादित टिप्पणी

कुलपति शांतिश्री धुलिपुडी पंडित ने हाल ही में एक साक्षात्कार में कहा था कि समुदाय लगातार पीड़ित बने रहकर या पीड़ित होने का नाटक करके प्रगति नहीं कर सकते। जेएनयूएसयू ने पंडित की इन टिप्पणियों को जातिवादी और हाशिये पर पड़े समुदायों के प्रति असंवेदनशील बताया है।

### एबीवीपी ने किया पथराव : छात्रसंघ

जेएनयूएसयू ने एक बयान में कई एबीवीपी सदस्यों का नाम लेते हुए उन पर हिंसक भीड़ का नेतृत्व करने का आरोप लगाया। दावा किया कि पंडित ने विरोध-प्रदर्शन की जानकारी होने के बावजूद कोई कदम नहीं उठाया। एबीवीपी के सदस्यों ने प्रदर्शन स्थल पर पत्थर और ईंटें फेंकीं। उन्होंने प्रदर्शनकारी छात्रों पर लाठी-डंडों से हमला किया, जिससे परिसर में डर का माहौल बन गया। छात्र संगठन ने कुलपति के इस्तीफे की अपनी मांग भी दोहराई है। 26 फरवरी को शिक्षा मंत्रालय तक 'लॉन्ग मार्च' का आह्वान किया है।

### हम पर किया गया हमला: एबीवीपी

एबीवीपी ने दावा किया कि वाम समर्थित समूहों के रीडिंग रूम में पढ़ रहे छात्रों पर हमले के बाद विरोध-प्रदर्शन हिंसक हुआ। लगभग 150-200 लोगों की भीड़ ने परिसर में एबीवीपी कार्यकर्ताओं पर हमला किया। हमले के बाद कई कार्यकर्ताओं को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। जेएनयूएसयू के पूर्व महासचिव वैभव मीणा ने दावा किया कि वामपंथी छात्रों ने देर रात विरोध-प्रदर्शन के दौरान वाचनालयों को बंद करने की मांग की थी और जब छात्रों ने इस पर सहमति नहीं जताई, तो वे हिंसा पर उतारू हो गए।

### छात्रों को धमकाया गया, सख्त कार्रवाई करेंगे : विश्वविद्यालय

विश्वविद्यालय प्रशासन ने कहा कि उसने घटना का गंभीरता से संज्ञान लिया है और परिसर में किसी भी तरह के अराजक व्यवहार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जेएनयू प्रशासन ने कहा कि विरोध-प्रदर्शन कर रहे छात्रों के एक समूह ने परिसर में कई शैक्षणिक भवनों को बंद कर दिया था। वे केंद्रीय पुस्तकालय में घुस गए और उन छात्रों को धमकाया और विरोध में शामिल होने के लिए मजबूर किया, जो इसका हिस्सा नहीं बनना चाहते थे। इसी वजह से 22 फरवरी की रात को परिसर में दो छात्र संगठनों के बीच झड़प हुई।

## राजकोट : ढाई किमी दायरे में 1400 अवैध बस्तियों का ध्वस्तीकरण शुरू

**राजकोट।** राजकोट नगर निगम ने सोमवार को कड़ी सुरक्षा के बीच शहर के 2.5 किमी क्षेत्र में फैली 1,400 से अधिक अवैध बस्तियों को ध्वस्त करने के लिए बड़े पैमाने पर अभियान शुरू किया। अधिकारियों के मुताबिक इसके लिए अजी नदी के किनारे जंगलेश्वर क्षेत्र में ट्रैक्टर, डंपर और अन्य भारी मशीनरी के साथ 65 से अधिक मिट्टी खोदने वाली मशीनें तैनात की गई हैं। लोगों में इस कार्रवाई को लेकर भारी आक्रोश फैला हुआ है।

● दशकों से रह रहे लोगों में आक्रोश, कहा- पहले कोई सूचना तक नहीं दी

गुजरात के उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी के आदेश के बाद राजकोट नगर निगम (आरएमसी) ने जंगलेश्वर क्षेत्र में ध्वस्तीकरण अभियान शुरू किया। राजकोट जोन-1 की डीसीपी हेतल पटेल ने बताया कि चूंकि अवैध संपत्तियां 2.5 किमी क्षेत्र में फैली हुई हैं, इसलिए ध्वस्तीकरण अभियान तीन दिन तक चलने की उम्मीद है। अधिकारियों ने पिछले दो दिनों में स्वेच्छा से अपनी संपत्तियां खाली करने का मौका दिया है। उन्होंने बताया कि लोगों को नोटिस जारी किए गए थे और ध्वस्तीकरण शुरू होने से पहले पानी तथा बिजली के कनेक्शन काट दिए गए थे।

इस कदम से इलाके के उन लोगों में भारी आक्रोश है, जो दशकों से इस यहां रह रहे हैं। कुछ ने दावा किया कि उन्हें ध्वस्तीकरण अभियान के बारे में तीन दिन पहले ही सूचित किया गया था। उन्होंने कहा कि अब उन्हें सड़कों पर रहना पड़ेगा।

# त्योहारों के बीच हवाई किराया बढ़ाना गंभीर चिंता का विषय : सुप्रीम कोर्ट

## केंद्र ने कहा- मनमानी रोकने के लिए कर रहे हैं विचार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि त्योहारों और छुट्टियों के बीच हवाई किराया बढ़ाना गंभीर चिंता का विषय है। कोर्ट ने इस मुद्दे पर अपने निर्णय की प्रक्रिया को पूरी करने के लिए केंद्र को चार सप्ताह का समय दिया। केंद्र ने कहा कि नागर विमानन मंत्रालय एयरलाइन कंपनियों की इस मनमानी पर लगाम लगाने के लिए विचार कर रहा है।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा, यह अत्यंत गंभीर मुद्दा है। अगर ऐसा नहीं होता तो हम अनुच्छेद 32 के तहत याचिकाएं स्वीकार नहीं करते। केंद्र की तरफ से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल अनिल कौशिक ने कहा कि मंत्रालय को जवाब दाखिल करने को तीन सप्ताह की जरूरत है। पीठ ने दर्ज किया कि मंत्रालय ने मामले को संज्ञान में लिया है। अगली सुनवाई 23 मार्च को होगी। इससे पहले 19 जनवरी को शीर्ष अदालत ने त्योहारों और आपात स्थितियों के दौरान हवाई किरायों में बेतहाशा बढ़ोतरी को शोषण करार देते हुए केंद्र और डीजीसीए से जवाब मांगा था। कोर्ट ने 17 नवंबर को केंद्र, डीजीसीए और एईआरए को नोटिस जारी किए थे।



### कोयला चालित उद्योगों को एनसीआर से बाहर भेजने के प्रस्ताव पर जवाब दे केंद्र

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बेहतर वायु गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली-एनसीआर से सभी कोयला आधारित उद्योगों को स्थानांतरित करने के प्रस्ताव पर केंद्र सरकार के मंत्रालयों से जवाब मांगा। एनसीआर में लगातार वायु गुणवत्ता की समस्या से निपटने के लिए सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने कहा कि वह वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के सुझावों के आधार पर 12 मार्च को गाड़ियों से होने वाले प्रदूषण के मुद्दे की जांच करेगी। शीर्ष कोर्ट ने निर्माण और तोड़फोड़ की वजह से होने वाली धूल से निपटने के लिए सीएक्यूएम के सुझाए गए तरीकों पर सभी हितधारकों से भी जवाब मांगा। अदालत ने सरकार से इस सुझाव पर जवाब मांगा कि दिल्ली के 300 किमी के दायरे में कोई नया कोयला आधारित तापीय ऊर्जा संयंत्र न लगाया जाए। अदालत ने उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान को एनसीआर में कोयला-आधारित उद्योगों समेत हितधारकों से सुझाव और आपत्तियां मांगने के लिए सार्वजनिक नोटिस जारी करने का निर्देश दिया।

### वांगचुक मामले में सुनवाई 26 तक टली

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने रासुका के तहत जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी को चुनौती देने संबंधी उनकी पत्नी गीतांजलि जे. अंगमो की याचिका पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की अनुपलब्धता की वजह से 26 फरवरी तक के लिए सुनवाई टाल दी। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति पीबी वराले की पीठ ने इससे पहले केंद्र से सवाल किया था कि क्या वांगचुक की स्वास्थ्य स्थिति देखते हुए उनकी हिरासत पर पुनर्विचार की कोई संभावना है। केंद्र ने जवाब में कहा था कि वांगचुक को बेहतर चिकित्सा मुहैया कराई जा रही है।

## एआई इम्पैक्ट सम्मेलन में विरोध प्रदर्शन के मामले में तीन और कार्यकर्ता गिरफ्तार किए

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने पिछले सप्ताह यहां आयोजित एआई इम्पैक्ट सम्मेलन के दौरान युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं बिना कमीज के विरोध प्रदर्शन के सिलसिले में ग्वालियर से तीन और लोगों को गिरफ्तार किया है, जिसके बाद मामले में गिरफ्तारियों की संख्या सात हो गई है।

आरोपियों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी में समूहों के बीच शत्रुता को बढ़ावा देने और राष्ट्रीय अखंडता के लिए हानिकारक दावे करने सहित अन्य आरोप लगाए गए हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, जितेंद्र यादव, राज गुर्जर और अजय कुमार को मध्य प्रदेश के ग्वालियर से पकड़ा गया है। चार लोगों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था।

# आंध्र प्रदेश के राजामहेंद्रवरम में मिलावटी दूध पीने से 4 की मौत

**राजामहेंद्रवरम।** पूर्वी गोदावरी जिले में एक अनधिकृत विक्रेता की ओर से बेचे गए मिलावटी दूध के सेवन से पिछले 48 घंटों में चार लोगों की मौत हो गई। दूषित दूध पीने के बाद गुर्दे खराब हो जाना और मूत्र संबंधी अवरोध होना इन लोगों की मौत का कारण बना। कई अन्य लोग इस दूध के सेवन के बाद बीमार हुए हैं। इनमें करीब 12 लोगों को गंभीर हालत में अस्पतालों में भर्ती कराया गया है जहां उनकी डायलिसिस की जा रही है।

### मृतकों के परिवारों को 10-10 लाख रुपये

मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि अस्पतालों में इलाज करा रहे लोगों के पूरे को सरकार वहन करेगी। मृतकों के परिवार को 10 लाख रुपये का मुआवजा भी देंगे। युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) प्रमुख वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए मिलावट के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

पूर्वी गोदावरी जिले की जिलाधिकारी कीर्ति चेकुरी के मुताबिक विशेष टीमें घर-घर जाकर सर्वेक्षण कर रहे हैं और प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को चिकित्सा सहायता दिला रहे हैं। दूध के स्थानीय विक्रेता को हिरासत में लिया गया है। कीर्ति ने मीडिया को बताया कि जिन 106 घरों में विक्रेता ने दूध बेचा वहां रक्त परीक्षण कराया जा रहा है। अब तक 73 परिवारों से नमूने एकत्र किए गए। इसी बीच, पशुपालन विभाग ने 46 मवेशियों का परीक्षण कर नमूनों को प्रयोगशालाओं में भेजा। रक्त के नमूनों से बच्चे और बुजुर्ग लोगों के ज्यादा प्रभावित होने का पता चला है। एक स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि प्रभावित लोगों में मतली, उल्टी और कम पेशाब होना जैसे लक्षण सामने आए हैं।

● दूध पीने के बाद गुर्दों ने बंद कर दिया काम, लोगों में मतली-उल्टी के साथ पैदा हुए मूत्र संबंधी अवरोध

### तमाम लोग बीमार, 12 गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती, डायलिसिस जारी



मौत का कारण बना दूध दिखाती महिला।

# सैन्य अभियान में ड्रग माफिया एल मेंचो की मौत के बाद मेक्सिको में फैली हिंसा

**मेक्सिको सिटी, एजेंसी**

- मेक्सिकन सुरक्षा बलों के साथ अमेरिकी एजेंटो ने मार गिराया

पश्चिमी मेक्सिको में देश के सर्वाधिक वांछित ड्रग माफिया नेमेसियो ओसेगुएरा सर्वेंटेस उर्फ 'एल मेंचो' को अमेरिकी खुफिया विभाग और स्थानीय सुरक्षा बलों के एक अभियान के दौरान मार दिए जाने के बाद सोमवार को हिंसा फैल गई। ओसेगुएरा ताकतवर जलिस्को न्यू जनरेशन कार्टेल (सीजेएनजी) का सरगना था।

मेक्सिकन सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में वह घायल हो गया था। इलाज के लिए विमान से ले जाते समय उसकी मौत हो गई। इस अभियान के दौरान कम से कम छह अन्य लोग मारे गए और सुरक्षा बल के कई सदस्य घायल हुए। यह झड़प रविवार को जलिस्को राज्य के एक शहर तपाल्पा में हुई।

मेक्सिको के रक्षा विभाग के मुताबिक, इस टकराव के दौरान सीजेएनजी के चार सदस्य मारे गए और सेना के तीन जवान घायल हो गए। कई राज्यों में सोमवार को स्कूल बंद कर दिए गए। मेक्सिकन राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में देश के सुरक्षा बलों की तारीफ की और शांति बनाए रखने की अपील की।

### भारतीय दूतावास ने जारी किया परामर्श

मेक्सिको में भड़की हिंसा के मद्देनजर भारतीय दूतावास ने देश में रह रहे भारतीय नागरिकों के लिए सोमवार को एक परामर्श जारी किया जिसमें उनसे सावधानी बरतने और घरों के अंदर रहने का आग्रह किया गया है। मेक्सिको स्थित भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर लिखा कि मेक्सिको में रहने वाले सभी भारतीय नागरिकों को सूचित किया जाता है कि सुरक्षा अभियान जारी हैं और इससे जुड़े सड़क अवरोध एवं आपराधिक गतिविधियां हो रही हैं।

## पर्यावरण के लिए खतरनाक संकेत

केरल में हाल के दिनों में पराबैंगनी विकिरण के स्तर में असामान्य बढ़ोतरी दर्ज की गई है। केरल राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने राज्य के कई हिस्सों में यूवी इंडेक्स 12 तक पहुंचने की सूचना दी है, जो अत्यधिक (एक्सट्रीम) श्रेणी में आता है। यह स्थिति केवल गर्मी बढ़ने का संकेत नहीं है, बल्कि यह सीधे हमारे स्वास्थ्य और पारिस्थितिकी तंत्र के लिए एक गंभीर चुनौती है। पराबैंगनी विकिरण सूर्य से आने वाली ऊर्जा का वह हिस्सा है जिसे हम अपनी आंखों से देख नहीं सकते, लेकिन इसका प्रभाव हमारी त्वचा और शरीर पर गहराई से पड़ता है। आमतौर पर, पृथ्वी की ओजोन परत इन किरणों के सबसे हानिकारक हिस्से को सोख लेती है, लेकिन जलवायु परिवर्तन और ओजोन परत के पतले होने के कारण ये किरणें अधिक तीव्रता के साथ धरातल तक पहुंच रही हैं। केरल में यूवी की स्थिति पर्यावरण के लिए एक खतरनाक संकेत है।

## उच्च पराबैंगनी विकिरण



### इन स्थितियों में बढ़ता है यूवी स्तर

- सूर्य की स्थिति : जब सूरज सीधे सिर के ऊपर होता है (दोपहर 10 से 3 बजे), तब विकिरण सबसे अधिक होता है।
- अक्षांश : भूमध्य रेखा (ईक्वेटर) के पास के क्षेत्रों में पराबैंगनी विकिरण का स्तर हमेशा अधिक रहता है।
- ऊंचाई : ऊंचाई बढ़ने के साथ हवा पतली होती जाती है, जिससे UV किरणें कम छन पाती हैं। मुन्नार जैसे पहाड़ी इलाकों में उच्च यूवी का यही कारण है।
- ओजोन परत : ओजोन परत में कमी आने पर अधिक हानिकारक किरणें जमीन तक पहुंचती हैं।

### उच्च पराबैंगनी (यूवी) किरणें क्या हैं

- पराबैंगनी किरणें विद्युत चुम्बकीय स्पेक्ट्रम का हिस्सा हैं जिनकी तरंग दैर्ध्य (वेवलेंथ) दृश्य प्रकाश से कम होती है। इन्हें तीन श्रेणियों में बांटा गया है।
- यूवीए : इसकी तरंगदैर्ध्य सबसे लंबी होती है। ओजोन परत इसे अवशोषित नहीं कर पाती है। यह त्वचा के गहराई तक जाती है और समय से पहले बुढ़ापे के लिए जिम्मेदार है।
- यूवीबी : इसकी तरंगदैर्ध्य मध्यम होती है। यह त्वचा की ऊपरी परत को जलाती है और सनबर्न के साथ-साथ अधिकांश त्वचा कैंसर का कारण बनती है।
- यूवीसी : इसकी तरंगदैर्ध्य सबसे छोटी होती है। यह सबसे खतरनाक होती है, लेकिन शुक्र है कि ओजोन परत इसे पूरी तरह सोख लेती है और यह धरती तक नहीं पहुंच पाती है।

**समस्याएं :** विकिरण बढ़ने पर सनबर्न, त्वचा रोग, झुर्रियां, त्वचा पर काले धब्बे, त्वचा कैंसर की समस्या हो सकती है।

### यूवी इंडेक्स को समझें

- 0-2 (निम्न श्रेणी) : जोखिम काफी कम रहता है, लेकिन आंखों को नुकसान से बचाने के लिए धूप का चश्मा पहनें।
- 3-5 (मध्यम श्रेणी) : इस स्थिति में छाया में रहें, सुरक्षात्मक कपड़े पहनें।
- 6-7 (उच्च श्रेणी) : सनस्क्रीन और टोपी का उपयोग अनिवार्य है।
- 8-10 (बहुत उच्च श्रेणी) : धूप में कम से कम निकलें।
- 11+ (अत्यधिक) : केरल के कुछ हिस्सों में दर्ज किया गया है। बाहर निकलने से बचें।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### ट्रंप को टैरिफ पर संसद से मंजूरी लेनी चाहिए

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल के अमेरिका के पूर्व कार्यवाहक सॉलिसिटर जनरल नील कात्याल ने कहा कि यदि ट्रंप के टैरिफ (शुल्क) वास्तव में इतने अच्छे विचार हैं, तो उन्हें इन्हें लागू कराने के लिए अमेरिकी कांग्रेस (संसद) को मनाने में कोई कठिनाई नहीं होनी चाहिए। कात्याल ने कहा कि अमेरिकी संविधान के अनुसार इतने व्यापक शुल्क उपायों को लागू करने के लिए राष्ट्रपति को विधायी स्वीकृति (कांग्रेस की मंजूरी) अवश्य लेनी चाहिए।

### किम जोंग फिर पार्टी के शीर्ष पद पर निर्वाचित

**सियोल।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन को सत्तारूढ़ वर्कर्स पार्टी के शीर्ष पद पर फिर से निर्वाचित किया गया है। सरकारी मीडिया ने सोमवार को बताया कि प्रतिनिधियों ने देश के परमाणु शस्त्रागार को मजबूत करने और क्षेत्रीय प्रभाव बढ़ाने का श्रेय किम को दिया। गत गुरुवार से शुरू हुई पार्टी कांग्रेस में किम अगले पांच वर्षों के लिए अपने प्रमुख राजनीतिक और सैन्य लक्ष्यों की रूपरेखा पेश कर सकते हैं। संकेत मिल रहे हैं कि वह परमाणु कार्यक्रम को और तेज करने पर जोर देंगे।

### नासा की चंद्र रॉकेट उड़ान अप्रैल तक टली

**केप कैनवेरल।** नासा अपने विशाल चंद्र रॉकेट को अंतरिक्ष यात्रियों के सवार होने से पहले और मरम्मत के लिए इस सप्ताह फिर से हैंगर में वापस लाएगा। अंतरिक्ष एजेंसी के अनुसार, कम से कम अप्रैल तक उड़ान स्थगित रहेगी। मौसम अनुकूल रहने पर मंगलवार को केनेडी स्पेस सेंटर के परिसर में रॉकेट को वापस ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। नासा ने गुरुवार को खतरनाक हाइड्रोजन ईंधन रिसाव को बंद करने के लिए दोबारा जांच की थी। इसी दौरान रॉकेट की हीलियम प्रणाली में खराबी आ गई, जिससे आधी सदी से अधिक समय बाद अंतरिक्ष यात्रियों की पहली चंद्र यात्रा और टल गई।

### अलास्का तट के पास 6.1 तीव्रता का भूकंप

**अलास्का।** अमेरिका के अलास्का तट के पास सोमवार को 6.1 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया। यह जानकारी संयुक्त राज्य भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने दी। यूएसजीएस के अनुसार, भूकंप जीएमटी 05:11 पर आया। इसका केंद्र निकोल्स्कोये से लगभग 86 किलोमीटर (53 मील) दक्षिण-पश्चिम में स्थित था और इसकी गहराई 25.4 किलोमीटर मापी गई। प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, भूकंप से किसी प्रकार की जनहानि या संपत्ति के नुकसान की सूचना नहीं है।

# अमेरिका के साथ मतभेदों को वार्ता के जरिए सुलझाने को ईरान तैयार

## टकराव के जोखिम के बीच गुरुवार को तीसरी बार बातचीत के लिए साथ बैठेंगे दोनों देश

- ईरानी विदेशमंत्री ने कहा, अभी भी कूटनीतिक समाधान संभव

**काहिरा, एजेंसी**

अमेरिका और ईरान ने परमाणु समझौते को लेकर अलग-अलग दृष्टिकोण के बावजूद बातचीत जारी रखने का फैसला किया है मगर अमेरिका की ओर से सैन्य तैनाती में उल्लेखनीय वृद्धि ने इस प्रक्रिया की नाजुकता और टकराव के जोखिम को उजागर किया है। ईरान के विदेशमंत्री अब्बास अराघची ने एक बार फिर कहा कि ईरान अमेरिका के साथ मतभेदों को बातचीत के जरिए सुलझाने को तैयार है। कहा कि वह गुरुवार को जिनेवा में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ से मुलाकात कर सकते हैं और यह अब भी संभव है कि ईरान और अमेरिका के बीच कूटनीतिक समाधान निकाला जाए।

ओमान के विदेश मंत्री सैयद बद्र बिन हमद बिन हमूद अलबुसैदी ने रविवार को कहा कि अमेरिका-ईरान वार्ता का अगला दौर गुरुवार को जिनेवा में होगा। उन्होंने एक्स पर कहा कि अमेरिका-ईरान वार्ता इस गुरुवार को जिनेवा में तय हुई है और समझौते को अंतिम रूप देने की दिशा में अतिरिक्त प्रयास किए जाएंगे। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी इरना के अनुसार रविवार को ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची और अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के महानिदेशक राफेल ग्रोसी के बीच फोन पर बातचीत हुई, जिसमें रचनात्मक सहभागिता और संवाद के रास्ते को अपनाने के महत्व पर जोर दिया गया, ताकि एक टिकाऊ परमाणु समझौता हासिल किया जा सके। यह बातचीत अराघची के उस बयान के बाद हुई, जिसमें उन्होंने कहा था कि तेहरान दो से तीन दिनों में संभावित परमाणु समझौते का मसौदा तैयार कर लेगा।



### समझौते को विभिन्न पहलुओं पर हो रहा काम

ईरान के विदेशमंत्री अराघची ने कहा कि दोनों पक्ष संभावित समझौते के विभिन्न पहलुओं पर काम कर रहे हैं और गुरुवार को प्रारंभिक मसौदे पर चर्चा हो सकती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि समझौते में ईरान के शांतिपूर्ण परमाणु कार्यक्रम को मान्यता मिलनी चाहिए और अमेरिका द्वारा लगाए गए प्रतिबंध हटाए जाने चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय परमाणु कार्यक्रम के तहत यूरेनियम संवर्धन के अधिकार पर ईरान के अडिग रुख को दोहराया। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान और अमेरिका 2015 में हुए समझौते से बेहतर परमाणु समझौता कर सकते हैं। उनके अनुसार, इस बार अत्यधिक बारीकियों में जाने की जरूरत नहीं है।

### अस्थायी समझौते को तैयार नहीं ईरान

**तेहरान।** ईरान ने सोमवार को कहा कि वह अमेरिकी अधिकारियों के साथ अपनी बातचीत में किसी अंतरिम समझौते के विचार का समर्थन नहीं करता है। उसने इसके बजाय प्रतिबंधों को हटाने और परमाणु-संबंधी मुद्दों को सुलझाने पर केंद्रित एक त्वरित और परिणाम आधारित समझौते की शर्त रखी है। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने तेहरान में कहा कि अस्थायी व्यवस्था के बारे में सभी अटकलों का कोई आधार नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा कि किसी भी समझौते को बातचीत की मेज पर संयुक्त रूप से आकार देना होगा। बघाई ने कहा कि ईरान वर्तमान में अपना रुख तैयार कर रहा है।

## नीदरलैंड में नई गठबंधन सरकार ने ली शपथ

**द हेग।** नीदरलैंड के राजा विलेम एलेक्जेंडर ने रॉब जेटेन के नेतृत्व वाली नई अल्पमत गठबंधन सरकार को सोमवार को शपथ दिलाई। जेटेन (38) नीदरलैंड के सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि अल्पमत की वजह से उन्हें चार साल का कार्यकाल पूरा करने और विभिन्न विधेयकों को पारित कराने के लिए कई मोर्चों पर समझौता करना पड़ सकता है। जेटेन तीन दलों के गठबंधन का नेतृत्व करते हैं। इसमें उनकी मध्यमार्गी डी66 पार्टी, मध्य-दक्षिणपंथी क्रिश्चियन डेमोक्रेट पार्टी और पीपुल्स पार्टी फॉर फ्रीडम एंड डेमोक्रेसी शामिल हैं।

नीदरलैंड की संसद के 150 सदस्यीय निचले सदन में सत्तारूढ़ गठबंधन के महज 66 सदस्य हैं। ऐसे में जेटेन को अपनी सरकार की ओर से पेश किए जाने वाले प्रत्येक कानून के लिए समर्थन जुटाने के वास्ते विपक्षी सांसदों को भरोसे में लेना होगा। राजा विलेम एलेक्जेंडर ने आम चुनाव के 117 दिन बाद जेटेन और उनकी सरकार के मंत्रियों को द हेग स्थित शाही महल के ऑरेंज हॉल में शपथ दिलाई। राजा ने नई सरकार को अनिश्चितता के दौर में सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

# एआई समिट में दुनिया ने देश की क्षमता को सराहा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- पीएम मोदी बोले-मानवता के काम आएगी हमारे युवाओं की सोच



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि हाल में हुए एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन में भारत के सामर्थ्य की पूरी दुनिया ने जमकर सराहना की, जिससे यह साबित होता है कि प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत की युवा प्रतिभाओं की सोच मानवता के लिए बहुत लाभदायक होगी। पिछले सप्ताह नई दिल्ली में आयोजित शिखर सम्मेलन का समापन एआई इम्पैक्ट पर नई दिल्ली घोषणा पत्र को अपनाने के साथ हुआ, जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर वैश्विक सहयोग में मील का पत्थर है।

मोदी ने 'एक्स' पर लिखा कि दिल्ली में हुए ऐतिहासिक एआई शिखर सम्मेलन में पूरी दुनिया ने भारत के सामर्थ्य की जमकर सराहना की है। इससे पता चलता है कि प्रौद्योगिकी को लेकर हमारे युवा साथियों की सोच पूरी मानवता के बहुत काम आने वाली है। राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के घोषणापत्र पर 89 देशों एवं अंतर्राष्ट्रीय संगठनों ने हस्ताक्षर किए हैं जो आर्थिक विकास और सामाजिक भलाई के लिए एआई का लाभ उठाने पर व्यापक वैश्विक सहमति को दर्शाता है। इस शिखर सम्मेलन में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा, स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति गी पॉहमेलॉ सहित दुनिया भर के नेता और कई प्रमुख प्रौद्योगिकी कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) उपस्थित थे।

### समिट में समावेशी विकास की कल्पना

सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की विषय वस्तु पर आधारित इस शिखर सम्मेलन को भारत को एआई के क्षेत्र में एक अग्रणी देश के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में एक ऐसे भविष्य की कल्पना की गई जिसमें एआई मानवता को आगे बढ़ाए, समावेशी विकास को बढ़ावा दे और पृथ्वी के हितों की रक्षा करने में मदद करे। कार्यक्रम में श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके, भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे, मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम, क्रोएशिया के प्रधानमंत्री आंद्रेई प्लेनकोविक, सर्बिया के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुसिक, सेशेल्स के उपराष्ट्रपति सेबेस्टियन पिल्लै, एस्टोनिया के राष्ट्रपति अलार कारिस और फिनलैंड के प्रधानमंत्री पेटेरी ओर्पो भी शामिल हुए।

# यूनुस ने मुझे पद से हटाने के लिए रची थी साजिश

**ढाका, एजेंसी**

- बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने लगाया आरोप

बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने कहा है कि अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मो. यूनुस ने संवैधानिक प्रावधानों का पालन नहीं किया और युनूस ने उन्हें पद से हटाने के लिए साजिश भी रची। उन्होंने आरोप लगाया कि न तो उन्हें विदेश दौरों की जानकारी दी गई और न ही राज्य के मामलों पर कोई जानकारी उपलब्ध करवाई गई थी।

कालेर कंठ पेपर ने शहाबुद्दीन के हवाले से कहा कि मुख्य सलाहकार कई बार विदेश गए, लेकिन लौटने के बाद कभी राष्ट्रपति से मुलाकात नहीं की और न ही किसी तरह की लिखित रिपोर्ट सौंपी, जबकि यह उनका संवैधानिक दायित्व था। राष्ट्रपति ने कहा, मुख्य सलाहकार ने संविधान के किसी भी प्रावधान का पालन नहीं किया। जब भी वह विदेश जाते थे, उन्हें लौटकर राष्ट्रपति से मिलना और परिणामों की जानकारी लिखित रूप में देना चाहिए था। वह 14 से 15 बार विदेश गए, लेकिन एक बार भी मुझे सूचना नहीं दी। वह कभी मुझसे मिलने नहीं आए। शहाबुद्दीन ने कहा कि उस अवधि में उन्हें पूरी तरह अंधेरे में रखा गया और कोसोवो तथा कतर की उनकी दो विदेश यात्राएं भी रोक दी गयीं। तत्कालीन राजनीतिक तनाव का उल्लेख करते हुए कहा कि मुझे यूनुस का एक भी फोन कॉल भी नहीं आया।

# दिल्ली पुलिस ने किया अंतर्राष्ट्रीय ड्रग की तस्करी गिरोह का भंडाफोड़

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- पांच तस्कर गिरफ्तार, नौ करोड़ की नशीली गोलियां बरामद

दिल्ली पुलिस ने ब्रिटेन से कथित तौर पर जुड़े एक अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया है और नौ करोड़ रुपये मूल्य की 18 लाख से अधिक मनःप्रभावी गोलियां जब्त की हैं। दिल्ली पुलिस ने सोमवार को एक बयान में कहा कि इस मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है और जांच में एक संगठित दवा तस्करी गिरोह का पता चला जो लॉजिस्टिक कंपनियों, कूरियर सेवाओं और निर्यात के सामान के जरिए प्रतिबंधित दवाइयों को विदेश भेजता था।

अपराध शाखा के पुलिस उपायुक्त विक्रम सिंह ने एक बयान में कहा कि यह मामला पिछले साल सात अक्टूबर का है, जब अपराध शाखा की एक टीम ने विशेष सूचना के आधार पर सरिता विहार में जाल बिछाया था और मोहम्मद आबिद (50) को गिरफ्तार किया और उसके पास से 14.472 किलोग्राम वजन की ट्रामाडोल हाइड्रोक्लोराइड की 54,000 गोलियां बरामद कीं। प्राथमिकी दर्ज कर आगे की जांच शुरू की गई तो पूछताछ के दौरान पुलिस को गिरोह की आपूर्ति श्रृंखला के बारे में पता चला। आबिद ने बताया कि वह ये गोलियां अपने रिश्तेदार के दामाद जावेद खान से लेता था। अधिकारी ने बताया कि खान को 30 अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ के दौरान, उसने समाल्का स्थित प्रहलाद लॉजिस्टिक्स के मालिक सुनील कुमार का नाम लिया। सुनील कुमार को पिछले साल दो नवंबर को गिरफ्तार कर लिया गया और उसने विष्णु दत्त शर्मा का नाम आपूर्तिकर्ता के रूप में बताया। निर्यातक के रूप में काम करने वाले विष्णु दत्त शर्मा को भी दो नवंबर को गिरफ्तार कर लिया और उसने विकास सिंह उर्फ ईश्वर सिंह और टीसी सेदाना से अपने संबंधों का खुलासा किया। विकास सिंह को छह नवंबर को गिरफ्तार किया गया था। एक अन्य सहयोगी, नौशाद उर्फ बबलू को भगोड़ा घोषित करने की प्रक्रिया चल रही है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन


**मेष** — आज परिवार में सदस्यों के बीच प्रेम भाव बढ़ेगा। आर्थिक तंगी दूर होगी। नियमों की अनदेखी से आपको जुर्माना भरना पड़ सकता है।


**तुला** — आज मन में अज्ञात भय सताएगा। महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स में धीमापन रहेगा। अच्छे मित्रों के साथ संबंध खराब न होने दें।


**वृष** — आज आपकी दिनचर्या अनुशासित रहेगी। किसी बड़ी समस्या का अंत हो सकता है। आपके संतुलित विचारों की लोग प्रशंसा करेंगे।


**वृश्चिक** — आज आपकी पुराने दोस्तों के साथ मुलाकात होगी। आय में वृद्धि होने के प्रबल योग हैं। नई संपत्ति खरीद सकते हैं।


**मिथुन** — आज आपके खर्चे बढ़ सकते हैं। विवादित मामलों को अधिक न बढ़ने दें। आपकी कार्यकुशलता में लोग सवाल उठाएंगे।


**धनु** — आज घरेलू कार्य आपको स्थगित करने पड़ सकते हैं। दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप न करें। समस्याओं का मुकाबला साहसपूर्वक करेंगे।


**कर्क** — आज व्यावसायिक यात्रा से आपको लाभ प्राप्त होगा। आत्मविश्वास के साथ आप आगे बढ़ें। प्रेम-प्रसंग को आप अत्यधिक महत्व देंगे।


**मकर** — आज भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। रुका हुआ काम होने से मन प्रसन्न होगा।


**सिंह** — आज उच्च अधिकारियों से आपको दिशानिर्देश मिलेंगे। आरोप-प्रत्यारोप से बचना चाहिए। आपकी आलोचना हो सकती है।


**कुंभ** — आज वैवाहिक प्रस्तावों को लेकर जल्दबाजी न करें। स्वच्छता का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में राजनीति का शिकार हो सकते हैं।


**कन्या** — आज आपकी दिन की शुरुआत अच्छी होगी। विदेश यात्रा की संभावना बन रही है। नया रोजगार आप शुरू कर सकते हैं।


**मीन** — आज कमीशन संबंधी व्यवसाय से लाभ प्राप्त होगा। बच्चे पढ़ाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। अनुभवी व्यक्तियों का मार्गदर्शन मिलेगा।

# एनएचआरसी ने बंधक मामले में विदेश मंत्रालय ने पूछी राय

**भुवनेश्वर, एजेंसी**

- थाईलैंड में भारतीय श्रमिकों को बंधक रखने का मामला

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने थाईलैंड में एक नियोक्ता द्वारा बंदी बनाए गए ओडिशा के छह श्रमिकों के संबंध में विदेश मंत्रालय की राय पूछी है। सोमवार को यहां जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई। आयोग ने एक खबर पर स्वतः संज्ञान लिया कि केंद्रपाड़ा और भद्रक जिलों के छह लोगों को पिछले छह महीने से थाईलैंड में बैंकॉक के पास एक इलाके में नियोक्ता द्वारा प्रताड़ित किया गया।

यह घटना 17 फरवरी को तब सामने आई जब पीड़ितों ने अपनी दुर्दशा का वर्णन करते हुए एक वीडियो रिकॉर्ड किया। आरोप के अनुसार, उन्हें एक कारखाने के अंदर कैद कर दिया गया और उनके नियोक्ता द्वारा शारीरिक, साथ ही, मानसिक यातना दी गई। बयान में कहा गया कि आयोग ने पाया है कि समाचार की सामग्री, यदि सच है, तो यह पीड़ितों के मानवाधिकारों के उल्लंघन का गंभीर मुद्दा उठाती है। इसलिए, उसने विदेश मंत्रालय से टिप्पणी करने को कहा है कि क्या वे पीड़ितों के परिवारों को कोई सहायता प्रदान कर सकते हैं। प्रतिक्रिया एक सप्ताह के भीतर अपेक्षित है। पीड़ित अगस्त 2025 में एक ठेकेदार के माध्यम से थाईलैंड गए थे, जिसने उन्हें अच्छे वेतन के साथ अच्छी नौकरी दिलाने का वादा किया था।

**भारत की बढ़ी प्रतिष्ठा** | **फरहान अख्तर निर्मित फिल्म को बाल एवं पारिवारिक श्रेणी में मिला सम्मान**

# मणिपुरी फिल्म बूंग ने जीता बाफ्टा पुरस्कार

- मणिपुरी पृष्ठभूमि पर निर्मित है हास्य-ड्रामा पर आधारित फिल्म

**लंदन, एजेंसी**

फरहान अख्तर के एक्सेल एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित एक अलग अंदाज वाली मणिपुरी पृष्ठभूमि की हास्य-ड्रामा फिल्म 'बूंग' ने रविवार को लंदन में सर्वश्रेष्ठ बाल और पारिवारिक फिल्म की श्रेणी में प्रतिष्ठित बाफ्टा पुरस्कार जीता। इस फिल्म से निर्देशन के क्षेत्र में पहली बार हाथ आजमा रही लक्ष्मीप्रिया देवी ने पुरस्कार स्वीकार करते हुए मणिपुर में शांति के लिए भावुक अपील की।

उन्हें यह पुरस्कार पैडिंगटन द म्यूजिकल के मुख्य किरदार पैडिंगटन बियर से मिला। उनके साथ निर्माता फरहान अख्तर, रितेश सिधवानी और सहायक निर्देशक राहुल शारदा मौजूद थे। देवी ने कहा, यहां तक पहुंचना उस पहाड़ की चोटी पर पहुंचने जैसा लगा, जिसे चढ़ने के बारे में हमें पहले पता ही नहीं था। उन्होंने कामना की कि मणिपुर में शांति लौटे और विस्थापित बच्चों, जिनमें फिल्म के बाल कलाकार भी शामिल हैं, को फिर से उनकी खुशी मिलें। गुगुन किपगेन और बाला हिजाम अभिनीत इस फिल्म ने लिलो एंड स्टिच, आर्को और जूट्रोपोलिस 2 जैसी फिल्मों को पीछे छोड़कर यह प्रतिष्ठित खिताब हासिल किया। बाफ्टा पुरस्कार के 2026 संस्करण का आयोजन थेम्स नदी के किनारे रॉयल फेस्टिवल हॉल में किया गया।



फिल्म बूंग के लिए पुरस्कार प्राप्त करते एलन मैकएलेक्स, फरहान अख्तर, पैडिंगटन बेयर, लक्ष्मीप्रिया और रितेश सिधवानी।

### मोदी ने कलाकारों को दी बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्रिटिश एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन आर्ट्स (बाफ्टा) के ईई बाफ्टा फिल्म पुरस्कारों की बाल और पारिवारिक श्रेणी में मणिपुरी फिल्म 'बूंग' को पुरस्कार मिलने पर इस फिल्म से जुड़े सभी लोगों को बधाई दी है।

### आज का पंचांग

-पं. मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 24 फरवरी, मंगलवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, सप्तमी 07.01 तक तत्पश्चात अष्टमी 25 फरवरी 04.51 तक तत्पश्चात नवमी।

**दिशाशूल**- उत्तर, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
**ताराबल**- भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- कृत्तिका 15.07 तक तत्पश्चात रोहिणी।

### सुडोकू -71

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | 7 | 6 | | | 8 |
| | | 9 | 5 | | | | 1 | |
| | 2 | | | 1 | | 6 | | |
| 2 | | 7 | | 8 | | | | |
| | | 5 | | | | 1 | | 9 |
| | | | | 9 | | 2 | | 7 |
| | | 3 | | 2 | | | 4 | |
| | 7 | | | | 3 | 5 | | |
| 6 | 1 | | 9 | 5 | | 8 | | |

### सुडोकू - 70 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 8 | 4 | 9 | 7 | 3 | 1 | 6 |
| 3 | 4 | 9 | 1 | 6 | 2 | 8 | 5 | 7 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 | 2 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 5 | 7 | 3 | 2 | 8 | 4 |
| 4 | 8 | 2 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 | 5 |
| 7 | 3 | 5 | 2 | 8 | 4 | 6 | 9 | 1 |
| 8 | 9 | 4 | 7 | 3 | 1 | 5 | 6 | 2 |
| 1 | 5 | 7 | 8 | 2 | 6 | 9 | 4 | 3 |
| 2 | 6 | 3 | 9 | 4 | 5 | 1 | 7 | 8 |



स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को बेअसर साबित करने के लिए बस शांत दिमाग, सीमित मूवमेंट और मजबूत इरादे की जरूरत थी। अगर वह खराब गेंद डालता है तो हम उसे दूर खेल सकें। गेंद ज्यादा स्पिन भी नहीं हो रही थी तो यह सही रणनीति थी।

–डेविड मिलर



## सुपर–8 में आज

| टीम | समय |
|---|---|
| इंग्लैंड–पाकिस्तान | शाम 7 बजे |

## हाईलाइट

### जर्मन ओपन में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे श्रीकांत-तन्वी

**मुल्हेम आन डेर रुर (जर्मनी)।** अनुभवी बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत और विश्व जूनियर चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता तन्वी शर्मा मंगलवार से यहां शुरू हो रहे जर्मन ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट में भारत की चुनौती की अगुआई करेंगे। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत ने पिछले सत्र में मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 और सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय सुपर 300 में उप विजेता रहते हुए अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन खिताब जीतने में नाकाम रहे। महिला एकल विश्व रैंकिंग में 40वें स्थान पर काबिज 16 साल की तन्वी पहले दौर में मलेशिया की वोंग लिंग चिंग से भिड़ेंगी।

### कीनिया ओपन में 48वें पर रहे शुभंकर

**नैरोबी।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा ने अंतिम दौर में तीन अंडर 67 का शानदार स्कोर बनाकर यहां मैजिकल कीनिया ओपन में संयुक्त 48वां स्थान हासिल किया। भारत के एक अन्य खिलाड़ी वीर अहलावत (69) संयुक्त 53वें स्थान पर रहे। टूर्नामेंट में भाग लेने वाले तीसरे भारतीय खिलाड़ी युवराज संधू कट में जगह बनाने से चूक गए थे। दक्षिण अफ्रीका के केसी जार्विस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना पहला डीपी वर्ल्ड टूर खिताब जीता। उन्होंने अपने साथी खिलाड़ी डेविस ब्रायंट को पीछे छोड़ा। शर्मा ने 10वें होल से शुरुआत करते हुए अपने पहले नौ होल में एक बोगी के मुकाबले चार बर्डी लगाईं।

### पीएचएफ के अध्यक्ष ने नई समिति नियुक्त की

**लाहौर।** पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) के अंतरिम अध्यक्ष ने राष्ट्रीय टीम के चयनकर्ताओं और कोचिंग स्टाफ को बर्खास्त करके एक नई समिति गठित की है। एफआईएच प्रो लीग के लिए पुरुषों की टीम के हाल के ऑस्ट्रेलिया दौरे से जुड़े विवाद ने पीएचएफ के कुप्रबंधन को उजागर किया था। पाकिस्तान की राष्ट्रीय टीम को कैनबरा पहुंचने पर होटल में प्रवेश करने से रोक दिया गया क्योंकि बकाया बिलों का भुगतान नहीं होने के कारण बुकिंग रद्द कर दी गई थी। खिलाड़ियों को सामान के साथ घंटों तक सड़कों पर भटकना पड़ा था।



शिमरोन हेटमायर।

## वेस्टइंडीज ने दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाया

**मुंबई, एजेंसी**

**टी-20 विश्व कप**

- **जिम्बाब्वे के खिलाफ छह विकेट पर 254 रनों का स्कोर खड़ा किया**
- **शिमरन हेटमायर ने 34 गेंदों में 85 रन ठोक दिए**

शिमरोन हेटमायर और रोवमैन पावेल के अर्धशतक और दोनों के बीच शतकीय साझेदारी से वेस्टइंडीज ने आईसीसी टी20 विश्व कप के सुपर आठ मैच में सोमवार को यहां जिम्बाब्वे के खिलाफ छह विकेट पर 254 रन बनाए जो टूर्नामेंट के इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है।

हेटमायर ने दो जीवनदान का फायदा उठाते हुए अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी के दौरान 34 गेंद में सात छक्कों और इतने ही चौकों से 85 रन की पारी खेलने के अलावा रोवमैन पावेल (59 रन, 35 गेंद, चार चौके, चार छक्के) के साथ तीसरे विकेट के लिए 52 गेंद में 122 रन की साझेदारी करके वेस्टइंडीज को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। शेरफेन रदरफोर्ड ने भी 13 गेंद में दो छक्कों और तीन चौकों से नाबाद 31 रन की तेजतर्रार पारी खेली। जिम्बाब्वे की ओर से रिचर्ड नगारवा और ब्लेसिंग मुजरबानी ने क्रमशः 47 और 42 रन देकर दो-दो विकेट चटकाए। कप्तान सिकंदर रजा ने तीन ओवर में 52 रन लुटाए। रजा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया जिसके बाद वेस्टइंडीज ने पावर प्ले में दो विकेट पर 55 रन बनाए। वेस्टइंडीज ने तीसरे ओवर में ब्रेंडन किंग (09) का विकेट गंवाया जिन्होंने नगारवा की गेंद पर ताशिंगा मुसेकिवा को कैच थमाया। हेटमायर ने नगारवा पर चौके से खाता खोला जबकि मुजरबानी की गेंद को भी बाउंड्री के दर्शन कराए। उन्होंने नगारवा के अगले ओवर में भी लगातार दो चौके जड़े। सलामी बल्लेबाज शाई होप (14) ने ब्रेड इवान्स पर चौका मारा लेकिन अगली गेंद पर ब्रायन बेनेट ने उनका शानदार कैच लपका। हेटमायर ने ग्रीम क्रेमर का स्वागत लगातार दो छक्कों के साथ किया और फिर रजा पर तीन छक्कों के साथ सिर्फ 19 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। हेटमायर ने रजा के अगले ओवर में छक्के के साथ 10वें ओवर में टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया।

# खराब फॉर्म से जूझ रहे एक बल्लेबाज को बाहर कर सकती है भारतीय टीम

## दक्षिण अफ्रीका से हार के बाद चिंता बढ़ी, अगले दोनों मैच बड़े अंतर से जीतने होंगे

**अहमदाबाद, एजेंसी**

भारतीय टीम प्रबंधन खराब फॉर्म में चल रहे तीन में से कम से कम एक बल्लेबाज को बाहर कर सकता है, जबकि शीर्षक्रम में कई खब्बू बल्लेबाजों को उतारने की अपनी रणनीति की भी समीक्षा करेगा। मुख्य कोच गौतम गंभीर के सहयोगी रियान टेन डोइशे और सितांशु कोटक ने यह संकेत दिए।

दक्षिण अफ्रीका ने टी-20 विश्व कप सुपर आठ मुकाबले में भारत को 76 रन से हराया। अब भारत को अगले दोनों मैच जीतने होंगे लिहाजा टीम प्रबंधन को अभिषेक शर्मा (चार मैचों में 15 रन) और तिलक वर्मा ( पांच मैचों में 107 रन ) के प्रदर्शन पर विचार करना होगा। रिंकू सिंह भी फिनिशर की भूमिका नहीं निभा सके हैं और 29 गेंदों में 82. 75 की स्ट्राइक रेट से 24 रन बनाये हैं।

बल्लेबाजी कोच कोटक ने कहा अगर मुख्य कोच और टीम प्रबंधन को लगता है कि हमें कुछ अलग करना होगा तो हम करेंगे। अब इस पर विचार हो रहा है कि अगर हमें बदलाव करना है तो वह क्या होगा और कैसे होगा। उन्होंने कहा अब हम ऐसे मुकाम पर पहुंच गए हैं, कि हमें यह सोचना होगा कि कुछ अलग करना है या उसी संयोजन से काम करना है। वहीं टेन डोइशे ने स्वीकार किया कि टीम में बैकअप में विशेषज्ञ बल्लेबाजों का अभाव चिंता का विषय है। उन्होंने कहा या तो आप उन्हीं खिलाड़ियों को चुनते हैं जो आपको लगता है कि पिछले डेढ़ साल में अच्छा खेल रहे हैं, भले ही अभी रन नहीं बना पा रहे हैं। या फिर बदलाव करके संजू सैमसन को लाते हैं जो शानदार खिलाड़ी है और शीर्षक्रम में दाहिने हाथ का बल्लेबाज होने से भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा अगले दो अहम मैचों से पहले सैमसन को शामिल करने के बारे में अगले कुछ दिन में बात की जाएगी। अभिषेक और तिलक का फॉर्म टीम के लिये चिंता का विषय है। उन्होंने कहा मैं अभि या तिलक के लिये बहाना नहीं बनाऊंगा। उन्हें बहानों की जरूरत नहीं है। मुझे लगता है कि पेट के संक्रमण से अभिषेक की तैयारियों पर काफी असर पड़ा है और वह वैसे नहीं खेल पा रहा, जैसे खेलना चाहिये था। यह पूछने पर कि उसे क्या सलाह देंगे, कोटक ने कहा बल्लेबाजी कोच होने के नाते मेरा मानना है कि उसे जरूरत से ज्यादा सलाह देने की बजाय उसके दिमाग को व्यवस्थित रहने दें। दो दिन में आप कुछ बदल नहीं सकते बल्कि जरूरत से ज्यादा सलाह देने से उसका आत्मविश्वास हिल सकता है। उसे अभी गेंद को देखकर अपनी पारी को बेहतर बनाना होगा।



भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव, अभिषेक शर्मा और ईशान किशन।

### अक्षर पटेल को बाहर रखने के फैसले को टेन डोइशे ने रणनीतिक बताया

**अहमदाबाद।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी–20 विश्व कप के सुपर आठ मुकाबले में उपकप्तान अक्षर पटेल को बाहर रखने के फैसले की काफी आलोचना हो रही है, लेकिन भारतीय टीम के सहायक कोच रियान टेन डोइशे और बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने कहा कि यह फैसला पूरी तरह से रणनीतिक कारणों से लिया गया। दक्षिण अफ्रीका ने भारत को 76 रन से हराया और वॉशिंगटन सुंदर बल्ले तथा गेंद दोनों से फ्लॉप रहे जिन्हें अक्षर की जगह उतारा गया था। टेन डोइशे ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा हमने पिछले कुछ दिन में अंतिम एकादश पर काफी मंथन किया। हम मैच अप पर विचार कर रहे थे। वैसे अक्षर को उतारने का फैसला सही लग रहा था, लेकिन हमें आठवें बल्लेबाज के रूप में अक्षर की जरूरत थी। यह फैसला उसी आधार पर लिया गया। उन्होंने कहा



अक्षर की नेतृत्व क्षमता और अहमियत हम सभी जानते हैं। इस फैसले का मतलब उसे कमतर आंकना बिल्कुल नहीं है। बल्लेबाजी कोच कोटक ने कहा कि अक्षर को मुख्य कोच गौतम गंभीर और कप्तान सूर्यकुमार यादव ने इस फैसले के बारे में अच्छी तरह समझाया था। उन्होंने आईसीसी मिश्रित जोन में कहा सूर्या और गौतम दोनों ने इस फैसले के बारे में अक्षर से बात की थी। वॉशिंगटन को खिलाने का यही कारण था कि उनके शीर्ष पांच में तीन खब्बू बल्लेबाज थे और हमें लगा कि एक आफ स्पिनर को खेलना चाहिए।

## भारत को परिस्थितियों के अनुसार खेलना चाहिए

**अहमदाबाद, एजेंसी**



- **पूर्व दिग्गज बल्लेबाज गावस्कर ने अति आत्मविश्वास और अहंकार को त्यागने की दी सलाह**

अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर का मानना है कि भारत को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले गए टी-20 विश्व कप के मैच से सबक लेकर अपने अहं का त्याग करना चाहिए और अति आत्मविश्वास के साथ मैदान पर उतरकर हर गेंद को बाउंड्री के बाहर भेजने के बजाय परिस्थितियों के अनुसार खेलना चाहिए।

गावस्कर ने जिओ स्टार से कहा भारतीय बल्लेबाजों को ब्रेविस और मिलर की साझेदारी से सीख लेकर इस तरह का दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत थी। भारतीय बल्लेबाजों ने ऐसा नहीं किया। वे अति आत्मविश्वास के साथ उतरे, हर गेंद पर बल्ला चलाया और विकेट गंवा दिए। दक्षिण अफ्रीका खेल के हर विभाग में भारत से अव्वल साबित हुआ। दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी और एक समय उसका स्कोर तीन विकेट पर 20 रन था, लेकिन इसके बाद मिलर और ब्रेविस ने 97 रन की साझेदारी की जिससे दक्षिण अफ्रीका सात विकेट पर 187 रन बनाने में सफल रहा। इसके जवाब में भारतीय टीम 18.5 ओवर में 111 रन पर आउट हो गई।

गावस्कर ने कहा भारत ने दक्षिण अफ्रीका से कोई सबक नहीं लिया। भारतीय बल्लेबाज क्रीज पर उतर कर हर गेंद को बाउंड्री लाइन के बाहर पहुंचाने का प्रयास कर रहे थे। टी-20 क्रिकेट ऐसे नहीं खेला जाता। उन्होंने कहा आपको विपक्षी टीम से सीख लेनी चाहिए थी। अगर उन्होंने इस तरह की मुश्किल पिच पर अच्छा स्कोर किया है तो आपको अपना अहं त्यागकर उनकी पारी का विश्लेषण करना चाहिए था और परिस्थितियों के अनुसार बल्लेबाजी करनी चाहिए थी।''''

भारत ने पावर प्ले के अंदर अपने शीर्ष तीन बल्लेबाजों ईशान किशन (00), अभिषेक शर्मा (15) और तिलक वर्मा (01) के विकेट गंवा दिये थे। गावस्कर ने कहा तिलक वर्मा बेहद चतुर बल्लेबाज है लेकिन इस मैच में उनके खेलने के तरीके से मैं निराश था। तिलक को क्रीज पर कुछ समय बिताना चाहिए था। उन्हें साझेदारी निभाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए था। भारत का अगला मुकाबला जिंबॉब्वे से होगा और गावस्कर ने कहा कि वह अक्षर पटेल को अंतिम एकादश में देखना चाहते हैं।



इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम, सेलेक्टर ल्यूक राइट व कप्तान हैरी ब्रूक।

## इंग्लैंड–पाक मैच में स्पिनरों पर फोकस

**पल्लेकल, एजेंसी**

- **इंग्लैंड की टीम अभी तक नहीं कर सकी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन**
- **पाकिस्तान का पहला मुकाबला धुल चुका है बारिश से**

धीमे गेंदबाजों की मददगार पिच पर इंग्लैंड और पाकिस्तान की टीमें टी-20 विश्व कप के सुपर आठ मुकाबले में मंगलवार को जब आमने सामने होंगी तो फोकस स्पिन गेंदबाजों पर रहेगा।

इंग्लैंड की टीम अभी तक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सकी है, लेकिन दो बार की चैम्पियन टीम जीत की राह पर लौटी है। सुपर आठ चरण के पहले मैच में श्रीलंका को 51 रन से हराया, जिससे उसका नेट रनरेट भी बेहतर हुआ है और वह तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। श्रीलंका के खिलाफ कम स्कोर का बचाव करते हुए इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने हालात के अनुरूप खेला। उसके स्पिनरों ने अपने काम को बखूबी अंजाम दिया जबकि तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर भी उपयोगी रहे।

लेग स्पिनर आदिल रशीद और बायें हाथ के स्पिनर लियाम डॉसन को भी विकेट मिले । विल जैक्स ने अच्छी आफ स्पिन गेंदबाजी के अलावा जरूरत पड़ने पर उपयोगी पारियां भी खेली है और कई बार इंग्लैंड को संकट से निकाला।

दूसरी ओर पाकिस्तान का न्यूजीलैंड के खिलाफ पहला सुपर आठ मैच बारिश में धुल गया जिससे अब उसे दोनों मैच जीतने होंगे ।उसके पास उस्मान तारिक, सईम अयूब, अबरार अहमद, शादाब खान और मोहम्मद नवाज जैसे अच्छे स्पिनर हैं। बल्लेबाजी हालांकि चिंता का सबब है , खासकर अच्छे स्पिनरों के खिलाफ वे टिक नहीं पा रहे।

### जीत का जश्न



लंदन में इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल मैच जीतने का जश्न मनाते आर्सनल के खिलाड़ी। टीम ने टोटेनहम हॉटस्पर को 4–1 से हराकर खिताब की दौड़ में फिर से जान फूंक दी। एजेंसी

## पहले वनडे में महिला टीम की नजरें ऑस्ट्रेलिया को फिर हराने पर

**ब्रिसबेन, एजेंसी**

- **सुबह 9:20 बजे से शुरू होगा मुकाबला**
- **विश्व कप के सेमीफाइनल हराया था कीवी टीम को**

टी-20 सीरीज जीत चुकी मौजूदा विश्व चैम्पियन भारतीय टीम तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के पहले मैच में मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया से खेलेगी तो उसे मनोवैज्ञानिक बढ़त हासिल होगी। भारत ने पिछले साल नवी मुंबई में विश्व कप सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराया था।

यह श्रृंखला इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि ऑस्ट्रेलिया की महानतम खिलाड़ियों में से एक एलिसा हीली इसके बाद वनडे प्रारूप से विदा लेने जा रही हैं । भारत के खिलाफ छह मार्च से पर्थ में शुरू हो रहा टेस्ट उनके कैरियर का आखिरी मैच होगा। तीन मैचों की टी20 श्रृंखला से बाहर रहने के बाद हीली की वापसी हुई है । भारत ने सीरीज 2-1 से जीती जो पिछले एक दशक में



इस प्रारूप में आस्ट्रेलिया में सीरीज में उसकी पहली जीत थी। स्टार लेग स्पिनर अलाना किंग भी वनडे और टेस्ट टीम में लौटी हैं। भारत के लिए काशवी गौतम, हरलीन देयोल और प्रतिका रावल टीम में अरूंधति रेड्डी, भारती फुलमाली और श्रेयांका पाटिल की जगह आई हैं।

**टीम**

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, रेणुका ठाकुर, श्रीचरणी, वैष्णवी शर्मा, क्रांति गौड़, स्नेह राणा, दीप्ति शर्मा, रिचा घोष, उमा छेत्री, प्रतिका रावल, अमनजोत कौर, जेमिमा रौड्रिग्स, काशवी गौतम , हरलीन देयोल।

**आस्ट्रेलिया :** एलिसा हीली (कप्तान ), सोफी मोलिनू, डार्सी ब्राउन, निकोला कारी, एशले गार्डनर, किम गार्थ, अलाना किंग, फीबी लिचफील्ड, बेथ मूनी, ताहलिया मैकग्रा, एलिसे पैरी, अनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहैम।

**रणजी ट्रॉफी फाइनल**

आत्मविश्वास से भरी जम्मू–कश्मीर टीम आज से पेश करेगी चुनौती

## सितारों से भरे कर्नाटक का सामना जम्मू–कश्मीर से

**हुब्बली, एजेंसी**

पहली बार रणजी ट्रॉफी फाइनल में पहुंची जम्मू-कश्मीर की कहानी लगन और जुझारूपन की मिसाल है लेकिन खिताब जीतने के लिएइस छिपी रूस्तम टीम को अगले पांच दिन में आठ बार की चैम्पियन कर्नाटक के खिलाफ चमत्कारिक प्रदर्शन करना होगा।

कर्नाटक को उसके अतीत के प्रदर्शन के कारण ही प्रबल दावेदार नहीं माना जा रहा बल्कि इस सत्र में उसने समय समय पर प्रमुख खिलाड़ियों की चोटों से जूझने के बावजूद अलग अलग हालात में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। राजकोट में सौराष्ट्र के खिलाफ पहले मुकाबले में खराब शुरूआत के बाद से कर्नाटक ने अपने मैदान पर और बाहर दमदार प्रदर्शन किया है । उसके स्टार बल्लेबाजों



केएल राहुल, करूण नायर, देवदत्त पडिक्कल और रविचंद्रन स्मरण ने इस कामयाबी की कहानी लिखी है।

राहुल ने तीन मैचों में 457 रन, करूण ने आठ मैचों में 699 रन , पडिक्कल ने पांच मैचों में 532 रन और स्मरण ने आठ मैचों में 950 रन बनाये हैं। इससे कर्नाटक को कप्तानी में बदलाव से सामंजस्य बिठाने में भी मदद मिली। मयंक अग्रवाल की जगह पडिक्कल ने टीम की कमान संभाली और बल्लेबाजी तथा कप्तानी दोनों में खरे उतरे। इस मजबूत बल्लेबाजी क्रम का सामना हालांकि तेज गेंदबाज आकिब नबी की अगुवाई में जम्मू कश्मीर के बेहतरीन गेंदबाजों से होगा। जम्मू कश्मीर ने 67 साल पहले रणजी ट्रॉफी में पदार्पण के बाद पहली बार फाइनल में प्रवेश किया है।

नबी ने इस सत्र में 55 विकेट लिये हैं और यहां पर भी पिच से शुरूआत में तेज गेंदबाजों को मदद मिलने की उम्मीद है। वैसे कर्नाटक के पास भी शानदार गेंदबाजी आक्रमण है जिसकी अगुवाई भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा करेंगे।

### कर्नाटक के कप्तान पडिक्कल को बल्लेबाजों पर भरोसा

**एजेंसी।** कर्नाटक के कप्तान देवदत्त पडिक्कल को भरोसा है कि जम्मू कश्मीर के खिलाफ मंगलवार से यहां शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी फाइनल में उनके बल्लेबाज अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखेंगे। देवदत्त के अलावा कर्नाटक की तरफ से केएल राहुल, करूण नायर और आर स्मरण ने इस सत्र में शानदार प्रदर्शन किया है, जिससे उनकी टीम फाइनल में पहुंचने में सफल रही। देवदत्त ने सोमवार को यहां रणजी ट्रॉफी फाइनल की पूर्व संध्या पर पत्रकारों से कहा एक टीम के रूप में हम सभी इस फाइनल मैच के लिए तैयार हैं। हमारी टीम को बड़े मैचों में खेलने का अनुभव है और उसके पास अच्छा कौशल है। इसलिए उम्मीद है कि हमारा अनुभव हमारे लिए काफी उपयोगी साबित होगा। उन्होंने कहा हमारी टीम में केएल राहुल, मयंक, करूण जैसे अन्य अंतर्राष्ट्रीय बल्लेबाज भी हैं। ये सभी अनुभवी हैं और वे अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। कर्नाटक के बल्लेबाजों ने उत्तराखंड के खिलाफ लखनऊ में खेले गए सेमीफाइनल में दो पारियों में 1000 से अधिक रन बनाकर अपनी क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया था। देवदत्त ने कहा कि उनकी टीम को उस प्रदर्शन से आत्मविश्वास मिला है। उन्होंने कहा एक मैच में 1000 से अधिक रन बनाना हर किसी के लिए आत्मविश्वास बढ़ाने वाली बात है। इस तरह के शानदार प्रदर्शन से केवल बल्लेबाजों का ही नहीं बल्कि गेंदबाजों का भी आत्मविश्वास बढ़ता है।